CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26° C
न्यूनतम : 23° C

नई दिल्ली, बुधवार 30 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 118 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले केंद्र सरकार: प्रियंका गांधी पेज 2



सात्विक-चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर शामिल खेल टाइम्स



दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी सम्पादकीय



नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन पेज़ 12

### विपक्ष अखबारों की सुर्खियों में जगह बना सकता है, लेकिन लोगों के दिलों में नहीं

# ऑपरेशन सिंदूर: मोदी ने विपक्ष को खूब किया लाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से रोका नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे। क्वाड, ब्रिक्स, फ्रांस, रूस, जर्मनी समेत तमाम देश दुनियाभर से भारत को समर्थन मिला। लेकिन देश के वीरों के पराक्रम को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला।

22 अप्रैल के बाद तीन-चार दिन में ही ये उछल रहे थे। कहने लगे कि कहां गया मोदी? मोदी फेल हो गया। बड़ा मजा ले रहे थे। उनको पहलगाम के निर्दोष लोगों की हत्या में राजनीति दिख रही थी। अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए मुझ पर निशाना साधा रहे थे। उनकी बयानबाजी और छिछोरापन देश के सुरक्षा बलों का मनोबल गिरा रहा था। कांग्रेस के नेताओं को न भारत के सामर्थ्य पर भरोसा है और न सेना पर। इसलिए वे ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसा करके वे देशवासियों के दिल में जगह नहीं बना सकते। पीएम मोदी ने कहा कि नेवी, आर्मी, वायुसेना तीनों के संयुक्त प्रयास ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए। पहले आतंकियों के मास्टरमाइंड निश्चिंत रहते थे। अब स्थिति बदल गई है। अब हमले के बाद उनको नींद नहीं आती। उनको पता है कि भारत आएगा और मारकर जाएगा। ये न्यू नॉर्मल भारत ने सेट कर दिया है। दुनिया ने देख लिया कि हमारी कार्रवाई का दायरा कितना बड़ा है। सिंदूर से लेकर सिंधु तक पाकिस्तान पर कार्रवाई की -शेष पृष्ठ दो पर



**कहा: दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से नहीं रोका**

**संरा के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे**

### पहलगाम हमले के आतंकी मुठभेड़ में मारे गए: शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में घोषणा की कि पहलगाम आतंकी घटना को अंजाम देने वाले तीनों आतंकी सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। श्री शाह ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि ऑपरेशन महादेव के दौरान सोमवार को पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकी सुलेमान उर्फ फैसल, अफगान और जिब्रान सैन्य बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। सुलेमान आतंकी संगठन लश्कर का ए श्रेणी आतंकी और तथाकथित कमांडर था। अफगान और जिब्रान भी लश्कर ए तैयबा से जुड़े हुए ए श्रेणी के आतंकवादी थे।

### राज्यसभा में नड्डा के बिगड़े बोल, खड़गे से माफी मांगी



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांगनी पड़ी। दरअसल हुआ यह कि विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बहस की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के लिए कौन जिम्मेदार है, वह कुर्सी खाली करें। अगर कोई जिम्मेदार नहीं है, तो पीएम जवाब दें। इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि उन्होंने (खड़गे) प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की है, उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। 11 साल से उनको वहां बैठाए रखा है। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) दुनिया के -शेष पृष्ठ दो पर

# एआई के सहारे फर्जी फैसले कोर्ट में रखे जा रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस राजेश बिंदल ने कहा है कि भारत और अमेरिका में कुछ युवा वकील एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स से कोर्ट के फर्जी फैसले खोज कर अदालत में पेश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार युवा वकील एआई पर सिर्फ दो-तीन शब्द डालकर सर्च करते हैं और जो भी फैसला सामने आता है, उसे कोर्ट में दिखा देते हैं। कई बार वो फैसला गलत होता है, अल्पमत (मतभेद वाले जज का) होता है या फिर एआई ने खुद से कोई नया फर्जी जजमेंट बना दिया होता है। जस्टिस बिंदल सोमवार को ऑल इंडिया सीनियर लॉयर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किए गए चार नए जजों जस्टिस जॉयमाल्य बागची, निलय वी. अंजारिया, विजय बिश्नोई और अतुल एस. चंदुरकर का सम्मान किया गया। मंच पर राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन, वरिष्ठ अधिवक्ता अदीश अग्रवाल और पितांबरी आचार्य भी थे। जस्टिस बिंदल बोले-जजमेंट के पीछे युवा वकीलों की रिसर्च होती है जस्टिस राजेश बिंदल कहा कि जज भले ही फैसले देते हैं, लेकिन उसके पीछे असली मेहनत युवा वकीलों की रिसर्च और सीनियर वकीलों की दलीलों की होती है। इस मौके पर बोलते हुए सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन ने बताया कि उन्होंने संसद में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है, जिसमें जजों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का प्रस्ताव है।

**सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- युवा वकील इससे सावधान रहें, सीनियर अधिवक्ता उन्हें समझाएं**



### विधानसभा से पास बिल को राष्ट्रपति व राज्यपाल की मंजूरी कब तक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने संबंधी राष्ट्रपति के संदर्भ की जांच 19 अगस्त से शुरू की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने सुनवाई की तारीखें तय करते हुए सभी पक्षों से 12 अगस्त तक लिखित दलीलें पेश करने को कहा। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत शुरुआत में केरल, तमिलनाडु और अन्य की सुनवाई करने की विचारणीयता के मुद्दे पर दलीलें सुनेगी। शीर्ष अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को दलीलें पेश करने के लिए चार-चार दिन का समय देने के सुझाव पर सहमति जताई। पीठ ने कहा कि शुरुआत में हम प्रारंभिक आपत्ति पर एक घंटे तक पक्षकारों की सुनवाई करेंगे।

### आठ अतिरिक्त जजों को स्थायी जज, सात के कार्यकाल बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने आठ अतिरिक्त न्यायाधीश की स्थाई न्यायाधीश पद पर नियुक्ति और सात का कार्यकाल एक साल बढ़ाने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से जारी बयान के मुताबिक कॉलेजियम ने आंध्र प्रदेश, कलकत्ता, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक उच्च न्यायालयों के अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है। बयान में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति हरिनाथ नुनेपल्ली, न्यायमूर्ति किरणमई मांडवा उर्फ किरणमई कनपर्थी, न्यायमूर्ति सुमति जगदम और न्यायमूर्ति न्यापति विजय के नामों की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल और कर्नाटक उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति गुरुसिद्धैया बसवराज के नाम का प्रस्ताव किया गया है।

### चार देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय किए पत्र प्रस्तुत

**नई दिल्ली।** चार देशों डोमिनिकन गणराज्य, तिमोर-लेस्ते, श्रीलंका और गैबोनीज़ गणराज्य के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार इन राजनयिकों ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अपने परिचय पत्र पेश किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में डोमिनिकन गणराज्य के राजदूत फ्रांसिस्को मैनुअल कॉम्प्रेस हर्नांडेज़, तिमोर-लेस्ते लोकतांत्रिक गणराज्य के राजदूत कार्लिटो नून्स, श्रीलंका की उच्चायुक्त सुश्री प्रदीपा महिशिनी और गैबोनीज़ गणराज्य के उच्चायुक्त गाय रोड्रिग डिकाय शामिल थे।

# बिहार में 65 लाख के मताधिकार से वंचित होने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **सुप्रीम कोर्ट ने कहा- वह हस्तक्षेप करेगा**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण में 65 लाख मतदाताओं के मतदाता सूची से बाहर होने की आशंकाओं पर मंगलवार को मौखिक रूप से फिर कहा कि यदि ऐसा हुआ, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की आशंका पर यह आश्वासन दिया। पीठ के समक्ष अधिवक्ता भूषण ने निर्वाचन आयोग के इस बयान का जिक्र कि 65 लाख लोगों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान गणना फॉर्म जमा नहीं किए हैं।

### वडोदरा नाव दुर्घटना पीड़ितों को छह सप्ताह के अंदर अनुग्रह राशि दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के वडोदरा में नाव दुर्घटना पीड़ितों के लिए 1.2 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि छह सप्ताह के भीतर संबंधित परिजनों को तर्कसंगत आधार पर वितरित करने का मंगलवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश देते हुए कहा कि ये राशि 18 जनवरी, 2024 को हुई नाव दुर्घटना में मारे गए 12 बच्चों और 2 शिक्षकों के परिजनों को वितरित की जाए।

### SC कॉलेजियम ने की बॉम्बे और दिल्ली हाईकोर्ट में 4 जजों की नियुक्ति की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने बॉम्बे उच्च न्यायालय में तीन और दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए एक न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत के बयान के मुताबिक बॉम्बे उच्च न्यायालय के लिए अधिवक्ता अजीत भगवानराव कडेथांकर, आरती अरुण साठे और सुशील मनोहर घोडेश्वर को न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार न्यायिक अधिकारी विमल कुमार यादव को पदोन्नत कर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर नियुक्त करने प्रस्ताव किया गया है। बयान में कहा गया है कि कॉलेजियम की 28 जुलाई को हुई बैठक में न्यायाधीशों के नियुक्ति की सिफारिश से संबंधित यह फैसला किया गया।

# हिमाचल में बादल फटा, घरों में घुसा मलबा

**नई दिल्ली।** देशभर में बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एमपी में भोपाल सहित 34 जिलों में भारी बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार देर रात बादल फटा। अब तक 3 लोगों की मौत हो गई और 2 लापता हैं। 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। चंडीगढ़-मनाली और मंडी- जोगेंद्रनगर फोरलेन बंद हो गया है। भूस्खलन और पानी के तेज बहाव से कई घरों में मलबा घुस गया। राजस्थान में भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। चित्तौड़गढ़, झालावाड़, कोटा, पाली व सिरोही में घरों तक में पानी घुस गया है। टोंक- चित्तौड़गढ़ में बारिश से हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई।



### दिल्ली-एनसीआर में रेड अलर्ट जारी, अगले सात दिन बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली- एनसीआर और अन्य राज्यों में अगले सात दिनों में बारिश होने का अनुमान जताया है। दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को मूसलाधार बारिश होने के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया। राजधानी समेत पूरे एनसीआर में मंगलवार सुबह से तेज बारिश होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने दिल्ली में पूरे दिन बारिश रुक-रुक बारिश होने का अनुमान जताया गया, लेकिन जब सुबह बारिश शुरू हुई तो उस समय अधिकतर लोग दफ्तर रवाना हो रहे थे। तेज बारिश के कारण आईटीओ, धौला कुआं, नारायणा, पटेल नगर, विजय चौक, जंगपुरा, आरके पुरम, लाजपत नगर, तालकटोरा रोड, रफी मार्ग, वजीरपुर, भजनपुरा और रोहिणी से लेकर लगभग पूरे दिल्ली के इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया, जिसके कारण लोगों को ऑफिस पहुंचने में काफी दिक्कत हुई।

### उपग्रह निसार का प्रक्षेपण आज

**चेन्नई।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 'इसरो' का 'सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह' 30 जुलाई भारतीय समयानुसार शाम 5:40 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। इस 2,400 किलोग्राम वज़नी उपग्रह को इसरो के जियोसिक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-एफ16 (जीएसएलवी -एफ16) की मदद से आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसरो के अनुसार निसार उपग्रह से जुड़े मिशन को अलग-अलग चरणों में विभाजित किया गया है। 30 जुलाई को प्रक्षेपण चरण के बाद उपग्रह अपने 'तैनाती' चरण में प्रवेश करेगा। इस महत्वपूर्ण चरण में निसार के 12 मीटर व्यास वाले 'रिफ्लेक्टर' को कक्षा में जटिल रूप से 'खोलना' शामिल है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर बहस, थरूर व तिवारी रहे दूर

## मनीष तिवारी ने लिखा-भारत का रहने वाला हूं..., शशि थरूर ने कहा था-मौनव्रत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में चल रही ऑपरेशन सिंदूर पर पार्टी की ओर से न बोलने दिए जाने पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के बाद मनीष तिवारी ने भी नाराजगी जाहिर की है।

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री तिवारी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में एक खबर का स्क्रीनशॉट साझा किया, इसमें बताया गया था कि थरूर और उन्हें क्यों बोलने नहीं दिया गया। तिवारी ने इसके साथ पूरब और पश्चिम फिल्म के देशभक्ति गीत की पंक्तियां लिखी कि भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं। जय हिंद!। वहीं, अपने पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर तिवारी ने मीडिया से कहा कि अगर तुम मेरी चुप्पी नहीं समझ सकते, तो मेरी बातों को कभी नहीं समझ पाओगे। इससे पहले कांग्रेस नेता शशि थरूर सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में शामिल होने के सवाल को टाल गए थे। उन्होंने मीडिया से कहा कि मौनव्रत... मौनव्रत। दरअसल, पहले खबर आ रही थी कि वे संसद की बहस में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने के लिए विदेश की यात्रा पर गए थे। थरूर ने दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजे गए सात डेलिगेशन में से एक का नेतृत्व किया था। वहीं, तिवारी एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले डेलिगेशन में शामिल थे। जब मनीष तिवारी से उनके बयान पर पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि अगर आप मेरी खामोशी नहीं समझते, तो मेरे शब्द भी नहीं समझ पाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के एक सांसद ने कहा कि पार्टी ने जानबूझकर नए सांसदों को मौका दिया, क्योंकि थरूर और तिवारी जैसे नेता विदेश में सरकार के समर्थन में बोल चुके हैं। पार्टी अब चाहती है कि संसद में सरकार की आलोचना हो और विपक्ष की आवाज सामने आए। इसलिए ऐसे नेताओं को चुना गया जो पूरी तरह पार्टी लाइन पर हों। शशि थरूर और मनीष तिवारी जैसे नेता अक्सर अपनी अलग राय रखते हैं। हाल में जब वे विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, तब उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे मुद्दों पर सरकार की तारीफ की थी।



■ **कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश यात्रा के दौरान मोदी सरकार की तारीफ की थी**

# प्रलय मिसाइल के दो लगातार सफल उड़ान परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिछले दो दिनों में प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ये परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट पर डा. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किए गए।

ये उड़ान परीक्षण मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमता को प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन परीक्षणों के एक भाग के रूप में किए गए थे। मिसाइलों ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा करते हुए सटीकता के साथ लक्ष्यों पर निशाना साधा। सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन किया, जिसका सत्यापन एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग सेंसरों द्वारा प्राप्त परीक्षण आंकड़ों का उपयोग करके किया गया। प्रलय स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है, जो विभिन्न लक्ष्यों पर कई प्रकार के आयुध ले जाने में सक्षम है।



**संक्षिप्त समाचार**

### कांग्रेस नेता करेंगे पिपलोदी गांव का दौरा : खड़गे

**नई दिल्ली।** राजस्थान में झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में स्कूल की जर्जर बिल्डिंग गिरने की घटना में सात बच्चों की मौत के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं को वहां जाकर संबंधित पहुलओं की जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार कांग्रेस अनुसूि. चत जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया और राजस्थान प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष बाबूलाल सांखला और अनुसूचित जनजाति विभाग के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा बुधवार को झालावाड़ का दौरा करेंगे। ये नेता पीड़ति परिवारों से मुलाकात करेंगे और अपनी रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंपेंगे।

### सुकमा: मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, दो जवान घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के अंदरुनी इलाके में नक्सलियों की ओर से मनाये जा रहे शहीदी सप्ताह के दौरान पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया जबकि मौके पर बारूदी सुरंग के चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सुकमा जिले के जंगल पहाड़ी क्षेत्रों में माओवादी की उपस्थिति की सूचना पर सोमवार शाम जिला रिजर्व पुलिस बल, स्पेशल टास्क फोर्स, केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान पर निकली थी। मंगलवार सवेरे से पुलिस और नक्सलियों के बीच रूक-रूक गोलीबारी जारी है। बारूदी सुरंग की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए जबकि मुठभेड़ जारी है।

ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा में बोलीं प्रियंका गांधी वाड्रा

# पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला देश की अस्मिता पर आक्रमण है और हमारी खुफिया एजेंसियों की बहुत बड़ी विफलता का परिणाम है। इस चूक के लिए जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए था, लेकिन इस्तीफा तो दूर, देश को चलाने वाले लोग इसकी जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं।

श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को लोकसभा में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि इस घटना के लिए देश की खुफिया एजेंसियां, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और देश के गृहमंत्री जिम्मेदार हैं। उन्हें नैतिक आधार पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए था लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस्तीफा तो दूर, गृहमंत्री अमित शाह इस घटना की जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला किया और उनका नाम लिए बना कहा कि देश के प्रमुख को सिर्फ सफलता का श्रेय नहीं लेने को उत्साहित नहीं चाहिए। देश में जो घटनाएं होती हैं उनकी जिम्मेदारी भी उनकी होती है और इसकी जिम्मेदारी लेने का उनमें साहस भी होना चाहिए।



### पाक के खिलाफ कार्रवाई क्यों रुकी

उनका कहना था कि पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प करते हैं और यह हमारे लिए अत्यंत चिंता का विषय है। सरकार को बताना चाहिए कि सैन्य कार्रवाई क्यों रुकी। इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कियदि आपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंकवाद को खत्म करना था तो यह आपरेशन सफल नहीं है क्योंकि जो पाक आतंकवाद को पनाह देता है उसी को संयुक्त राष्ट्र में अहम जिम्मेदारी मिलती है तो क्या इस लक्ष्य का यही जवाब है।

### जम्मू-कश्मीर में क्यों नहीं थी सुरक्षा

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि सरकार जम्मू -कश्मीर में सुरक्षा क्यों नहीं थी। क्या सरकार को मालूम नहीं था कि वहां इतनी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं तो उनके लिए सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। वहां लोग सरकार से सुरक्षा के भरोसे गये थे लेकिन सरकार ने उन्हें भगवान के भरोसे छोड़ दिया। उन्होंने सवाल किया कि वहां लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी क्या प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की नहीं है।

### हमले की आरोपी आतंकी गुट के पर क्यों नहीं कुतरे

प्रियंका ने कहा कि एक आतंकी गुट इस हमले की जिम्मेदारी लेता है। इस गुट ने 2025 तक 25 आतंकवादी हमले किये हैं। इसमें रियासी का 2024 का हमला भी था जिसमें नौ लोग मारे गए थे। आखिर सरकार इस आतंकवादी गुट के पर कतरने में विफल क्यों रही। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि इस सदन में जितने लोग हैं सबके पास सुरक्षा है लेकिन उस दिन पहलगाम में 26 परिवारों के साथ जो हुआ, जितने लोग मारे गए उनमें 25 भारतीय थे।

### सरकार बताए किसके दबाव में हुआ युद्धविराम: सपा



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने ऑपरेशन सिंदूर का राजनीति लाभ लेने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार को अवश्य बताना चाहिए कि किससे दबाव में युद्धविराम किया गया जबकि देश की सेना को बढ़त हासिल थी। सपा के अखिलेश यादव ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में सेना की बहादुरी और वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार को अवश्य बाताना चाहिए किसके दबाव में युद्धविराम हुआ। सरकार को यह भी बताना चाहिए कि किस प्रकार खुफिया की विफलता रही और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सदन में सत्ता पक्ष के लोग ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे जनता सम्मोहित हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं है। 370 के खात्मे के बाद सरकार ने दावा किया था कि आतंकवाद खत्म हो गया, लेकिन पहलगाम में सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी कौन लेगा।

# हम चट्टान की तरह सरकार के साथ: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**



लोस में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में राहुल गांधी ने हिस्सा लिया और पहलगाम हमले की निंदा की, पाकिस्तान की खूब क्लास लगाई और भारतीय सेना की जमकर तारीफ की।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमला, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षड्यंत्र किया गया था। युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। हम सभी ने इस सदन के प्रत्येक व्यक्ति ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था। विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे। मैं करनाल में नरवाल के घर गया। मैंने उनका दुख महसूस किया। कानपुर में दूसरे परिवार से मिला। जब भी मैं सेना के किसी व्यक्ति से मिलने के दौरान हाथ मिलाता हूं तो मुझे पता लग जाता है कि यह टाइगर है। सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है। सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। राहुल ने कहा कि जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिब(ता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।

■ पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए

# श्रीनगर: यातना मामले की सीबीआई जांच शुरू

**श्रीनगर।** सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल खुर्शीद अहमद चौहान को हिरासत में यातना दिए जाने के मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी है।।

सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए गत 26 जुलाई को जम्मू-कश्मीर पुलिस के छह अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इनमें पुलिस उपाधीक्षक एजाज अहमद नायको, उप-निरीक्षक रियाज़ अहमद और चार अन्य जहांगीर अहमद, इम्तियाज़ अहमद, मोहम्मद यूनिस और शाकिर अहमद शामिल हैं । ये सभी कुपवाड़ा स्थित संयुक्त पूछताछ केंद्र में तैनात हैं। प्राथमिकी में आपराधिक षड्यंत्र, हत्या का प्रयास, जानबूझकर चोट पहुंचाना और गंभीर चोट पहुंचाना, खतरनाक हथियारों से गंभीर चोट पहुंचाना और तीन या उससे अधिक दिनों तक गलत तरीके से बंधक बनाए रखना जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र कुंडू के नेतृत्व में सीबीआई अधिकारियों की टीम कल जांच शुरू करने के लिए श्रीनगर पहुंची। जिला पुलिस मुख्यालय बारामूला में तैनात कांस्टेबल खुर्शीद चौहान को पुलिस ने मादक पदार्थ मामले की जांच के सिल. सिले में 20 फरवरी-2023 को एसएसपी कुपवाड़ा के कार्यालय में रिपोर्ट करने के लिए बुलाया था।

### कांवड़ को अनपढ़ों की यात्रा बताने वाले सपा पर भड़की भाजपा

**लखनऊ (ब्यूरो)।** बलिया से समा. जवादी पार्टी के विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने कांवड़ यात्रा पर विवादित बयान देते हुए इसे अनपढ़ों की यात्रा बताया है।

भारतीय जनता पार्टी ने रिजवी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि ये बयान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के इशारे पर दिया गया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि नबी की शान में गुस्ताखी हो जाए तो सर तन से जुदा के नारे लहराने लगते हैं, लेकिन हिंदू धर्म, धर्मग्रंथों, साधु संतों,रीति रिवाज और परंपराओं पर कोई कुछ भी मनमाने पूर्ण ढंग से अपमानित कर देता है, इसका प्रबलता से विरोध भी नहीं होता।

# यूपी में 23 आईएएस का तबादला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ मेधा रूपम बनीं नोएडा की नई जिलाधिकारी

■ रविंद्र कुमार मांदड़ को गाजियाबाद की कमान

**लखनऊ।** यूपी में इस बार 23 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। 10 जिलों के जिला. धिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। गोरखपुर, गाजियाबाद, ललितपुर, बहराइच, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा), कासगंज, गोंडा, कानपुर देहात, मिर्जापुर और प्रयागराज के जिलाधिकारी बदले गए हैं। कासगंज की डीएम रहीं मेधा रूपम को बड़ी जिम्मेदारी मिली है, योगी सरकार ने उन्हें नोएडा की कमान सौंपी है।

प्रयागराज के डीएम रहे रविंद्र कुमार मांदड़ को गाजियाबाद का नया डीएम बनाया गया है। बता दें कि कुल 23 आईएएस अधिकारियों का



सोमवार रात ट्रांसफर किया गया। आईएएस दीपक मीना को गोरखपुर का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। इस प्रकार आईएएस रविंद्र कुमार मांदड़ डीएम गाजियाबाद, मनीष वर्मा डीएम प्रयागराज, मेधा रूपम डीएम नोएडा, प्रणय सिंह डीएम कासगंज, कपिल सिंह डीएम कानपुर देहात, अक्षय त्रिपाठी डीएम बहराइच, अमन दीप डुली डीएम ललितपुर, पवन कुमार गंगवार डीएम मिर्जापुर और प्रियंका निरंजन डीएम गोंडा बनी हैं। गोंडा की जिलाधिकारी रहीं नेहा शर्मा को प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन बनाया गया है। बहराइच की जिला. धिकारी रहीं मोनिका रानी को विशेष सचिव बेसिक शिक्षा विभाग एवं अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की जिम्मेदारी सौंप गई है।



**सेंसेक्स** 81337.95
**निफ्टी** 2482110




**सोना रु.** 98274
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 113590
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजार में लौटी रौनक

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को चौतरफा लिवाली के दम पर बीएसई का सेंसेक्स 446.93 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,337.95 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.20 अंक (0.57 प्रतिशत) चढ़कर 24,821.10 अंक पर पहुंच गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के साथ एलएंडटी और भारती एयरटेल ने भी बाजार की बढ़त में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एशियाई बाजारों से मिले मिश्रित रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार सुबह गिरावट में रहे। सेंसेक्स करीब 271 अंक टूटकर 80,620.25 अंक पर खुला और 80,575.45 अंक तक उतर गया। यूरोप में बाजार खुलने और वहां तेजी रहने से



दोपहर बाद घरेलू बाजारों में भी लिवाली शुरू हो गई और संसेक्स बीच कारोबार में 81,429.88 अंक को छूने में कामयाब रहा।

इसी प्रकार, निफ्टी.50 भी 30 अंक की गिरावट में 23,663 अंक पर खुला। इसका दिन का निचला स्तर 23,620.90 अंक रहा जबकि ऊपर यह 23,936 अंक तक गया। संेसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.21 प्रतिशत और एलएंडटी का 2.13 प्रतिशत की मजबूती में रहा। एशियर पेंट्स में 1.81 फीसदी, टाटा मोटर्स में 1.48 फीसदी और अडानी पोर्ट्स में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक और टीसीएस के शेयरों में सबसे अधिक 0.73 प्रतिशत की गिरावट आई।

एनएसई में ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत चढ़ा। निफ्टी मिडकैप.50 में 0.81 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 में 1.03 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। रियलिटी, फार्मा और हेल्थकेयर के साथ ऑटो, धातु और एफएमसीजी सेक्टरों में भी तेजी रही। विदेशों में एशियाई शेयर बाजारों में मिश्रित रुख रहा। जापान का निक्केई 0. 79 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.15 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ।

### एथर एनर्जी लिमिटेड के साथ एमओयू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने भारत में स्वच्छ परिवहन और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों के विकास में तेज़ी लाने के लिए भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी एथर एनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

नवाचार-केंद्रित 50 से अधिक स्टार्टअप्स के गठबंधन स्टार्टअप पॉलिसी फ़ोरम (एसपीएफ) के नेतृत्व में 'बिल्ड इन भारत' पहल के अंतर्गत यह सहयोग किया जा रहा है। यह समझौता ज्ञापन डीपीआईआईटी और एथर एनर्जी के बीच व्यापक साझेदारी की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

### सोने के दाम में गिरावट चांदी हुई और महंगी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने के दाम में गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 172 रुपए गिरकर 98,274 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है।

चांदी की कीमत 606 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,984 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,970 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी। एक जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,112 रुपए बढ़कर 98,274 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव 27,573 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए पर पहुंच गया है।

# प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात बढ़ाने की जरूरत

### उत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य से विषय पर सेमिनार में बोले मंत्री

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को कहा कि देश के खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात की हिस्सेदारी फिलहाल 23 प्रतिशत है जिसे और बढ़ाने की जरूरत है।

श्री पासवान ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से यहां इंडिया हैबिटेट सेंटर में इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना: उत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य से' विषय पर आयोजित एक क्षेत्रीय सेमिनार में कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अभी अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है। उन्होंने उद्योग जगत से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर किसानों और छोटे उद्यमियों के साथ अपनी भागीदारी को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि देश तब तक वास्तव में सक्षम नहीं बन सकता जब तक हमारे किसान सशक्त न हों। इस दिशा में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना एक परिवर्तनकारी कदम है जो फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करता है, मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देता है और किसानों को सीधे वैश्विक बाज़ारों से जोड़ता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश से प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात का हिस्सा 2013 के 13 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 23 प्रतिशत हो गया है। यह एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन इस गति को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत के अनेक राज्य, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार, कृषि उत्पादन में अग्रणी होने के बावजूद खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अपेक्षाकृत पीछे हैं। ऐसे राज्यों में कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स जैसी अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करने की जरूरत है। सेमिनार में उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के भविष्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया। श्री पासवान ने घोषणा की कि 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2025' का आयोजन इस वर्ष सितंबर में दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर..**

है। ऑपरेशन सिंदूर ने तय कर दिया कि भारत में आतंकी हमले की उसके आका और पाकिस्तान को भारी कीमत चुक. ानी पड़ेगी। ऑपरेशन सिंदूर से स्पष्ट है कि अब भारत पर हमला हुआ, तो हम अपनी शर्तों पर अपने तरीके से जवाब देकर रहेंगे। कोई भी परमाणु हमले की धमकी नहीं चलेगी। हम आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। श्री मोदी ने कहा कि हमने बहावल. पुर, मुरीदके को ध्वस्त कर दिया। तीसरा पक्ष पाकिस्तान की परमाणु धमकी को हमने झूठा साबित कर दिया। भारत ने सिद्ध कर दिया कि परमाणु ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी और भारत नहीं झुकेगा। चौथा पक्ष भारत ने अपनी तकनीकी क्षमता दिखाई। पाकिस्तान के सीने पर सटीक प्रहार किया। उसको भारी नुकसान हुआ। आज तक उनके कई एयरबेस आईसीयू में पड़े हैं। आज तकनीकी आधारित युद्ध का युग है। ऑपरेशन सिंदूर इसमें सफल हुआ है। पिछले 10 साल में जो हमने तैयारियां की हैं वो न की होती, तो हमारा नुकसान बहुत होता। पांचवां पक्ष आत्मनिर्भर भारत की ताकत को दुनिया ने पहचाना। मेड इन इंडिया ड्रोन और मिसाइल ने पाकिस्तान के हथियारों की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि आतंकियों को ऐसी सजा दी कि आज भी आतंक के आकाओं की नींद उड़ी हुई है। हमारी सेना की सफलता का पहला पक्ष है कि पहलगाम हमले के बाद से ही पाकिस्तानी सेना को अंदाजा लग चुका था कि भारत बड़ी कार्रवाई करेगा। उनकी तरफ से परमाणु बम की धमकी के बयान आने लगे थे। भारत ने छह मई की रात और सात मई की सुबह बड़ी कार्रवाई की। पाकिस्तान कुछ नहीं कर पाया। 22 मिनट में 22 अप्रैल का बदला ले लिया। दूसरा पक्ष पाकिस्तान के साथ हमारी लड़ाई कई बार हुई है, लेकिन पहली बार भारत की रणनीति बनी कि जिसमें पहले जहां कभी नहीं गए, वहां हम पहुंचे। पाकिस्तान के कोने-कोने में आतंकी अड्डों को धुआं-धुआं कर दिया। पहलगाम हमला भारत को हिंसा की आग में झोंकने की साजिश थी। देश ने एकता के साथ उस साजिश को नाकाम कर दिया। 22 अप्रैल के बाद मैंने सार्वजनिक रूप से और विश्व को समझाने के लिए अंग्रेजी में कहा था कि हम आतंक को मिट्टी में मिला देंगे। सजा उनके आकाओं को भी होगी। कल्पाना से भी बड़ी सजा मिलेगी। 22 अप्रैल को मैं विदेश से लौटा और आने के बाद मैंने बैठक बुलाई। हमने साफ निर्देश दिए कि आतंकवाद को करारा जवाब देना होगा। ये हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। हमें हमारे सैन्य बलों की क्षमता पर विश्वास है। सेना को खुली छूट दे दी गई। कहा गया कि सेना तय करे कि कब, कहां, कैसे, किस प्रकार से हमला करना है। सत्र के प्रारंभ में मैंने सांसदों से कहा था कि यह सत्र भारत के विजयोत्सव का है।

**राज्यसभा में...** सबसे लोकप्रिय नेता हैं। पार्टी और देश के लिए गौरव का विषय है, लेकिन आप पार्टी से इतने जुड़ गए हैं कि देश गौण हो जाता है और मेंटल बैलेंस खोकर इस तरीके से बात कर रहे। इस पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। खड़गे नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि उनके मंत्री मेंटल बैलेंस खोकर बोलते हैं। उन्होंने (जेपी नड्डा) मुझे मेंटल कहा है, तो मैं इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। इसके बाद जेपी नड्डा ने कहा कि अगर आपकी भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए आपसे माफी भी मांगता हूं। इसके बाद सदन के रिकॉर्ड से नड्डा का कमेंट हटाया गया।

## यूपी में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार नवंबर में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी कर रही है, जिसके माध्यम से एक और बड़ा निवेश धरातल पर उतरने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अब तक दो ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया है।

पहला समिट 2018 में, जिसमें 4. 28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। वहीं, दूसरा समिट 2023 में, जिसमें रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए ही सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संपन्न हो चुकी हैं, जिनके माध्यम से धरातल पर उतरे निवेश ने प्रदेश को एक नई पहचान दिलाई है। क्षेत्रवार परियोजनाओं का विश्लेषण करें तो निवेश परियोजनाओं में सबसे बड़ा हिस्सा विनिर्माण क्षेत्र (62.25 प्रतिशत) का है। सेवा क्षेत्र में 28.09 प्रतिशत परियोजनाएं हैं, जबकि शेष निवेश अवस्थापना और अन्य क्षेत्रों में हुआ है। अधिकृत सूत्रों ने दावा किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सरकार की स्पष्ट नीतियों, पारदर्शिता, समयबद्ध क्रियान्वयन और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण ने प्रदेश को एक नए औद्योगिक युग में पहुंचा दिया है। योगी के अब तक के शासनकाल में प्रदेश में 16 हजार से अधिक निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं, जिनमें से आठ हजार से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि आठ हजार से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयनाधीन हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सिंगल विंडो क्लीयरेंस, औद्योगिक भूमि की आसान उपलब्धता, बेहतर कानून-व्यवस्था, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और प्रशिक्षित मानव संसाधन जैसे कारकों के चलते उत्तर प्रदेश आज देश-विदेश के निवेशकों का विश्वसनीय निवेश गंतव्य बन चुका है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सिसोदिया ने जताई देश की शिक्षा व्यवस्था पर चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश की शिक्षा व्यवस्था पर मनीष सिसोदिया ने चिंता जताते हुए कहा कि भारत में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति चिंताजनक है। इसीलिए आप की ओर से एक शिक्षा अभियान चलाकर देशभर में संचालित जर्जर स्कूलों की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके लिए उन्होंने बताया कि तीन हजार कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि विश्व के कई देश जैसे जापान में पांचवीं कक्षा के बच्चों को एआई आधारित शिक्षा दी जा रही है। चीन व कोरिया शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं लेकिन भारत में बच्चे जर्जर इमारतों और टूटी छतों वाले स्कूलों में पढ़ने को मजबूर हैं। सिसोदिया ने बताया कि दसवीं कक्षा तक के पाठ्यक्रम में भी एआई जैसे आधुनिक विषयों का अभाव है। सिसोदिया ने घोषणा की कि आप के तीन हजार कार्यकर्ता १ अगस्त से ७ अगस्त तक देशभर के ग्रामीण स्कूलों का दौरा करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य स्कूलों की बदहाल स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना है। कार्यकर्ता स्कूलों की इमारतों, बुनियादी सुविधाओं और शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लेंगे। इस रिपोर्ट को प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि स्कूलों की स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए सिसोदिया ने जोर देकर कहा कि बच्चों का भविष्य देश का भविष्य है। टूटी छतों और असुरक्षित स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। श्आपश का यह अभियान केवल स्कूलों की स्थिति सुधारने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन की मांग करता है। कार्यकर्ता प्रशासन के साथ मिलकर स्कूलों की मरम्मत और आधुनिकीकरण के लिए दबाव बनाएंगे। इस पहल से आप देशभर में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और बच्चों को सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में काम करेगी।

## डीयू सीएसएएस राउंड-2 में 87335 सीटें हुई अलॉट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने सीएसएएस २०२५ के दूसरे राउंड की सीट आवंटन सूची जारी कर दी है। इस राउंड में कुल ८७,३३५ सीटों का आवंटन किया गया है। इसमें २४,८४३ नए छात्रों को पहली बार सीट दी गई, जबकि २७,३१४ छात्रों की सीटें उनके उच्चतर प्राथमिकताओं के अनुसार अपग्रेड की गई हैं। पहले राउंड के बाद ४३,७४१ छात्रों ने अपनी सीटों के लिए अपग्रेड का विकल्प चुना था। इनमें से १७,९२२ छात्रों ने अपनी पहले से आवंटित सीटों को फ्रीज करने का फैसला किया। डीयू की दूसरी सूची न केवल नए आवेदकों को मौका देती है, बल्कि पहले राउंड के बाद खाली हुई सीटों को भी दोबारा आवंटित करती है।जिन छात्रों को सीटें अलॉट हुई हैं, उन्हें ३० जुलाई २०२५ तक अपनी सीट कन्फर्म करनी होगी।

# जलभराव के बाद लगा जाम, आतिशी ने रेखा सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगलवार सुबह से हो रही बारिश की वजह से कई इलाकों में पानी भर गया। जलभराव होने से ट्रैफिक जाम लग गया। बीती रात से ही रूक-रूक कर बारिश हो रही है। वहीं बारिश की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट की ओर से यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी गई है। जबकि पूर्व सीएम आतिशी ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल पूछा है।

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने बारिश के बीच हो रहे जलभराव पर दिल्ली सरकार को घेरा है। एक्स पर पोस्ट साझा कर आतिशी ने लिखा कि प्रगति मैदान के सामने वाली सड़क का हाल देखिए १० मिनट की बरसात हुई और दिल्ली पानी पानी हो गई। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आगे लिखा कि ये ४ इंजन वाली कमाल की सरकार है।

पूछा कि कहां हैं दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा और क्या कर रही हैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता। राजधानी दिल्ली में मंगलवार सुबह

**■ जलभराव होने से ट्रैफिक जाम लगा, जनता परेशान**

हुई भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण इंडिगो, स्पाइसजेट और एयर इंडिया जैसी प्रमुख एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। उड़ान संचालन में संभावित व्यवधान की चेतावनी दी गई है। भारी बारिश की वजह से कई उड़ानों पर असर पड़ा है।

दिल्ली के अलग-अलग अस्पतालों में पानी भर गया। जिसकी वजह से कई मरीजों को काफी परेशानी हुई। सफदरजंग, डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल सहित अन्य अस्पताल में आज तेज बारिश की वजह से पानी भर गया। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि अब क्या कहेंगे। मंगलवार सुबह जैसे ही लोगों ने आंखें खोलीं, चारों ओर एक सुहावना और ठंडक भरा मौसम दिखाई दिया। आसमान से बादल झूम-झूमकर बरसे, लेकिन इस खुशनुमा बारिश ने लोगों को राहत के साथ-साथ मुश्किलें भी दीं। शहर के कई इलाकों में जलभराव ने राहों को रोकने की कोशिश की, मगर मंजिल की चाह में लोग भीगते हुए भी अपने-अपने सफर पर निकल पड़े। मध्य दिल्ली के पटेल नगर इलाके में हुए जलभराव में से बचते-बचाते लोग निकलते दिखे।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान ३० से ३२ डिग्री के बीच और न्यूनतम २३ से २५ डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान ३१ से ३३ डिग्री के बीच और न्यूनतम २४ से २६ डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। गरज चमक के साथ बारिश की भी संभावना है। साथ ही, शुक्रवार को भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान ३३ से ३५ और न्यूनतम २५ से २७ डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। इसके अलावा, शनिवार और रविवार को भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

# मुख्यमंत्री ने आईटीओ क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सुबह हुई तेज बारिश के बाद आईटीओ क्षेत्र में हुई जलभराव की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि राजधानी के ऐसे प्रमुख क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने माना कि जलभराव हुआ लेकिन कुछ ही समय में बरसाती पानी निकल गया। उसका कारण यह है कि सीवर- नालों की सफाई व सरकारी टीमों की लगातार निगरानी ने हालात बदतर नहीं बनने दिए।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के इस निरीक्षण दौरे में उनके साथ कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा व संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जहां घंटों तक जलभराव बना रहता था, वहीं हमारी सरकार की तत्परता, समय पर नालों- सीवेज की समुचित सफाई और नई जल निक. ासी प्रणाली की वजह से अब हालात बदल रहे हैं। आज तेज बारिश के बावजूद पानी कुछ ही समय में निकल गया, यह हमारी सरकार की जमीनी कार्रवाई का परिणाम है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि सरक. ारी टीमें सुबह से ही सक्रिय रही और हर प्रभावित पॉइंट की लगातार निगरानी की जा रही थी। अधिकारी और कर्मचारी इस बात का विस्तृत आकलन कर रहे हैं कि कहां कितने समय तक पानी रुका, कितनी जल्दी निकासी हुई और आगे इसमें और सुधार के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं।आईटीओ के स्थानीय लोगों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले जहां पानी घंटों भरा रहता था, अब नई जल निकासी व्यवस्था और चैंबरों की वजह से आधे घंटे के भीतर पानी निकल गया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आईटीओ क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए साथ में हैं कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा व अधिकारीगण।

## एक नजर

### बारिश के चलते दीवार गिरने से मां-बेटे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बारिश के चलते मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में एक घर की दीवार गिरने से मां और बेटे की मौत हो गई।वहीं, मृतकों की पहचान मीरा और गणपत के रूप में हुई है। हादसे में महिला के दो अन्य बेटे भी घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अष्टम श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव 2025 के लिए भूमि पूजा दो अगस्त को

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क के लॉन न. 1 शिवा टेन्ट एंड डेकोरेटर, जापानी पार्क में श्री श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा आयोजित अष्टम श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव 2025 की भूमि पूजा 2 अगस्त 2025 को किया जाएगा। भूमि पूजा के साथ यज्ञ समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी भव्य आयोजन होगा। इस महोत्सव का आयोजन श्री श्री खाटू श्याम सेवा समिति रोहिणी द्वारा किया जा रहा है। संस्था के चेयरमैन हरीश शर्मा ने बताया कि अष्टम श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव 2025 का आयोजन 11 अगस्त से 17अगस्त 2025 तक किया जाएगा।

### फरहान अख्तर की '120 बहादुर' माइनस 10 डिग्री में शूट

**नई दिल्ली।** 120 बहादुर को लेकर जो उत्सुकता है वो लगातार बढ़ती जा रही है। खबरों की मानें तो इसका टीजर वॉर 2 के साथ अटैच किया जाएगा और इसे आधिकारिक तौर पर अगस्त के पहले हफ्ते में रिलीज किया जाएगा। फैन्स को इस बार फरहान अख्तर को वॉर जॉनर में एक्टर के तौर पर देखने का बेसब्री से इंतजार है और यही वजह है कि फिल्म को लेकर माहौल और भी ज्यादा गर्म हो गया है। 120 बहादुर मेजर शैतान सिंह भाटी (PVC) की जिंदगी से प्रेरित है। ये फिल्म 1962 की रेजांग ला की लड़ाई पर बनी है, जहां 120 भारतीय जवानों ने हजारों दुश्मनों के सामने हार नहीं मानी और लद्दाख की रक्षा के लिए अपनी हिम्मत की हर हद पार कर दी। कहानी की सच्चाई और भव्यता को सही तरीके से दिखाने के लिए टीम ने लद्दाख की ऊंची और बेहद कठिन जगहों पर शूटिंग की, जहां हालात काफी मुश्किल थे। एक इंडस्ट्री सूत्र ने बताया', "टीम ने करीब 14,000 फीट की ऊंचाई पर लद्दाख में शूट किया, जहां तापमान कई बार माइनस 5 से लेकर माइनस 10 डिग्री तक चला जाता था। मकसद था कि इस कहानी को पूरी सच्चाई और इमानदारी के साथ दिखाया जाए, और इसमें फरहान ने पूरी तरह खुद को झोंक दिया शरीर से, दिमाग से और दिल से।"

### चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में समर्थ्य व प्रियांशी निभाएंगे लीड रोल

**नई दिल्ली।** सोनी टीवी का ऐतिहासिक शो चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान इन दिनों खूब चर्चा में है। अब तक इस शो में कई जान-पहचाने चेहरे अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं और बाल कलाकार उर्वा सवालिया फिलहाल छोटे पृथ्वीराज का किरदार निभा रहे हैं। अब शो में एक बड़ा बदलाव आ रहा है! कन्फर्म हो गया है कि समर्थ्य गुप्ता अब बड़े पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाएंगे। अपोलिना जैसे शोज में नजर आ चुके समर्थ्य के लिए ये एक बडा लीड रोल है। इसके साथ ही प्रियांशी यादव, जो पांड्या स्टोर और डोरी जैसे शोज में दिख चुकी हैं,अब संयोगिता के किरदार में फीमेल लीड बनेंगी।

### अवैध हथियार रैकेट का पर्दाफाश, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय अवैध हथियार रैकेट का भंडाफोड़ कर हाशिम बाबा गैंग के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से दो बेरेटा, एक देसी पिस्टल और २८ कारतूस बरामद किए है। वह योगेश भाटी का करीबी सहयोगी है। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा से अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल एक गैंगस्टर की गतिविधि के बारे में कांस्टेबल आशीष को विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली थी।इस खुफिया आधार पर एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप सिंह के नेतृत्व में एसआई अर्जुन, हेड कांस्टेबल आनंद, मोहित और कांस्टेबल आशीष की टीम ने गोपालपुर, आउटर रिंग रोड के पास अपना जाल बिछाकर आरोपी कपिल उर्फ घोड़ा को पकड़ लिया।

# दिल्ली पुलिस का होगा अब अपना डोमेस्टिक एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस का जल्द अपना नया डोमेस्टिक एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन होगा। वर्तमान में जी५ बिल्डिंग में अस्थायी परिसर में पुलिस स्टेशन है।

नये पुलिस स्टेशन के लिये जमीन को लेकर २००८ से बातचीत चल रही थी। मगर अब डायल ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की उपस्थिति में दिल्ली पुलिस को १५४० वर्ग मीटर भूमि दी है,जो १ रुपये प्रति वर्ष के नाममात्र लाइसेंस शुल्क पर आवंटित की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आईजीआई एयरपोर्ट, टर्मिनल-1, में डोमेस्टिक एयरपोर्ट थाने के निर्माण के लिए डायल द्वारा भूमि देने से जन सुरक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में ओर ज्यादा सहायता मिलेगी। यह कदम एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

वर्तमान पुलिस स्टेशन, जो जीएमआर के जी५ बिल्डिंग में एक अस्थायी सुविधा में चल रहा था, को १५४० वर्ग मीटर की एक नई नामित भूमि पर बनाया जाएगा। यह भूखंड आईजीआई हवाई अड्डे पर टी-१ डी अप-रैंप की ओर जाने वाली सडक पर सीआई एसएफ नाका के बगल में एआरसी ऑफिसर्स मेस के बगल में स्थित है। इस कार्यक्रम में जीएमआर के उप प्रबंध निदेशक के. नारायण राव, उप प्रबंध निद. ेशक राजेश खुराना,दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा, डीपीएच सीएल स्पेशल सीपी रॉबिन हिबू, पीटीएसडी विशेष सीपी विजय सिंह, परिवहन रेंज संयुक्त सीपी उषा रंगनानी समेत आईजीआई हवाई अड्डा इकाई के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। परिवहन रेंज संयुक्त सीपी उषा रंगनानी ने पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को भूमि और टर्मिनल १डी के साथ इसकी निकटता के बारे में जानकारी दी।

### राज्य अतिथि गृह के लिए जमीन तलाशने का काम शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राज्य अतिथि गृह बनाने के लिए तीन जगह देखी है जिसकी योजना बनाकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भेजी गई है। सरकार जल्द इस पर निर्णय लेगी। दिल्ली के पास अपना राज्य अतिथि गृह नहीं है, जबकि दिल्ली में देश के अन्य राज्यों के अतिथि गृह पहले से ही बने हुए हैं। पिछली आम आदमी पार्टी सरकार ने द्वारका सेक्टर १९ में दिल्ली सदन नाम से राज्य अतिथि गृह बनाने की योजना बनाई थी, लेकिन पुरानी योजना पर काम नहीं शुरू हो पाया। अब भाजपा सरकार ने इस योजना पर फिर से काम शुरू किया है। हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह से इस मुद्दे पर बैठक हुई है।

# एक समान पाठ्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** डेवलपिंग इंडिपेंडेंट स्कूल अलायंस ट्रस्ट (दिसा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवीर सिंह मावी ने देशभर के सभी स्कूलों में एक समान पाठ्यक्रम लागू करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि दिसा गांव-देहात और दिल्ली के अनियमित क्षेत्रों के लगभग 1100 स्कूलों का प्रतिनिधित्व करती है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले ज्यादातर वे छात्र हैं जिनके परिवार जीवन यापन के लिए अलग-अलग प्रदेशों में पलायन करते रहते हैं। लिहाजा, ऐसे बच्चों के लिए देशभर के स्कूलों में एक समान पाठ्यक्रम लागू किया जाना चाहिए ताकि वे पढाई में अन्य छात्रों से पीछे न रह जाएं।

सत्यवीर मावी ने बताया कि उनकी संस्था दिसा गांव-देहात और अनियमित क्षेत्रों में रहने वाले गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास कर रही है। यह तभी संभव है जब देशभर विभिन्न प्रदेशों के सभी स्कूलों में एक समान पाठ्यक्रम लागू हो। इसलिए प्रधानमंत्री से निवेदन है कि देशभर में एक समान पाठ्यक्रम लागू किए जाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी करें।



डायल ने दिल्ली पुलिस को 1540 वर्ग मीटर भूमि दी है जिसका निरीक्षण करते दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा, डीपीएच सीएल स्पेशल सीपी रॉबिन हिबू,पीटीएसडी विशेष सीपी विजय सिंह, परिवहन रेंज संयुक्त सीपी उषा रंगनानी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी।

# 'आप' विधायक दल मॉनसून सत्र में जनता से जुड़े मुद्दों को उठाएगा : आतिशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी' की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने स्पष्ट किया है कि "आप" विधायक दल 4 अगस्त से शुरू होने वाले दिल्ली विधानसभा के मॉनसून सत्र में जनता से जुड़े कई अहम मुद्दों को उठाएगा। आतिशी ने कहा कि सुरक्षित आवास देने के बजाय, बिना किसी पुनर्वास के भाजपा सरकार हजारों लोगों को बेघर कर रही है।आतिशी ने प्राइवेट स्कूलों में हाल ही में मनमानी फीस बढ़ोतरी पर भी सवाल उठाए, जिसने मध्यम वर्ग के परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ डाला है।

दिल्ली में जलभराव के मुद्दे पर आतिशी ने भाजपा को उसके द्वारा दिल्ली को जल भराव से मुक्ति दिलाने के बार-बार किए गए वादों की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि इस साल दिल्ली में जलभराव नहीं होगा, फिर भी शहर में जरा सी बारिश के बाद घुटनों तक पानी भर जा रहा है। अब भाजपा का ड्रेनेज एक्शन प्लान कहां है?आतिशी ने २०२४ विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा द्वारा दिल्ली की हर महिला को प्रति माह २,५०० रुपये देने के वादे को अभी तक पूरे नहीं होने पर भी सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि छह महीने बीत गए, लेकिन अभी तक महिलाओं को २,५०० रुपये नहीं मिले हैं, ये २५०० रुपए कहां हैं? भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं से सम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्हें भूल चुकी है।आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी बार-बार हो रही बिजली कटौती और मोहल्ला क्लीनिकों के बंद होने के मुद्दे को भी उठाएगी, जिसके कारण लाखों लोग प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो गए हैं।

# आधुनिक ब्रेन ट्यूमर उपचार से मिली नई उम्मीदः डॉ. आदित्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** ब्रेन ट्यूमर सभी आयु वर्गों के लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। ये सौम्य (बेनिघ्न) या घातक (मैलिग्नेंट), धीरे बढ़ने वाले या आक्रामक हो सकते हैं, और इनके लक्षण अक्सर आम स्वास्थ्य समस्याओं जैसे लगते हैं। लगातार सिरदर्द, सुबह की मतली, दौरे, दृष्टि में बदलाव, संतुलन की समस्या या व्यक्तित्व में बदलाव ऐसे संकेत हैं जिन्हें कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। प्रारंभिक चिकित्सा जांच अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि समय पर पहचान से इलाज अधिक प्रभावी होता है और परिणाम बेहतर मिलते हैं।

बढ़ती जन जागरूकता और उन्नत निदान तकनीकों की उपलब्धता के कारण अब अधिक मरीजों का शीघ्र निदान हो रहा है। आर्टेमिस-अग्रीम इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज, आर्टेमिस अस्पताल, गुरुग्राम के निदेशक ख न्यूरोसर्जरी एवं सीएनएस रेडियोसर्जरी डॉ. आदित्य गुप्ता का कहना है कि अब इलाज केवल सर्जरी तक सीमित नहीं है। आज ब्रेन ट्यूमर के इलाज में सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी और पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) जैसे कई तरीकों का समन्वय किया जाता है, जिसमें विशेषज्ञों की एक टीम सहयोग करती है। अब सर्जिकल निर्णय केवल ट्यूमर हटाने तक सीमित नहीं हैं। हम मरीज की जीवन गुणवत्ता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जैसे स्मृति, गतिशीलता और भाषण की क्षमता को सुरक्षित रखना। आधुनिक न्यूरोसर्जरी तकनीकों में न्यूरोने. विगेशन, उच्च-रिजॉल्यूशन माइक्रो स्कोप, इंट्राओपरेटिव इमेजिंग और रोबोटिक सहायता का उपयोग किया जाता है, जिससे सर्जरी की सटीकता बढ़ती है।

### 31 जुलाई के बाद कौन होगा दिल्ली पुलिस का नया कमिश्नर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा 31जुलाई को रिटायर हो रहे हैं। अभी तक यह प्रयास लगाए जा रहे थे कि गृह मंत्रालय दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा को एक्सटेंशन दे सकता है। लेकिन पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा के फेयरवेल की तैयारी करने का आदेश पुलिस मुख्यालय से निकाला गया है। इस आदेश के बाद पुलिस कमिश्नर के एक्सटेंशन के सभी संभावित कयासों पर विराम लग गया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर पद के लिए जिन संभावित आईपीएस अधिकारियों का नाम चर्चा में है, उनमें एसबीके सिंह, प्रवीर रंजन, और सतीश गोलचा का नाम सबसे ऊपर है।

# सितारे जमीन पर यूट्यूब पर रिलीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक अनोखे और पहली बार लिए गए फैसले में आमिर खान ने अपनी नई फिल्म को थिएटर में रिलीज होने के तुरंत बाद यूट्यूब मूवीज-ऑन-डिमांड पर रिलीज करने का फैसला किया है, ताकि ये फिल्म दुनिया के हर कोने तक सस्ते और आसान तरीके से पहुंच सके। यह साहसिक फैसला फिल्म रिलीज के तरीके को पूरी दुनिया में एक नया दिशा देता है। इस तरह से सितारे जमीन पर सिर्फ यूट्यूब पर ही देखने को मिलेगी और किसी भी दूसरे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज नहीं की जाएगी।

आमिर खान ने आज ऐलान किया कि उनकी सुपरहिट थिएट्रिकल फिल्म सितारे जमीन पर अब १ अगस्त 2025 से यूट्यूब पर पूरी दुनिया में रिलीज की जाएगी। यह एक साहसी और नया कदम है, जिसमें 2025 की सबसे कामयाब फिल्मों में से एक को सीधे लोगों के घरों तक पहुँचाया जाएगा। इस दिल को छू लेने वाली फैमिली ड्रामा में आमिर खान, जेनेलिया देशमुख के साथ-साथ 10 इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटी वाले कलाकार भी शामिल हैं। भारत में यह फिल्म 100 में मिलेगी, जबकि अमेरिका, कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इंडोनेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और स्पेन समेत 38 देशों में यह लोकल प्राइसिंग के साथ उपलब्ध होगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### उत्तर प्रदेश में पहली एआई आधारित सड़क परियोजना

# परिवहन मंत्रालय की मंजूरी मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारत सरकार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और बिग-डाटा एनालिटिक्स आधारित सड़क-सुरक्षा पायलट परियोजना को औपचारिक अना. पत्ति प्रदान कर दी है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह पहल मोटर यान अधिनियम 1988, केंद्रीय मोटर यान नियमावली 1989 तथा सड़क सुरक्षा के ई. प्रवर्तन एसओपी का पूर्ण पालन करेगी और MoRTH पर कोई वित्तीय दायित्व नहीं डालेगी। यह परियोजना देश में किसी भी राज्य परिवहन विभाग द्वारा अपनाया गया पहला ए.आई. संचालित सड़क-सुरक्षा परीक्षण है। इसे सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई ITI Limited और वैश्विक टेक-पार्टनर mLogica द्वारा शून्य-लागत आधार पर संचालित किया जाएगा। प्रदेश शासन ने पहले ही वर्ष 2025.26 के बजट में 10 करोड़ का प्रावधान कर 'डेटा-संचालित प्रशासन मॉडल' की आधारशिला रखी है।

प्रारम्भिक Proof-of-Concept चरण छह सप्ताह का होगा, जिसमें बहु-स्रोत डेटा- दुर्घटना रिपोर्ट, मौसम, वाहन- टेलीमैटिक्स, ड्राइवर प्रोफाइल और सड़क-ढाँचा- एकीकृत कर ए-आई मॉडल तैयार किए जाएंगे। उद्देश्य दुर्घटनाओं के मूल कारणों की पहचान, ब्लैक- स्पॉट भविष्यवाणी और रीयल- टाइम नीति- डैशबोर्ड तैयार करना है।पायलट के सफल निष्कर्षों के बाद यही ए.आई इंजन विभाग की सभी प्रमुख सेवाओं- फेसलेस लाइसेंस- परमिट प्रणाली, प्रवर्तन आधुनिकीकरण, राजस्व वसूली, e-Challan तथा Vahan-Sarathi प्लेटफॉर्म- में चरणबद्ध रूप से विस्तारित किया जाएगा जिससे उत्तर-प्रदेश को तकनीकी नवाचार का अग्रणी राज्य बनाया जा सके। पायलट चरण से प्रेरित आँकड़ों और अनुभवों के आधार पर, ए.आई आधारित विश्लेषणिक कोर को चरणबद्ध रणनीति के तहत विभाग की अन्य डिजिटल सेवाओं में समाहित किया जाएगा। इसे फेसलेस ड्राइविंग लाइसेंस व परमिट प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा, जहाँ आवेदन स्वीकृति प्रिंटिंग की पूरी शृंखला स्वचालित निर्णय मॉडल से संचालित होगी। इसके बाद प्रवर्तन तंत्र में वास्तविक-समय धोखाधड़ी पहचान, वाहन-स्थिति मानचित्रण और उल्लंघन. प्रवृत्ति के पूर्वानुमान जैसे मॉड्यूल जोड़कर चालान-निर्गम और ऑन-स्पॉट कार्रवाई को अधिक वैज्ञानिक बनाया जाएगा। ए.आई इंजन राजस्व प्रशासन, e-Challan वसूली और Vahan-Sarathi डेटाबेस की पारस्परिक क्रियाविधि को सशक्त करेगा जिससे कर-देयता, शुल्क अदायगी और दस्तावेज वैधता पर स्वचालित अलर्ट एवं रिस्क-स्कोर पैदा हों। इस अंत: एकीकरण से विभाग को समग्र डिजिटल चित्र-आय, उल्लंघन, दस्तावेज.स्थिति-एक ही डैशबोर्ड पर प्राप्त होगा, जो नीति-निर्णय, संसाधन आवंटन और सार्वजनिक पारदर्शिता को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा।

## साउथ सूडान के सांसद प्रतिनिधिमंडल ने यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम का दौरा किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** यशोदा मेडिसिटी ने साउथ सूडान के सांसदों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल का भ्रमण किया और यशोदा मेडिसिटी की विश्वस्तरीय सुविधाएं, अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को करीब से देखा। सभी सांसदों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे: एंथनी कुडस जस्टिन, जेन अब्दु टॉम, कुओनी वार जोक, उस्मान लाकू वानी बेरो, नाटेलिना अंजिमा मलेक अबेकर, ओलिवर मोरी बेंजामिन लुबांग और नूना रोडा रुडोल्फ। यह अंत. रराष्ट्रीय दौरा यशोदा मेडिसिटी की वैश्विक स्वास्थ्य साझेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता और भारत को एक भरोसेमंद चिकित्सा गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक अहम कदम है।

## मुस्तफा भोजपुर बने भाकियू के जिला संगठन मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** क्षेत्र के युवा किसान नेता व भारतीय किसान यूनियन से वर्षों से सक्रिय रूप से जुड़े भोजपुर निवासी मुस्तफा को भारतीय किसान यूनियन टिकैत का गाजियाबाद का जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है उनका मनोनयन जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने किया है।



गौरतलब है कि मुस्तफा युवा होने के साथ साथ संगठन में पिछले कई वर्षों से सक्रिय हैं व यूनियन के सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहे हैं उनकी इसी सक्रियता व संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए ही उन्हें गाजियाबाद जिले का जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। मुस्तफा के इस मनोनयन पर क्षेत्र के किसानों व भाकियू कार्यकर्ताओ ने उन्हें बधाई दी व प्रसन्नता जतायी।

## जिलाधिकारी दीपक मीणा को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न और शुभकामनाएं भेंट कर उनके योगदान के प्रति आभार प्रकट किया। समारोह में वक्ताओं ने दीपक मीणा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जनहित में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और कुशल प्रशासन का परिचय दिया। उनके नेतृत्व में जनपद ने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की, विशेषकर विकास परियोजनाओं, जनसुनवाई, कांवड़ यात्रा, आपदा प्रबंधन,



जल संचय और किसानों/ व्यापारियों/ उद्यमियों के समस्याओं के निराकरण, के सफल क्रियान्वयन के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनपद गाजियाबाद में बिताए गए समय को यादगार बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जनपद सदैव उनके हृदय के निकट रहेगा। समारोह में जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, डीएफओ ईशा तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम ई रणविजय सिंह, जीडीए सचिव राजेश सिंह, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीएम जे अंजुम बी., एडीएम सिटी विकास कश्यप, एडीएम एफ/ आर सौरभ भट्ट , सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय, एसडीएम अरूण दीक्षित, एसडीएम राजेन्द्र, जीएमडीआईसी श्रीनाथ पासवान, डीपीआरओ प्रदीप कुमार द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### रात में ड्रोन उड़ने से दहशत में लोग

## भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर के पतला निवाड़ी क्षेत्र में रात के समय ड्रोन दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) किसान सभा में एक दर्जन गांवों के लोग इकट्ठे हुए जिसमें एक ज्ञापन ग्रामीण मुरादनगर के डीसीपी के नाम निवाड़ी थाना अध्यक्ष को सौंपा। निवाड़ी क्षेत्र में रात के समय में ड्रोन दिखाई देने से क्षेत्रवासियों, महिलाओं और बच्चों में डर का माहौल बना हुआ है। गांव निवाड़ी, नगला आंकखु, सुहाना, मोहम्मदपुर, कुम्हेडा, सारा आदि गांव में ड्रोन रात में दिखाई दिये है। जिसकी वजह से गांव वाले रात में पहरा देने को मजबूर हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की मांग की है और कहा है कि निस्तारण नहीं होने पर क्षेत्रवासी डीसीपी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे। गाजियाबाद पुलिस ने धारा-163 लागू कर दी है, जिसके तहत 9 थाना क्षेत्रों में ड्रोन और उड़ने वाली वस्तुओं पर पाबंदी लगा दी गई है। इन क्षेत्रों में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, युवा जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी, अमरीश त्यागी, हरिओम त्यागी, अनिल त्यागी, नरेंद्र त्यागी और अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## देश का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में सुरक्षित: डॉ. आचार्य कीर्ति शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सीरीन समिति के द्वारा नोएडा सेक्टर 62 के ऊटए विश्वविद्यालय में आयोजित मार्क पार्लियामेंट और यूनाइटेड नेशंस मॉडल के दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कौशांबी निवासी डॉ. आचार्य कीर्ति शर्मा सम्मिलित हुई और सभी विज. ेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया।



इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित युवा शक्ति को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार उनके विद्यार्थी जीवन के मुकाबले आज का युवा ज्यादा जागरुक है चाहे वह कोई राजनीतिक विषय हो सामा. जिक विषय को आर्थिक विषयों या टेक्नोलॉजी का विषय हो आज का युवा सवाल पूछना भी जानता है और अपनी जिम्मेदारियां के प्रति भी सजग है अपने विद्यार्थी जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सामाजिक सेवा से जुड़ी रही डॉ. आचार्य कीर्ति शर्मा ने बताया कि किस तरह आज का युवा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना जानता है और जाति पाती जैसी विभाजनकारी सोच से आगे बढ़ चुका है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय विचारधारा से प्रभावित डॉ. आचार्य कीर्ति शर्मा ने बताया कि यह सदी भारत की सदी है हिंदुस्तान की सदी है सनातन की सदी है और इसके लिए भारत का युवा पूरी तरह से तैयार है।

विश्व का नेतृत्व करते हुए वह भारत मां को फिर से विश्व गुरु के आसन पर विराजमान करने के लिए। युवा शक्ति को उन्होंने तनाव से बचने के उपाय भी बताएं। आयोजक दल में हर्षिक लाडिया, ईवा उनियाल, रिद्धिमा कौशिक, स्तुति गोयल, समायरा कंधारी, दिशिका राठी, लक्ष्य श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में युवा शक्ति उपस्थित रहे।

### सीबीएसई नॉर्थ जॉन-1 रामपुर में हॉकी प्रतियोगिता

## श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय ने किया जिले का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सीबीएसई नॉर्थ जोन 1 रामपुर में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बरेली मथुरा देहरादून उत्तराखंड हरिद्वार रामपुर गाजियाबाद मुरादाबाद उत्तराखंड के आदि स्कूलों ने प्रतिभाग किया जिसमें नॉर्थ जोन 1 के सभी स्कूलों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सीबीएसई नॉर्थ जोन 1 बालिका वर्ग में 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें गाजियाबाद की तरफ से श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय हॉकी टीम ने अंडर 17 गर्ल्स कैटेगरी मैं प्रतिभा करते हुए रामपुर में सभी टीमों को एक तरफ मात देते हुए फाइनल में जगह बना ली। इसी के साथ फाइनल मैच आर्मी पब्लिक स्कूल देहरादून और ठाकुरद्वारा के बीच खेला गया जिसमें मैच ड्रॉ पर रहा और फाइनल शूटआउट में



ठाकुरद्वारा को एक जीरो का सामना करना पड़ा। सीबीएसई नॉर्थ जोन के सिल्वर मेडल को अपने झोली में डाल लिया इसी के साथ अंडर 17 मैं बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड अनुष्का शर्मा को मिला। स्कूल प्रधानाचार्य पूनम शर्मा ने टीम का भव्य स्वागत किया और बच्चोंका मनोबल बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पूर्व परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार वर्तमान में (एमएलसी) अशोक कटारिया का स्वागत किया गया। इस अवसर पर गौरव चोपड़ा (पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा), जिला अध्यक्ष के ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सौदान गुजर, सुनिल निठोरा, मोनू त्यागी, लीलू प्रधान, मास्टर विकास शर्मा, जग्गी सिंह आदि उपस्थित रहे।

## केडीबी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** के.डी.बी पब्लिक स्कूल कविनगर में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को अधिकारिक तौर पर उनकी भूमिकाएं एवं जिम्मेदारियां सौंपी गईं। विद्यालय प्रधानाचार्या ने कहा कि यह समारोह छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होता है, जहां वे नेतृत्व क्षमता को विकसित कर, स्कूल द्वारा निर्धारित जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तैयार होते हैं।

इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। छात्रों के बीच अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व सहित अन्य गुणों को सिखाने में सभी सदनों की भूमिका को भी



महत्वपूर्ण बताया। इस समारोह में छात्र परिषद के सदस्यों को विभिन्न पदों के लिए चुना गया।

जिसमें मुख्य रूप से हेड बॉय- अनंत 12जी ई, हेड गर्ल अक्षिता शर्मा 12जी सी, वॉइस हेड बॉय श्रेष्ठ माथुर 11जी डी, वॉइस हेड गर्ल हितेषी सिंघल 11जी डी, लिटरेरी कैप्टन मैत्री यादव 12जी एफ, कल्चरल कैप्टन अर्शिता पांडेय 12जी जी, स्पोर्ट्स कैप्टन ध्रुव चतुर्वेदी 12जी ई एवं कोऑर्डिनेटर सात्विक गुप्ता 12जी ए, नियुक्त किए गए। इसी क्रम में चारों सदनों - संस्कार, सत्कर्म, सद्भावना, संस्कृति से कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन एवं प्रीफेक्ट्स चुने गए।

सभी नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को प्रधानाचार्या निवेदिता राणा एवं उप प्रधानाचार्या नम्रता दुबे द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। सभी पदों पर चयनित विद्यार्थियों को अपने-अपने निर्धारित कर्तव्यों को सत्य एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान से की गई।

## वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10 अगस्त को



**गाजियाबाद।** दुर्गा वाशिंग पाउडर के चौयरमेन प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि अगला वैश्य युवक- युवती परिचय सम्मेलन 10 अगस्त दिन रविवार को होगा साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाए, जिससे कि रिश्ते ज्यादा से ज्यादा हो सके।

## बड़ी गोशाला बनाने की योजना नगर निगम ने किया निरीक्षण

**गाजियाबाद।** नगर निगम की टीम ने खाली जमीन को लोगों के हित में उपयोग करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा टीम के साथ अकबरपुर बहरामपुर की जमीन का जायजा लिया गया। जिसमें अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, संपत्ति अधीक्षक रामशंकर व अन्य टीम उपस्थित रही। भूमि के नक्शे के आधार पर विजयनगर स्थित अकबरपुर बहरामपुर की भूमि खसरा नंबर 158 का भी जायजा लिया गया, जहां लगभग चार एकड़ भूमि है। इस जमीन को नगर निगम के वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग बनाकर इस्तेमाल में लेने के लिए निर्देश दिए गए। जिसका कार्य जल्द ही शुरु किया जाएगा। मेवला अगरी मोहन नगर क्षेत्र में निगम की लगभग 32 हेक्टेयर भूमि है जिसमें रिन्यूवल की लगभग 10 एकड़ भूमि है जिस पर बड़ी गौशाला बनाने की योजना बनाई गई है।

नगर आयुक्त ने टीम को भूमि की बाउंड्री करने के निर्देश दिए है। मौके पर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहेस नगर आयुक्त ने फैसला लिया है कि ऐसी जमीनें जो कब्जे से मुक्त कराई गई है और जो निगम की है उसका इस्तेमाल जनहित में किया जाए। इसका निर्णय लेते हुए अधिकारी ने कार्यवाही करने के निर्देश टीम को दिये।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में विश्व हेपेटाइटिस दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वर्ल्ड हैपेटाइटिस दिवस के अवसर पर आईटीएस डेन्टल कॉलेज के माइक्रो बायोलॉजी विभाग के द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर कॉम्पीटीशन आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना और नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल कार्यक्रम मे सहयोग देना तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन ग्लोबल हैपेटाइटिस स्ट्रेटेजी में सहयोग देना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक और छात्रों द्वारा पोस्टर प्रजेंटेशन आयोजित की गई। बीडीएस तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने हेपेटाइटिस बी विषय पर



प्रभावशाली व्याख्यान दिये।

कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी गयी कि हेपेटाइटिस वायरस के 5 प्रकार होते है, जिनमें हेपेटाइटिस ए बी सी डी और ई, इनमें हेपेटाइटिस बी एवं सी सबसे ज्यादा खतरनाक है। क्योंकि लगभग 57 प्रतिशत लिवर सिरोसिस और 78 प्रतिशत लिवर कैंसर इन दोनों प्रकार के वायरस से होते है। इस बीमारी में पहले हल्का बुखार, पेट दर्द, भूख न लगना उल्टी का मन करना और पीलिया हो जाता है। विशेषज्ञों ने बताया कि हेपेटाइटिस ए और ई दूषित भोजन और पानी से फैलता है, जबकि बी, सी और डी प्रकार रक्त और अन्य शारी. रिक तरल पदार्थो के माध्यम से फैलते है।

हेपेटाइटिस बी की रोकथाम के लिए टीकाकरण सबसे प्रभावी उपाय है, साथ ही स्वच्छ और सुरक्षित चिकित्सा उपकरणों का उपयोग, डिस्पोजेबल सिरिंज और आधुनिक ब्लड बैंक की सुविधा भी बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन माइक्रोबायोलॉजी विभाग की फैकल्टी डॉ ममता शर्मा की देखरेख मे किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे सफल बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डॉ सर्वजीत सिंह अरोड़ा, डॉ मौहम्मद शोएब, डॉ ममता शर्मा और डॉ याचना अरोड़ा शामिल रहे, जिन्होंने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस सफल कार्यक्रम के लिये सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा एवं संस्थान के डायरेक्टर- प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी को धन्यवाद दिया।

# मुख्यमंत्री ने 'हौसलों की उड़ान' योजना शुरू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि राजधानी के युवाओं के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना लागू की जा रही है, जो दिल्ली के युवाओं को विशेष पहचान तो देगी ही और उनका नाम भी रोशन करेगी। 'हौसलों की उड़ान' नाम की यह योजना दिल्ली के युवाओं को उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने, प्रदर्शित करने और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच बनाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगी। दिल्ली सरकार की कैबिनेट की बैठक में 'हौसलों की उड़ान' को मंजूर कर लिया गया है। इस बैठक में सभी कैबिनेट मंत्री, मुख्य सचिव व वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली के युवाओं की प्रतिभा खोजने के लिए इस योजना का खाका बेहद ही समझदारी व समर्पण भाव से तैयार किया गया है।

दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने 'हौसलों की उड़ान' की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली सरकार की यह एक और ऐतिहासिक योजना है। हमारी सरकार दिल्ली के टैलेंट को दुनिया के सामने लाने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली के युवाओं में गीत, संगीत, आर्ट, डिजिटल आर्ट, विजुअल आर्ट के बहुत सारे टैलेंट हैं, जिनको मंच नहीं मिल पाता। कपिल मिश्रा ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली की सभी विधानसभाओं में टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और उसके बाद हर विधानसभा से टैलेंट का पूल इकट्ठा करके जोनल लेवल पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जोन और जिला स्तर के बाद यह प्रतियोगिताएं राज्य स्तर पर आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने यह भी बताया कि "हौसलों की उड़ान" के लिए छह प्रकार की कलाएं चुनी गई हैं, इनमें गायन, नृत्य, कविता, शिल्प कला विजुअल आर्ट, डिजिटल आर्ट और थिएटर शामिल हैं। सभी श्रेणियों में दिल्ली की कला की पहचान करके राज्य स्तर की एक मेगा टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया।

## रोहिणी जेल में गैंगस्टर के निर्देश पर हथियारों की सप्लाई, पकड़ा

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर हाशिम बाबा गिरोह का सक्रिय सदस्य और योगेश भाटी का करीबी सहयोगी कपिल उर्फ घोड़ा को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से तीन पिस्टल और २८ कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा से अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल गैंगस्टर कपिल उर्फ घोड़ा के बारे में कांस्टेबल आशीष को जानकारी मिली थी। एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गोपालपुर, आउटर रिंग रोड के पास घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह हाशिम बाबा गिरोह का एक सक्रिय सदस्य है।

# करोल बाग में नकली ऑटोमोबाइल पार्ट्स रैकेट के 11 आरोपी पकड़े

■ पचास लाख रुपये से ज्यादा का सामान जब्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्या आप करोल बाग से ऑटोमोबाइल पार्ट्स खरीद रहे हैं तो सावधान हो जाएं हो सकता है कि जो पार्ट्स आप ले रहे हैं वो नकली हो,अपराध शाखा की टीम ने यहां के चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी करके ११ लोगों को गिरफ्तार किया है,जो तीन ब्रांडेड कंपनियों के नकली ऑटोमोबाइल पार्ट्स बेच रहे थे। बरामद नकली सामान की कीमत करीब पचास लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी अभी तक करोड़ों का सामान बेच भी चुके थे। पुलिस उनके नेटवर्क के बारे में और मोबाइल फोन व बैंक खातों की जानकारी लेकर जानने की कोशिश कर रही है कि इनका नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है,कितने लोगों से संपर्क में हैं और कितने रुपये अभी तक कमा चुके हैं। आरोपियों के कब्जे से १९ लाख रुपये की नकदी भी बरामद की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी रमेश लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतेन्द्र मोहनऔर कमल कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद संपत्ति संख्या ९९०, शिवाजी स्ट्रीट, गली संख्या १, नाई वालान, करोल बाग में छापेमारी की। यहां से धीरज सिंह, अमित सिंह और दीपांकर नागपाल उर्फ विक्की नागपाल) को गिरफ्तार किया। करोल बाग से हर्ष कुमार, रिंकू और रविंदर को गिरफ्तार किया। संपत्ति संख्या टी-२४४९, सुभाष मोहल्ला, नाई वालान, करोल बाग से राघवेंद्र सिंह, सचिन सिंह और विनोद आहूजा को गिरफ्तार किया। संपत्ति संख्या १८/१२, बेसमेंट, पूशा लेन, करोल बाग से आशीष मल्होत्रा उर्फ आशु और आलोक प्रुथी उर्फ मोंटी को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ करने पर पता चला कि गैंग स्थानीय और क्षेत्रीय निर्माताओं से असली पुर्जों की तुलना में बहुत कम कीमत पर घटिया, नकली ऑटो पार्ट्स खरीदते थे। ये पार्ट्स काम में तो एक जैसे थे, लेकिन असली उत्पादों के टिकाऊपन और सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं थे। जाली लेबल, होलोग्राम, लोगो और पैकेजिंग सामग्री का इस्तेमाल करके, यह समूह नकली उत्पादों को प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनियों के उत्पादों जैसा दिखाने के लिए उनका नाम बदल देता था।

# तीन फ्लाई ओवर की बदलेगी सूरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मोदी मिल फ्लाईओवर , पुराना राव तुला राम फ्लाईओवर और दक्षिणी दिल्ली के आईआईटी फ्लाईओवर की दशा जल्द ही सुधरेगी। इनकी संरचनात्मक जांच के लिए पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) टेंडर भी जारी कर दिया है। अब इनकी मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि इनमें मोदी मिल फ्लाईओवर की मरम्मत कार्य पूर्व में भी किया गया है

।दक्षिणी दिल्ली में ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए आईआईटी, पुराना राव तुला राम और मोदी मिल फ्लाईओवर पर मरम्मत व सुंदरीकरण का काम किया जाएगा। यह तीनों फ्लाईओवर काफी पुराने हो गए हैं। हाल ही में विभाग के निरीक्षण में सामने आया था कि इन फ्लाईओवर के पैचवर्क, प्लास्टर और पेंटिंग के साथ-साथ सेंट्रल वर्ज में सुधार की आवश्यकता है। इन पर लगाए गए ध्वनि अवरोधक भी जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। पीडब्ल्यूडी ने तीनों फ्लाईओवर की संरचनात्मक जांच के लिए ७२.२ लाख रुपये का टेंडर भी जारी किया है। निरीक्षण में फ्लाईओवर की सतहों पर दरारें मिली हैं। जबकि कई जगहों पर एक्सपेंशन जाइंट्स को बदलने की जरूरत है। वर्तमान में सरिता विहार फ्लाईओवर पर भी एक्सपेंशन जाइंट्स को बदला जा रहा है। इसके अलावा पुराने राव तुला राम फ्लाईओवर में क्रैश बैरियर नहीं हैं और सेंट्रल वर्ज की हरियाली का रखरखाव नहीं हुआ।

जांच और कार्य को पूरा करने के लिए ५४० दिन का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा इन फ्लाईओवर के साथ ही लाला लाजपत राय मार्ग के पास एक पुलिया का संरचनात्मक आडिट भी किया जाएगा। इन फ्लाईओवर की खामियों की वजह से प्रतिदिन लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। इसके अलावा वाहनों को भी नुकसान पहुंचता है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली सरकार की कैबिनेट बैठक में 'हौसलों की उड़ान' को मंजूरी देते हुए।

## जल बोर्ड की ओर से सप्लाई किए जा रहे पानी के 20% नमूने फेल

**नई दिल्ली।** एमसीडी की जांच में सामने आया है कि जल बोर्ड की ओर से सप्लाई किए जा रहे पानी के नमूनों में से करीब २० प्रतिशत मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। इस तरह हर पांचवें घर में पानी पीने योग्य नहीं है। एमसीडी की जांच रिपोर्ट के मुताबिक, एक अप्रैल २०२४ से ३१ मार्च २०२५ की अवधि में २२५५ नमूने लिए गए, जिनमें से ४०९ नमूने निम्न गुणवत्ता के पाए गए। इसी तरह इस वर्ष एक अप्रैल से ३० जून तक ८७० नमूनों में से १७४ नमूने फेल हुए।

एमसीडी के अनुसार, दिल्ली जल बोर्ड की ओर से सप्लाई किए जाने वाले पानी के स्रोतों और घरों तक पहुंचने वाली लाइनों से नमूने लेकर जांच की जाती है। यह नमूने मुख्य रूप से जल की क्लोरीन की उपलब्धता, बैक्टीरिया की मौजूदगी और पीने योग्य मानकों के आधार पर जांचे जाते हैं। यदि पानी में क्लोरीन की मात्रा तय मानक से कम पाई जाती है तो दिल्ली जल बोर्ड को तत्काल सूचित किया जाता है ताकि आपूर्ति में सुधार किया जा सके। जल (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम, १९७४ के अंतर्गत पीने का पानी दूषित पाए जाने और उससे जन स्वास्थ्य को खतरा होने की स्थिति में जल बोर्ड के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा उपभोक्ताओं को क्षतिपूर्ति का दावा करने का भी अधिकार होता है। जनता को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना जहां सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# समाज कल्याण मंत्री न जल निकासी की व्यवस्था का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने रोहिणी स्थित दीप विहार व रोहिणी के अन्य क्षेत्रों में जलनिकासी की व्यवस्था को लेकर नगर निगम व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि बारिश के बाद निश्चित समय से अधिक जल भराव रहे तो त्वरित कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों के साथ जल निकासी की स्थिति का मूल्यांकन किया और आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जलजमाव की समस्या पर त्वरित कार्यवाही की जाए ताकि स्थानीय निवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। नाली-नालों में कोई रुकावट न रहे, लगातार स्वच्छता कार्य चलाएं। समाज कल्याण मंत्री ने यह भी कहा कि यदि किसी निर्माण कार्य के चलते जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है, तो उस पर भी तत्काल ध्यान दिया जाए और निर्माणकर्ताओं को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए जाएं।

# वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में महिलाओं को नाइट शिफ्ट में कार्य करने की छूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की महिलाओं के सशक्तिकरण व उन्हें अधिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार महिलाओं को दुकानों/वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में नाइट शिफ्ट (२४०७, रात्रि पाली) में कार्य करने की छूट दी जा रही है। यह निर्णय इस क्षेत्र के कार्यबल (वर्कफोर्स) में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाएगा साथ ही मेंम व क्विपदह ठनेपदमे (व्यापार करने में आसानी) को भी बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रावधान किए जा रहे हैं, जिनमें रात की ड्यूटी के दौरान परिवहन की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त सुरक्षा गार्ड की तैनाती आदि शामिल है। देश के कुछ राज्यों में महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने की छूट मिली हुई है। मुख्यमंत्री के अनुसार सरकार का यह निर्णय दिल्ली को २४०७ बिजनेस हब बनाने में मदद करेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि उपराज्यपाल की स्वीकृति के लिए यह प्रस्ताव उन्हें शीघ्र भेजा जा रहा है। इस विषय पर उपराज्यपाल से पहले चर्चा हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस निर्णय को लागू करने के लिए दिल्ली दुकान एवं स्थापना अधिनियम-१९५४ में छूट दी जा रही है। इस अधिनियम की धारा १४, १५ एवं १६ के अनुसार महिलाओं को (गर्मी के मौसम में) रात ९ बजे से सुबह ७ बजे तक व (सर्दी के मौसम में) रात ८ बजे से सुबह ८ बजे तक कार्य करने की अनुमति नहीं है। लेकिन अब इसमें परिवर्तन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि महिला कल्याण हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर है। हम विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कामकाजी महिलाओं के आर्थिक उत्थान को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार हरियाणा, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु आदि में यह छूट पहले से ही जारी है। अब इसे देश की राजधानी दिल्ली में भी लागू किया जा रहा है, क्योंकि दिल्ली सरकार महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को अपनी नीति की केंद्रीय प्राथमिकता मानती है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | CPYZ छोर पर PF-1 और 2, DLI छोर पर PF-3 और 4, DLI छोर पर PF-5 और 6 के चौड़ीकरण ट्रैक की स्लीविंग और गाजियाबाद स्टेशन पर RPC-4 सुविधा के साथ दो स्टेबलिंग लाइनों के प्रावधान के संबंध में सिग्नलिंग का काम। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 90,47,302.78 |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 1,81,000.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 28.07.2025 निविदा खुलने का दिनांक 19.08.2025 15:00 बजे तक। |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्या : 558-Sig/16/M/Tender-1452

दिनांक : 28.07.2025 2310/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह रोहिणी स्थित दीप विहार में जलनिकासी की व्यवस्था को लेकर निगम अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए।

## पंजाबी बाग में मर्डर से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में बीती रात करीब १० बजे एक ४५ वर्षीय व्यक्ति की नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राजौरी गार्डन के टीसी कैंप निवासी मोहम्मद मंजूर के रूप में हुई है। वह साप्ताहिक बाजारों में कपड़े बेचता था। वह मादीपुर के साप्ताहिक बाजार से अपने रिक्शा पर लौट रहा था, तभी उसे गोली मार दी गई।

## इंस्टाग्राम पर पिस्टल लहराने वाला साथी के साथ पकड़ा

**नई दिल्ली।** इंस्टाग्राम पर हथियार दिखाकर दहशत फैलाने की कोशिश करने वाले एक युवक को उसके साथी के साथ बाहरी जिला की एएटीएस पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान उपलक्ष उर्फ प्रिंस और सोनू उर्फ बिहारी के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के ११ वाहन जब्त किये हैं। पुलिस आरोपियों से हथियार जब्त करने की कोशिश कर रही है। आरोप वाहनों को एटा यूपी में ले जाकर काफी सस्ते दामों पर बेच दिया करते थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सात जुलाई को सुल्तानपुरी में एक एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसमें एक आरोपी डिंपल को इंस्टाग्राम पर अवैध पिस्टल दिखाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसका साथी, उपलक्ष उर्फ प्रिंस जो वीडियो में भी दिखाई दे रहा था वह फरार हो गया था।


**SHRIRAM Finance** | **SHRIRAM City** MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड**

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट) मुम्बई-400 051, **फोन:** 022 4241 0400, 022 4060 3100; **वेबसाईट:** http://www.shriramfinance.in, **पंजीकृत कार्यालय:** श्री टॉवर्स, प्लॉट नं. 14ए, साऊथ फेज औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई- 600032, **शाखा कार्यालय:** यूजीएफ- 12-21, अपर ग्राउंड फ्लोर, 14 अंबा डीड बिल्डिंग, कस्तूरबा गांधी मार्ग, बाराखंभा, नई दिल्ली-110001.

**परिशिष्ठ-IV-A** | **नियम 8(6) और 9(1) का प्रावधान देखें** | **अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**नोट: यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार ''श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड'' को ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' का नाम बदलकर ''श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक 30-11-2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार/गारंटर/ओं को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को श्रीराम पफाइनेंस लिमिटेड (पहले श्रीराम सिटी यूनियन पफाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के पास गिरवी रखा गया था। जिसका भौतिक कब्जा श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, ई-नीलामी में ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 4 सितम्बर 2025 प्रात: 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच बेचा जाएगा। जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है, उधारकर्ताओं और जमानतदारों से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड को देय शेष राशि की वसूली के लिए उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और भार, उसके बारे में जानें, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और बयाना जमा और वेतन वृद्धि भी इस प्रकार दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गयारंटरों/बंधककर्ता के नाम | 13(2) मांग सूचना की दिनांक और राशि | आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि | धरोहर राशि जमा विवरण (ईएमडी) विवरण | नीलामी की दिनांक और समय | सम्पर्क व्यक्ति और निरीक्षण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| **ऋण खाता नं. RSSDLTF2003070002** 1) मैसर्स अनुष्का कंस्ट्रक्शन (उधारकर्ता) (प्रतिनिधि द्वारा श्री अजय त्यागी) 15/4, अपर ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर-5, वशुंधरा गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201012 इसके अलावा: पता-ए-30, परिवहन अपार्टमेंट सेक्टर-5, वशुंधरा गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201012 इसके अलावा: प्लॉट नंबर 29, खसरा नं. 1115 बाहुबली एन्क्लेव, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201002 2) श्री अजय त्यागी (सह-उधारकर्ता/गारंटर) पता- ए-30, परिवहन अपार्टमेंट सेक्टर-5, वशुंधरा गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201012 3) श्रीमती रीना त्यागी (सह-उधारकर्ता/गारंटर) ए-30, परिवहन अपार्टमेंट सेक्टर-5 वशुंधरा गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201012. कब्जे की दिनांक और प्रकार: 06-मार्च-2025 भौतिक कब्जा; ज्ञात ऋण भार: ज्ञात नहीं | रू. 26,65,467/- (रू. छब्बीस लाख पैंसठ हज़ार चार सौ सड़सठ मात्र) ऋण खाता नंबर के संबंध में RSSDLTF2003070002 दिनांक 16 दिसम्बर 2024 तक इस ऋण के समापन के समय लगने वाले अतिरिक्त ब्याज, कानूनी और अन्य लागतों को छोड़कर। डिमांड नोटिस की दिनांक: 16-12-2024 30-06-2025 तक FCL राशि. रु. 25,20,139/- (पच्चीस लाख बीस हजार एक सौ उनतालीस मात्र) | रू. 90,00,000/- (रूपये नब्बे लाख मात्र) बोली वृद्धि: रू. 25,000/- (रूपये पच्चीस हजार मात्र) और ऐसे गुणांकों में; जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (रू.): रू. 9,00,000/- (रू. नौ लाख मात्र) ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक: 03 सितम्बर 2025 सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | ईएमडी राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में नीचे उल्लिखित खाता विवरण में जमा की जानी है। **बैंक का नाम**- एक्सिस बैंक लिमिटेड **शाखा** - डॉ0 राधा कृष्णन सलाई, मायलापुर, चेन्नई **बैंक खाता सं.**- चालू खाता नं. 006010200067449 IFSC CODE-UTIB0000006 | 04 सितम्बर 2025 समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक | सुरेंद्र शेखावत 8385906610 श्री देबज्योति 91 9874702021 पवनप्रीत सिंह 9278888814 सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 24 अगस्त 2025 समय सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक |

**सम्पत्ति का विवरण**

अनुसूची-1: प्लॉट नं. 29, क्षेत्रफल 200 वर्ग गज खसरा नं. 1115, बाहुबली एन्क्लेव, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201002, उक्त सीमाएं:- पूर्व: अन्य, पश्चिम: 40 फीट रोड, उत्तर: संपत्ति नंबर 28, दक्षिण: संपत्ति संख्या 30

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के तहत वैधानिक 30 दिन का नोटिस

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को ई-नीलामी की तिथि यानी 4 सितम्बर 2025 से पहले ऊपर बताई गई राशि के साथ-साथ नवीनतम ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता है, ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।ऑनलाइन नीलामी हमारी तृतीय पक्ष नीलामी एजेंसी की वेबसाइट https://eauctions.samil.in) पर आयोजित की जाएगी और निविदा प्रस्तुत करने/बोली फॉर्म प्राप्त करने/निविदा खोलने और नीलामी के स्थान के लिए, कृपया वेबसाइट https://eauctions.samil.in पर जाएं और बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की वेबसाइट में दिए गए लिंक https://eauctions.samil.in/auction को देखें।

स्थान:- गाजियाबाद
दिनांक:- 30.07.2025

हस्ताक्षर- अधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड।


# तबादलों से किया जा रहा तिहाड़ जेल की सुरक्षा को चाक-चौबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल की सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए यहां लंबे समय से तैनात कर्मचारियों और अधिकारियों का तबादला किया जा रहा है। हालांकि जेल प्रशासन इसे रूटीन प्रक्रिया बता रहा है लेकिन हाल के कुछ वर्षों में देखें तो इतने बड़े पैमाने पर तबादले पहली बार हुए हैं। जेल प्रशासन ने करीब दो सौ से अधिक अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक को दूसरे जेल में स्थानांतरित कर दिया है। इसमें जेल अधीक्षक से लेकर वार्डर तक शामिल हैं। तिहाड़ के १६ जेलों में से नौ जेलों के अधीक्षक को बदल दिए गए हैं। इन तबादलों के पीछे जेल की सुरक्षा और कामकाज के साथ ही यहां तैनात कुछ कर्मचारियों पर अंगुली भी उठना माना जा रहा है।

तिहाड़ जेल में क्षमता से दोगुना कैदी बंद हैं। इसकी कई जेल संवेदनशील हैं। क्योंकि इनमें गैंगस्टर और महत्वपूर्ण मामलों के आरोपी कैद हैं, जिनकी सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में इन जेलों में ऐसे कर्मचारियों का तबादला किया गया है, जो इन जेलों में पहले अन्य पदों पर काम कर चुके हैं और उन्हें जेल की हर बारीकियों का पता है। तिहाड़ के जेल नंबर दो में गैंगस्टर, आठ और नौ में आर्थिक अपराध और अन्य मामलों से संबंधित आरोपी, चार में पहली बार अपराध करने वाले बंद हैं। मंडोली के जेल नंबर ११ और १३ में सुकेश और हासिम बाबा जैसे आरोपी और गैंगस्टर बंद हैं। इन जेलों के कामकाज में अलग अलग तरीके की समस्या आती रही है। प्रशासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों की उनकी दक्षता के अनुसार ही एक जेल से दूसरे जेल में तबादला किया है, जिससे जेल में कामकाज में किसी तरह की कोई समस्या न आए और इसे मजबूती प्रदान किया जा सके।

# करंट की चपेट में आने से दो घोड़ों की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भीषण गर्मी के बीच हापुड़ में हुई बारिश राहत की बजाय आफत बन कर आई। मंगलवार को नगर की लापरवाह व्यवस्था के कारण दो घोड़ों की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के अपना घर कक्कलोनी के बाहर हुई, जहाँ जलभराव के कारण बिजली के खंभे में करंट उतर गया था। हादसा उस समय हुआ जब एसएसवी इंटर कॉलेज की छुट्टी होने के बाद सैकड़ों बच्चे उसी रास्ते से गुजर रहे थे। स्थानीय निवासियों के अनुसार, बारिश के बाद अपना घर कॉलोनी के बाहर की सड़क पूरी तरह पानी में डूब गई थी। इसी जलभराव में एक लोहे का बिजली का खंभा लंबे समय से एक पेड़ के सहारे झुका हुआ था। लोगों ने बताया कि इस खंभे में पहले से ही करंट उतर रहा था, जिसकी सूचना कई बार विद्युत विभाग को दी गई थी, लेकिन हर बार अनदेखी की गई। मंगलवार को जब दो घोड़े उस पानी में घुसे, तो उन्हें जोरदार झटका लगा और वे वहीं तड़पते हुए दम तोड़ गए। यह देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि घटनास्थल से ठीक पहले एसएसवी इंटर कॉलेज के सैकड़ों छात्र सड़क पार कर रहे थे। घोड़ों को तड़पते देख बच्चों और राहगीरों को करंट का आभास हो गया और उन्होंने तुरंत खुद को पीछे खींच लिया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि झुके हुए खंभे और उस पर छूते हुए बिजली के तारों की जानकारी विद्युत विभाग को कई बार दी गई थी। लेकिन विभाग ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। यह स्पष्ट है कि बारिश के पानी में करंट का उतरना, लटके हुए लोहे के खंभे पर बिजली के तारों का छूना, और समय पर कोई कार्रवाई न करना विभागीय लाप. रवाही को दर्शाता है।

# अवैध हथियार के साथ शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक शातिर बदमाश दानिश पुत्र रियाजुद्दीन निवासी ग्राम फरीदनगर थाना भोजपुर जनपद गजियाबाद को पलवाडा से चित्तोडा को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से एक अवैध तमंया मय एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया। बदमाश एक शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, पशु क्रूरता, आर्म्स एक्ट और गोवध अधिनियम जैसे करीब आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

# गांजे की तस्करी करने जा रहे दो गांजा तस्करों को पकड़ा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान गांजे की तस्करी करने जा रहे दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से अवैध गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के आनन्द फार्म हाउस के पास पैकिंग की जा रही थी तभी दो बाइक सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर संदिग्ध युवकों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दोनों को दबोच लिया। पुलिस ने जब इनकी तलाशी ली तो इनके कब्जे से करीब 40 हज़ार रूपये की कीमत का 4.500 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस दोनों युवकों को थाने ले आई। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए गांजा तस्कर क्षेत्र में गांजे की तस्करी करने के लिए जा रहे थे जिनको पुलिस ने धर दबोचा है। गांजा तस्करों की पहचान महेश पुत्र अतर सिंह निवासी चकोरी थाना हसनपुर जनपद अमरोहा और प्रशान्त पुत्र विजयपाल सिंह निवासी शाहपुर उर्फ भूत खदेडी थाना हसनपुर जनपद अमरोहा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में होगा दाखिला 13 अगस्त तक बढ़ी आवेदन की अंतिम तिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शरफाबाद में शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के आवे. दन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पूर्व में इसके लिए अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित थी लेकिन अब अंतिम तिथि को 13 अगस्त तक बढ़ाया गया है। इस वर्ष कक्षा 6 में प्रवेश हेतु जनपद बागपत से 80 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

प्राचार्य दुष्यंत कुमार सिंह ने बताया कि इस बार आवेदन की पूरी प्रक्रिया अक्नलाइन है एवं अभिभावकों की सुविधा के लिए अंतिम तिथि 13 अगस्त तक बढ़ाई गई है। इच्छुक विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा केंद्र ब्लॉक स्तर पर बनाए जाएंगे, जिससे दूरद. राज के गांवों के बच्चों को भी परीक्षा देने में परेशानी न हो। यह परीक्षा 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को होगी। पात्रता शर्तों के अनुसार, आवेदन करने वाला विद्यार्थी बागपत जिले का मूल निवासी होना चाहिए और सत्र 2025-26 में बागपत के सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 का छात्र होना अनिवार्य है। साथ ही कक्षा 3, 4 और 5 की पढ़ाई लगातार और नियमित की हो। विद्यार्थी की जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होनी चाहिए।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय भारत सरकार द्वारा संचा. लित आवासीय विद्यालय हैं, जहां चयनित विद्यार्थियों को छहवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक मुफ्त पढ़ाई, हॉस्टल, भोजन, पुस्तकें, यूनिफॉर्म और अन्य सुविधाएं दी जाती हैं। यहां ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेल, संगीत, कंप्यूटर, विज्ञान, गणित और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। यहां से पढ़कर विद्यार्थी डा.इंजीनियर, प्रशासनिक अधिक. ारी, सेना अधिकारी और कई बड़े पदों पर पहुंचे हैं। फॉर्म भरने में मदद के लिए विद्यार्थी या अभिभावक पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शरफाबाद में संपर्क कर अपना फॉर्म भरा सकते है। विद्यालय प्रशासन ने हेल्प डेस्क नंबर 8630173147 और 9927227795 भी जारी किए हैं, जहां फोन कर सहायता ली जा सकती है। विद्यालय प्रशासन ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते अपने बच्चों का आवेदन कराएं ताकि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र इस अवसर से वंचित न रहे।

# विश्वासघात कर रुपये हड़पने वाला कलेक्शन एजेंट गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुद्रेश्वर पुलिस ने विश्वासघात कर रुपये हड़पने के मामले में फरार चल रहे कलेक्शन एजेंट को किया गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुद्रेश्वर पुलिस द्वारा विश्वासघात कर रुपये हड़पने के मामले में फरार चल रहे कलेक्शन एजेंट अंकित पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम छछरपुर थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है।

# किसानों को मिले 40 हजार बैग यूरिया और 33 हजार बैग डीएपी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को जनपद में 1802.790 मैट्रिक टन (40,062 बैग) यूरिया तथा 1695 मैट्रिक टन (33,900 बैग) डीएपी खाद की आपूर्ति प्राप्त हुई है। जिला कृषि अधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि वर्तमान में जनपद में कुल उपलब्धता बढ़कर 3844.315 मैट्रिक टन (85,430 बैग) यूरिया तथा 2247.225 मैट्रिक टन (44,945 बैग) डीएपी हो गई है। उन्होंने कहा कि धान में उर्वरक टॉप ड्रेसिंग का कार्य अब लगभग समाप्ति की ओर है। वर्तमान स्टॉक जनपद के किसानों की आवश्यकता के लिए पर्याप्त है। कुमार ने किसानों से अपील की है कि वे यूरिया और डीएपी को एडवांस में खरीद कर न रखें। उन्होंने सलाह दी कि जब जरूरत हो तभी खाद खरीदें। जिला कृषि अधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि अगस्त माह में भी जनपद को खाद की एक और खेप प्राप्त होगी। इससे आपूर्ति बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों में उर्वरकों का उपयोग इस समय बहुत जरूरी है। शासन का उद्देश्य है कि किसानों को खाद समय पर और निर्धारित दरों पर उपलब्ध हो। कुमार ने किसानों से आग्रह किया कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और खाद को लेकर पूर्णत: निश्चिंत रहें।

## एक नजर

### मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों का किया निरिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने विकासखंड हापुड़ के उच्च प्राथमिक विद्यालय टियाला और प्राथमिक विद्यालय असौड़ा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता, साफ-सफाई और मिड-डे मील की स्थिति का जायजा लिया। प्राथमिक विद्यालय टियाला में निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता की जाँच की। उन्होंने अध्यापकों को कुछ छात्रों की शिक्षा पद्धति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने छात्रों को दिए जाने वाले मिड-डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि बच्चों को पौष्टिक भोजन मिल रहा है। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय असौड़ा का निरीक्षण किया। जहाँ सभी अध्यापक उपस्थित पाए गए। उन्होंने प्रधानाध्यापक को बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालय में कक्षा में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने जोर देकर कहा कि छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता और उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

### शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचा युवक भीड़ की हिंसा का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में ड्रोन चोरी की अफवाहों के चलते एक अजीबा. गरीब घटना सामने आई है। पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचा था, लेकिन रात के अंधेरे में उसे ड्रोन चोर समझकर मोहल्लेवालों ने पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। युवक के दो दोस्त मौके से फरार हो गए। हापुड़ और आसपास के जिलों में ड्रोन चोरी की अफवाहें तेजी से फैल रही हैं, जिससे लोग रात भर जागकर पहरा दे रहे हैं। इसी माहौल में, रात के समय बाइक पर घूम रहे तीन संदिग्ध युवकों को देखकर मोहल्लेवालों ने शोर मचा दिया। उन्होंने एक युवक को दबोच लिया, जबकि दो भाग निकले। पकड़े गए युवक ने जब संतोषजनक जवाब नहीं दिया, तो लोगों ने उसे चोर समझकर पीटना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक प्रेम प्रसंग के चलते अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो गया है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि भीड़ ने युवक को चोर समझकर पकड़ा था और मामले की जांच की जा रही है। वीडियो की भी जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सुबह-सुबह शराब की धड़ल्ले से बिक्री, वायरल वीडियो ने खोली आबकारी विभाग की पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के चितोली रोड पर स्थित देशी शराब के ठेके का एक बार फिर ऐसा मामला सामने आया है, जिसने आबकारी विभाग की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र के चितौली रोड पर स्थित देसी शराब के ठेके पर पर सुबह-सुबह ही शराब बेची जा रही है, वो भी खुलेआम नहीं, बल्कि चोरी छिपे। जैसे कोई बड़ा जुर्म किया जा रहा हो पर सच्चाई ये है कि ये जुर्म नहीं, अब नियमबद्ध धंधा बन चुका है। चितौली रोड पर स्थित देसी शराब के ठेके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें शराब के ठेके का सेल्समेन समय से पहले ही चोरी छिपे शराब बेचता हुआ नजर आ रहा है। जिसमें नशे की लत में डूबे लोग और बेधड़क चल रही बिक्री सब साफ देखा जा सकता है। बड़ा सवाल ये है कि सुबह-सुबह बिक रही शराब पर जिम्मेदार अफसर क्यों आंखें मूंदे बैठे हैं? इससे न सिर्फ नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं, बल्कि लोगों की जान से भी सीधा खिलवाड़ हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद आबकारी अधिकारी प्रकाश सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए शराब के ठेके पर नियम अनुसार जुर्माने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अगर कोई भी नियम विरुद्ध कृत्य करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रंजिश के चलते दो भाईयों पर धारदार हथियारों से हमला कर किया घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कपूरपुर थाना क्षेत्र के गांव सालेपुर कोटला में मंगलवार को घटना सामने आई। गांव के ही कुछ लोगों ने आपसी रंजिश के चलते दो भाईयों पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में नाजिम और इस्तेकार नामक दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिजनों ने घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमला गांव के ही कुछ लोगों द्वारा पूर्व विवाद को लेकर किया गया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। अभी तक वे पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। परिजनों ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों की गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग की है। कपूरपूर थाना प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। हापुड़ में किसानों के लिए उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उर्वरकों की 80प्रतिशत आपूर्ति सहायक आयुक्त/निबंधक सहका. रिता के माध्यम से सभी सहकारी समितियों को भेज दी गई है। इनमें गन्ना समितियां भी शामिल हैं। अफसरों का दावा है कि किसी भी सूरत में कालाबाजारी नहीं होने दी जाएगी।

# टैक्टर-ट्रॉली और बाइक की टक्कर में दो युवक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में दिल्ली-गढ़ रोड पर अटूटा पुलिया के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को गलत दिशा से आ रही एक तेज़ रफ़्तार टैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक को ज़ोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों में गांव अल्लीपुर निवासी सुरेंद्र कुमार भी शामिल हैं। सड़क से गुज़र रहे लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और घायल युवकों को उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा। फिलहाल घायलों का उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भर्ती कराया गया है जहां पर उनका इलाज जारी है।

# झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही रही। दोपहर बाद करीब 24 मिमी बारिश दर्ज की गई।

हापुड़ में बारिश से मौसम सुहावना हो गया। तापमान में भी भारी गिरावट आई। दिन का अधि. कतम तापमान पिछले दिनों 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास था। सोमवार को यह गिरकर 30 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। बारिश शुरू होते ही लोगों ने राहत की सांस ली। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस समय खेतों में धान और बाजरा जैसी खरीफ फसलों की बुवाई चल रही है। ऐसे में यह बारिश किसानों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकती है। शहर के कुछ इलाकों में बारिश के कारण जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली। इससे लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर निचले इलाकों में पानी भर गया।

कुछ मार्गों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। नगर पालिका कर्मी पानी निकासी की कोशिशें कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक-दो दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा। गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश के आसार जताए गए हैं। गर्मी से परेशान लोगों के लिए यह बारिश बहुत राहत दायक है। मौसम में आई इस बदलाव ने जनजीवन को सुकून दिया है।

# प्रतिबंधित पशु कटान करने के मामले में तीन दोषियों को सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा प्रतिबंधित पशु कटान करने के मामले में तीन आरोपियों को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा, साथ ही अर्थदण्ड से भी दंडित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी जयपाल सिंह, मनोज व जवर सिंह द्वारा प्रतिबंधित पशु कटान करने के सम्बन्ध में आरो. पियों के विरुद्ध थाना हापुड़ नगर पर गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम दर्ज किया गया था। उद्र मुकदमे में आरोपियों को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को न्यायालय द्वारा जयपाल सिंह पुत्र खेम सिंह निवासी कस्बा व थाना कांठ चौक बाजार जनपद अमरोहा, मनोज पुत्र भोले सिंह निवासी मोहल्ला चाहमीठी थाना कोतवाली नगर जनपद बिजनौर और जवर सिंह पुत्र छोटे सिंह निवासी मोहल्ला घोसीपुरा कस्बा व थाना कांठ चौक बाजार जनपद अमरोहा को दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि दो दिवस न्यायालय उठने तक की सजा व 1,050-1,050 रुपये कुल 3,150 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# फोटो जर्नलिस्ट पर चाकू से हमला

## पुलिस ने बदमाश को एनकाउंटर के बाद किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

नोएडा। थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा नागौरी फार्म हाउस सर्फाबाद के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान लोकल इंटेलिजेंस के जरिए सूचना मिली की वांछित बदमाश यहां से निकलने वाला है। बदमाश को आता देखकर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। बदमाश ने रुकने की बजाय भागने का प्रयास किया गया। साथ ही अपने को घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायर किया। पुलिस ने जवाबी एक्शन लेते हुए वॉर्निंग दी और बाद में फायर किया। बदमाश के पैर में गोली लगी। जिससे वो घायल हो गया। बदमाश की पहचान दीपक शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी ग्राम सर्फाबाद थाना सेक्टर-113 नोएडा के रूप में हुई है। घायल के पास से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 चाकू बरामद किया गया है। दीपक द्वारा सोमवार रात को पत्रकार प्रमोद शर्मा पुत्र ठकरी दत्त शर्मा निवासी ग्राम सर्फाबाद पर जान से मारने की नियत से चाकू से प्रहार किया गया था। इस संबंध में थाना सेक्टर-113 पर मुकदमा दर्ज है। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।



**चाकू से किया था हमला:** पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को दीपक ने विवाद के चलते पत्रकार प्रमोद शर्मा पर जान लेवा हमला करते हुए चाकू से कई वार किए थे। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उनके सीधे हाथ में गहरे घाव है। बदमाश दीपक पर 11 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। पुलिस जांच कर रही है।

## बाइक सवार युवकों ने कार चालक को पीटा

ग्रेटर नोएडा। दादरी में बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के महामाया एन्क्लेव कॉलोनी में कार चालक को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल के पिता ने तीन-चार अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महामाया एन्क्लेव कॉलोनी में धर्मचंद परिवार के साथ रहते हैं। उनका बेटा सूरज सिंह टैक्सी चलाता है। 26 जुलाई की सुबह दादरी के बस स्टैंड पर रिश्तेदार को छोड़ने गया था। वापस आते समय रास्ते में तीन-चार लड़के सड़क पर बाइक लहरा कर चला रहे थे। उनको हटने के लिए हॉर्न बजाया तो बाइक नहीं हटाई। टोकने पर भड़के युवकों ने कार रुकवा कर डंडे व लात-घूसों से बेटे की पिटाई कर दी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घायल के पिता ने तीन दिन बाद कोतवाली में केस दर्ज कराया है।

# ग्रेनो में 252 करोड़ से सफाई व्यवस्था सुधरेगी

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पेशेवर कंपनी की तलाश की जा रही है। कुछ कंपनियों का प्रस्तुतिकरण पसंद आया है। एजेंसी का चयन कर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।
**एनजी रवि कुमार, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में घर-घर से कूड़ा उठाने और साफ-सफाई की व्यवस्था जल्द दुरुस्त होगी। मैनुअल (हाथ से) और मशीन दोनों तरह से सफाई होगी। इस कार्य के लिए पांच साल में 252.49 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एकीकृत व्यवस्था के तहत कंपनी की तलाश के लिए जारी की गई निविदा खुलने की प्रक्रिया में है। ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था ज्यादा अच्छी नहीं है। ऐसे में प्राधिकरण ने सफाई की एकीकृत योजना बनाई है। इसके तहत अब प्रत्येक सेक्टर की मशीन और हाथ दोनों तरह से सफाई होगी।

घर-घर से कूड़ा उठाने, पत्तियों और मलबा उठाने की जिम्मेदारी एक ही कंपनी को दी जाएगी। इससे पूरे सेक्टर में एक ही एजेंसी काम करेगी। अभी अलग- अलग काम के लिए अलग अलग एजेंसी होने पर एजेंसियां एक दूसरे पर जिम्मेदारी टाल देती हैं। इस नियम के तहत सबसे पहले ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए एजेंसी की तलाश की जा रही है।

प्राधिकरण के एक अधिकारी के मुताबिक साफ सफाई करने वाली एजेंसी कचरे को कूड़ा निस्तारण केंद्र तक पहुंचाएगी। वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सफाई की एकीकृत व्यवस्था के तहत ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए जारी की गई 252.49 करोड़ रुपये की निविदा खुलने की प्रक्रिया में है। उम्मीद है कि जल्द ही कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में कूड़ा निस्तारण की जिम्मेदारी बिल्डर प्रबंधन की होती है।

कई सेक्टरों में निविदा जारी नहीं की ग्रेटर नोएडा के कई सेक्टरों और कुछ प्रमुख सड़कों की साफ- सफाई के लिए निविदा ही जारी नहीं की गई थी। इसकी वजह से शहर की साफ सफाई के लिए चयनित एजेंसी द्वारा उन सेक्टरों और सड़कों की सफाई नहीं की जाती,जो निविदा में शामिल नहीं हैं।

## कार की टक्कर से महिला की मौत

नोएडा। बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हुए सड़क हादसे में एक तेज रफ्तार कार ने महिला को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। हमीरपुर के अजीत सिंह ने केस दर्ज कराया है कि वह वर्तमान में गांव नवादा में किराये के मकान में रहते हैं। सोमवार को उनकी पत्नी सुमन वर्मा घर से काम पर जाने के लिए निकली थीं। फादर एनेल स्कूल के गेट के सामने सर्विस रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार क्रेटा कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में सुमन गंभीर रूप से घायल हो गईं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# 2.89 करोड़ की ठगी में साइबर अपराधी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नोएडा में साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर एक प्रोफेसर से दो करोड़ 89 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए। आरोपियों ने व्हाट्सऐप मैसेज के जरिये पीड़ित से संपर्क कर इस घटना को अंजाम दिया था। पीड़ित ने इस संबंध में 22 जुलाई 2025 को थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमें के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल कर रही थाना पुलिस ने मंगलवार को इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग के माध्यम से उक्त रुपये की धोखाधड़ी व ठगी करने वाले गैंग के एक सदस्य को फरीदाबाद, हरियाणा से गिरफ्तार किया है। इस ठगी के मामले में पुलिस ने 26 लाख रुपए बैंक में फ्रीज कराये है, रिफन्ड की कार्यवाही प्रचलित है।



एडीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-36 में रहने वाले रामकृष्ण नामक शख्स ने 22 जुलाई 2025 को थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कराया था कि वह राजस्थान के एक विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। वह पहले से शेयर बाजार में निवेश में रुचि रखते हैं। एक अप्रैल को उन्हें व्हाट्सऐप पर मैसेज आया। जिसमें इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग के माध्यम से लाभ कमाने का झांसा देकर 2,89,50,000 रुपये की धोखाधड़ी व ठगी की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल कर रही काना पुलिस ने आज साइबर अपराधी गैंग के एक अभियुक्त नितेश कुमार प्रसाद पुत्र शिव शंकर प्रसाद को फरीदाबाद, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

एडीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि साइबर अपराधी द्वारा स्वयं को एबांट वेल्थ कोलकाता (भारत) कंपनी का कर्मचारी बताकर व्हाट्सएप्प के माध्यम से संपर्क कर इन्वेस्टमेंट कराकर ट्रेडिंग के माध्यम से लाभ कमाने का झांसा देकर वादी के साथ उक्त रुपये की धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त ने अपने बैंक खाते को 2 प्रतिशत के लाभ कमाने के लिए अन्य अभियुक्तों को दे दिया। इसी क्रम में अभियुक्त के कोटक महिंद्रा बैंक के खाते में इस घटना के धोखाधड़ी के 6 लाख रुपये का आना पाया गया और अन्य घटना से संबंधित 30,77,074 रुपये का आना पाया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी।

## एक नजर

### अनिश्चितकालीन धरना शुरू

नोएडा (शाह टाइम्स)। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार से गांव रौनिजा में अनिश्चितकालीन धरना की शुरुआत की। संगठन के लोगों ने मांगें पूरी न होने धरना जारी रखने की घोषणा की है। संगठन के लोगों का कहना है कि यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो पॉइंट में हुई महापंचायत में लिए गए निर्णय के तहत संगठन ने इस अनिश्चितकालीन धरने की शुरुआत की गई है। धरने में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं।धरनारत लोगों का कहना है कि यह धरना प्रदर्शन यमुना एक्सप्रेसवे के प्रभावित किसानों के आवासीय प्लॉट, अतिरिक्त मुआवजा, जेवर एयरपोर्ट से जुड़ी समस्याओं, बैकलीज शिफ्टिंग और जल दोहन आदि मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर किया जा रहा है।

### धार्मिक स्थल, अनाथालय वृद्धाश्रम बनाने के लिए मौका

ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)। यमुना प्राधिकरण (यीडा) ने धार्मिक स्थल, अनाथालय व वृद्धाश्रम बनाने के लिए भूखंडों की योजना निकाली है। फिल्म सिटी के पास से लेकर आवासीय सेक्टरों में ऐसे भूखंड खरीदने का मौका है। प्राधिकरण की वेबसाइट पर योजना के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। प्राधिकरण के मुताबिक, धार्मिक स्थल के लिए 1000 वर्गमीटर से लेकर 1500 वर्गमीटर तक के पांच भूखंड शामिल हैं। सेक्टर-18, 20, 22 में भूखंडों को आरक्षित किया गया है। अनाथालय और वृद्धाश्रम के लिए सेक्टर-22 में भूखंड आवंटित किए जाएंगे। धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं इन भूखंड के लिए आवेदन कर सकती हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक आयोजनों के लिए भी भूखंड रखे गए हैं। सेक्टर-17ए व सेक्टर-22ई में ये भूखंड हैं। दोनों भूखंड 8000 वर्गमीटर के हैं।

### स्काइवॉक को आईआईटी की मंजूरी

नोएडा (शाह टाइम्स)। सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर पर गोलाकार स्काईवॉक बनाने की परियोजना के डिजाइन व ड्राइंग को परीक्षण के बाद आईआईटी दिल्ली की मंजूरी मिल गई है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि आईआईटी की मंजूरी के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। करीब 400 मीटर के इस स्काईवॉक के निर्माण में 34.24 करोड़ रुपये खर्च होंगे। निर्माण कार्य में 12 माह का समय लगेगा। यह स्काईवॉक नेशनल हाईवे-9 (दिल्ली-मेरठ-एक्सप्रेस-वे) से शहर में आने वाले वाहनों को जाम से निजात दिलाएगा। यहां हजारों रोजाना लोग सड़क पार करते हैं जिससे जाम लग जाता है। गोलकार स्काईवॉक पर राहगीरों को चढ़ने में कोई परेशानी न हो इसके लिए नोएडा की तरफ एस्केलेटर व नेशनल हाईवे की तरफ दो लिफ्ट लगेंगी। गोलचक्कर से आगे हाईवे पर फुटओवर ब्रिज बना है। इसे भी स्काईवॉक से जोड़ा जाएगा। स्काईवॉक को पिलरों पर खड़ा किया जाएगा।
**50 हजार लोग रोज पैदल चलते हैं:** प्राधिकरण की तरफ से करवाए गए सर्वे में यह बात सामने आई है कि गोलचक्कर से प्रतिदिन 50 हजार से ज्यादा लोगों का पैदल आवागमन होता है। मेरठ, गाजियाबाद, दिल्ली व नोएडा की तरफ से जाने वाले लोग ऑटो व बस से यहां उतरते हैं। जब लोग पैदल गोलचक्कर पार करते हैं तो वाहनों के रास्ते में बाधा आती है।

### पिता ने गला दबाकर बेटी की जान ली थी

ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)। कासना कोतवाली क्षेत्र के सिरसा गांव के समीप कॉलोनी में रहने वाले पिता ने बेटी की हत्या कर खुदकुशी कर ली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक संजना की हत्या गला दबाकर की गई थी। पिता अशोक की मौत का कारण हैंगिंग आया है। मूलरूप से आगरा के वाजिदपुर निवासी अशोक कुमार कासना क्षेत्र स्थित सिरसा गांव के समीप नई कॉलोनी में स्वयं का मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे थे। अशोक कुमार ने रविवार की रात अपनी बेटी संजना की हत्या कर खुद भी पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने मौत का कारण पता लगाने के लिए दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाया। कासना कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक संजना की गला दबाकर हत्या की गई थी, जबकि अशोक की मौत का कारण हैंगिंग आया है। पुलिस ने शुरुआत में आशंका जताई थी कि पिता ने गला दबाकर बेटी की हत्या की और फिर खुद आत्महत्या की।

# छात्रों को स्कूल से जोड़ने के लिए अभियान चलेगा

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जिले में आउट ऑफ स्कूल बच्चों (जो किसी भी कारण से स्कूल नहीं आ रहे) को दोबारा स्कूल से जोड़ने के लिए एक अगस्त से विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। शारदा पोर्टल के माध्यम से सात से 14 वर्ष की आयु के उन बच्चों को चिह्नित किया जाता है, जो पिछले 45 दिन से अधिक समय से बिना किसी सूचना के स्कूल नहीं आ रहे। उन्हें आउट आफ स्कूल माना गया है। इन बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार उचित कक्षा में दाखिला दिलाया जाएगा। इसके लिए उन्हें दो माह का ब्रिज कोर्स का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे नियमित कक्षा में पढ़ने के योग्य बन सकें।

इन बच्चों के प्रशिक्षण के लिए हर स्कूल में एक नोडल शिक्षक नामित किया जाएगा। यह बच्चों के प्रशिक्षण और प्रबंधन का जिम्मा संभालेंगे। यदि किसी विद्यालय में पांच से कम बच्चे हैं तो नोडल शिक्षक ही उन्हें पढ़ाएंगे। यदि संख्या पांच से अधिक होती है तो स्कूल प्रबंधन समिति के माध्यम से विशेष प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

## युवक की छत से गिरकर मौत

नोएडा। फेज-2 स्थित भंगेल गांव में रहने वाले युवक की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में छत से नीचे गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भंगेल गांव में 25 वर्षीय नीतीश रहते थे। वह सोमवार रात अपने घर की दूसरी मंजिल की छत पर सो रहे थे। वह संदिग्ध परिस्थितियों में छत से नीचे गिर गए। उन्हें उपचार के लिए भंगेल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा केंद्र में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी उपचार के दौरान मंगलवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है।

# अवैध बाइक टैक्सियों की भरमार, ऑटो चालकों पर पड़ रही मार

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जिले में संचालित अवैध बाइक टैक्सियों का संचालन से ऑटो चालकों को 10 करोड़ रुपये का हर माह नुकसान हो रहा है। ऐसा दावा ऑटो चालकों की एसोसिएशन कर रही हैं। उनका कहना है कि जिले में 20 हजार अवैध बाइक टैक्सियों का संचालन हो रहा है। प्रतिदिन 1200 से 1500 रुपये की कमाई इनकी ओर से की जा रही है। इनकी ओर से न तो टैक्स दिया जा रहा है न ही कोई परमिट लिया जाता है।

सूत्रों की मानें तो जिले में केवल तीन हजार बाइक टैक्सियां ही वैध रूप से संचालित हो रही हैं। बाकी बाइक प्राइवेट नंबर पर कॉमर्शियल काम कर रही हैं। ऐसे में परिवहन विभाग को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। जाहिर है कि विभिन्न प्रकार के एप इन संचालकों को बढ़ावा दे रहे हैं। इनके सहारे रोजाना दोपहिया वाहन से दो हजार रुपये तक की कमाई हो रही है। बता दें कि कॉमर्शियल वाहन चालकों को परिवहन विभाग पीला नंबर प्लेट जारी करता है। इसके साथ ही वाहन चालक की सवारियों को लेकर कई जिम्मेदारियां भी तय हो जाती हैं। ऐसे में कोई भी सड़क दुर्घटना होने पर चालक जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन प्राइवेट नंबर प्लेट वाले वाहन के साथ यह जिम्मेदारियां निजी हो जाती हैं।

**लगातार की गई शिकायतें:** नोएडा ऑटो चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष लाल बाबू ने बताया कि यह बाइक टैक्सियां सबसे अधिक नुकसान ऑटो चालकों के कारोबार को पहुंचा रही हैं। हर माह करीब दस करोड़ का नुकसान हो रहा है। ये टैक्सियां प्राइवेट नंबरों पर मनमाने ढंग से संचालित होती हैं और नियमों का उल्लंघन करती हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी विभाग कोई कदम नहीं उठा रहा।

# पहली बार जिले की कमान संभालेगी महिला डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर गठन के 26 वर्ष के इतिहास में पहली बार डीएम की कमान किसी महिला अधिकारी को सौंपी गई है। 26 वर्ष के इतिहास में जिले में देश के विभिन्न हिस्सों के 25 अधिकारी डीएम रह चुके हैं लेकिन एक भी महिला अधिकारी डीएम नहीं बनी। शानदार अधिकारी मेधा रूपम के रूप में पहली बार जिले में महिला अधिकारी डीएम बनीं हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व वह जिले में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में एसीईओ के रूप में कार्य कर चुकी हैं। उनके अच्छे व्यवहार व कार्यप्रणाली से शहरवासी भलीभांति परिचित हैं। अब शहर के लोगों को कमान संभालने के बाद उनसे बड़ी उम्मीदें हैं।



डीएम मनीष कुमार वर्मा की तैनाती जिले में 28 फरवरी 2023 को हुई थी। जिले में उनका कार्यकाल लगभग ढ़ाई साल का रहा। तैनाती के कुछ दिनों में ही अपने मधुर व्यवहार से उन्होंने सभी का दिल जीत लिया। कार्यालय आने वाले हर व्यक्ति से मिलना, उनकी समस्या सुनना, निस्तारण कराना, निर्णय लेने की क्षमता, लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई से उन्होंने सभी का दिल जीत लिया था। अब उनका स्थानांतरण डीएम प्रयागराज के पद पर हुआ है।

**यह रह चुके हैं डीएम:** जिले के पहले डीएम डाक्टर एसएस संधू थे, उनका कार्यकाल मात्र सात माह ही रहा। उसके बाद डीएम की कमान मनोज कुमार सिंह, मनोज सिंह, दीपक कुमार, के राम मोहन राव, जितेंद्र कुमार, एल वेंकटेश्वर लू, संतोष कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, संतोष कुमार यादव, एमकेएस सुंदरम, अजय चौहान, एवी राजामौली, श्रमण कुमार शर्मा, दीपक अग्रवाल, हृदेश कुमार, एमकेएस सुंदरम, कुमार रविकांत सिंह, एनपी गुप्ता, एवी राजामौली, चंद्रकांत, नागेंद्र कुमार सिंह, बृजेश नारायण सिंह, सुहास एलवाई व मनीष कुमार वर्मा जिले के डीएम रहे।

# ग्रेटर नोएडा में रंजिश के चलते परिवार पर हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जमाल. पुर गांव में एक परिवार पर रंजिश के चलते फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना करीब एक महीने पहले घटी थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी भूरा उर्फ रोहित बंसल को मंगलवार को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। इससे पहले इस मामले में चार अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

पीड़ित यशपाल भाटी ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में बताया था कि उनके पड़ोसी शिवम उनके भाई से रंजिश रखता है। इसी कारण 19 जून की रात शिवम अपने साथियों के साथ उनके घर के सामने पहुंच गया। आरोपियों ने परिवार को देखकर जान से मारने के इरादे से कई राउंड फायरिंग की।

इस घटना में परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए। पीड़ित का आरोप है कि आरो. पियों ने उनके घर के गेट को लोहे की रॉड से क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने शिवम समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि परिवार पर हमला करने के मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# साप्ताहिक बाजार में युवक की जेब से मोबाइल चुराया

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। बिसरख कोतवाली क्षेत्र के रोजा जलाल. पुर गांव के समीप साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गए युवक की जेब से मोबाइल चोरी हो गया। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक त्रिलोकी मिश्रा रोजा जलालपुर गांव में रहते हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को गांव के बाहर लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गए थे। इसी बीच किसी ने उनकी जेब से मोबाइल निकाल लिया। घर पहुंचने पर उन्हें मोबाइल चोरी की घटना के बारे में पता चला। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी।

कोतवाली प्रभारी कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चोरों का पता लगाकर मांबा. इल बरामद किया जाएगा।

# हाथरस का जोनल प्लान विकसित करने की तैयारी

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। यमुना विकास प्राधिकरण ने हाथरस का जोनल प्लान विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी है। यहां परंपरागत उद्योगों को स्थापित कराने को वरीयता दी जाएगी। उद्योगों को गति देने के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण और धातु कला को बढ़ावा दिया जाएगा। यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि हाथरस जिले के 358 गांव अधिसूचित क्षेत्र में आ रहे हैं, इन्हीं गांवों की जमीन पर नया शहर विकसित होगा। हाथरस जिले में भी प्राधिकरण के अन्य शहरी केंद्रों की तरह आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत आदि सेक्टर विकसित किए जाएंगे। सेक्टरों को सड़कों से जोड़ा जाएगा।

सीवर, पेयजल पाइप लाइन, बिजली लाइन आदि इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। परिवहन सेवा, स्कूल आदि जरूरी सुविधाएं विकसित होंगी। हाथरस में परंपरागत उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। हाथरस में अनाज, फल, सब्जी का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है, इसलिए कृषि उत्पाद एवं खाद्य प्रसंस्करण की इकाई लगाई जाएंगी। दुग्ध उद्योग को बढ़ावा देने के साथ ही अलीगढ़ जिले में तेजी से बढ़ रहे धातु कला उद्योग को नए हाथरस में मजबूती दी जाएगी।

# डिंपल पर कमेंट करने वाले मौलाना रशीदी को पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सपा सांसद डिंपल यादव पर कमेंट करने वाले ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी पर हमला हुआ है। मंगलवार को मौलाना नोएडा के एक चैनल के लाइव डिबेट में पहुंचे थे। डिबेट खत्म होने के बाद कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। तावड़तोड़ कई थप्पड़ जड़ दिए।

मौलाना ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। सिक्योरिटी वालों ने हमलावरों से उन्हें छुड़ाया। ये मामला सेक्टर-126 का है। मौलाना साजिद ने सपा कार्यकर्ता कुलदीप भाटी और मोहित नागर पर हमला करने का आरोप लगाया है। मौलाना आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-126 में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



22 जुलाई को डिंपल यादव अपने पति अखिलेश यादव के साथ दिल्ली की एक मस्जिद में गई थीं। जहां सपा सांसदों ने बैठक की थी। उसी दिन एक चैनल के डिबेट में मौलाना ने डिंपल के कपड़ों पर कमेंट किया था। इसके बाद से सपा कार्यकर्ताओं में मौलाना के खिलाफ गुस्सा है।

मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ लखनऊ में केस दर्ज हो चुका है। प्रदेश के कई जिलों में भी उनके खिलाफ पुलिस से शिकायत की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से भी मौलाना को नोटिस भेजा गया है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# डीएम ने की पीएम सूर्य घर योजना के सम्बंध में सम्बंधितों के साथ बैठक

## पीएम सूर्य घर योजना का उठाएं लाभ, 2कलो वाट का कनेक्शन लेने पर सरकार द्वारा मिलेगी 90000 की सब्सिडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिक.ारी ने पीएम सूर्य घर योजना के सफल क्रियान्वयन के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठेक की। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक घर को रोशन करने के साथ-साथ लोगों के कंधों से आर्थिक बोझ कम करना भी है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 फरवरी, 2024 को की थी। इस योजना के तहत घरों को अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाएगी। इस योजना का कोई भी घरेलू विद्युत उपभोक्ता लाभ प्राप्त कर सकते हैं



जिनका इस योजना पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिये, जिस पर बिजली का बिल व आधार कार्ड सबमिट करना होगा जितने किलोवाट का कनेक्शन ले रखा है। पूर्व में उतने ही किलोवाट के लिए सोलर के लिए आवेदन कर सकता है। 2 किलोवाट सोलर पैनल कनेक्शन लेने के लिए 130000 रुपए का खर्चा है जिसमें सरकार द्वारा 90000 की सब्सिडी दी जाएगी। मात्र 40000 में व्यक्ति अपने घर में सोलर पैनल लगवा सकता है। सरकार द्वारा 3 किलोवाट से ऊपर के कनेक्शन पर 108000 की सब्सिडी दी जाएगी। इस योजना के अंतर्गत 200000 का बैंक द्वारा लोन दिया जाएगा। 7प्रतिशत कोई भी उपभोक्ता बैंक की सहायता से सिस्टम कॉस्ट का 10प्रतिशत धनरा.शि जमा करके सोलर पावर प्लांट का लाभ अपने घर में ले सकता है। पीएम सूर्य घर मुप्त बिजली योजना के अंतर्गत जनपद को 2027 तक 20000 का लक्ष्य प्रस्तावित है। इस वर्ष 2025-26का लक्ष्य 1567 निर्धारित किया गया है जनपद में वर्तमान में 3902 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं जिसमें एप्लीकेशन वेंडर्स सेलेक्शन 1204 है जिसमे से 499 सोलर स्थापित हो चुके है सोलर रूफटॉप लगवायें आकर्षक अनुदान एवं बिजली बिल में राहत पाएं। सरकार इस योजना को अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाने के लिए हर तरीके की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके लिए नेडा विभाग द्वारा बेंडर्स चिन्हित कर दिए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत बैंक, नेडा व विद्युत विभाग के अधिका.रियों की मुख्य भूमिका है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव अपर जिला.धिकारी पंकज वर्मा, यूपी नेडा प्रभारी प्रमोद भूषण शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत, लीड बैंक मैनेजर अभय कुमार अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना उपस्थित रहे ।

## जनपद में जितने भी वेंडर्स कार्य कर रहे हैं उन्हें कार्य क्षेत्र आवंटन किया जाए:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने कहा परियोजना अधिकारी उप नेता को निर्देशित किया कि जनपद में जितने भी वेंडर्स कार्य कर रहे हैं उन्हें कार्य क्षेत्र आवंटन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए जो पेंटर्स अच्छा कार्य नहीं कर रहे हैं। उन्हें ब्लैकलिस्टेड किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में बिजली विभाग बैंक और अप नेडा विभाग आपस में टीम के रूप में कार्य करें कार्य में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कम बोर्ड में रैंकिंग खराब आने पर संबंधित विभाग को चिन्हित करते हुए कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। प्रत्येक परिवार को डोर टू डोर जाकर सोलर पैनल के संबंध में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा विद्या विकास करो के साथ-साथ इसमें नगर पंचायत नगर पालिकाओं को भी जोड़ा जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी बागपत के के भड़ाना को समस्त नगर निकायों से समन्वय स्थापित कर सोलर पैनल के कार्य को तीव्र गति से कराए जाने के लिए निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी को प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए। इस लक्ष्य के सापेक्ष सोलर पैनल जनपद में स्थापित कराए जाएं जिससे कि आम जनमानस को इनका अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके नेट मीटरिंग की व्यवस्था भी सोलर पैनल में दी जा रही है जिसमें हाइब्रिड की सुविधा मिलती है जिसमें उपभोक्ता बिजली विभाग को अपनी बिजली भी विक्रय कर सकता है। इस योजना में बैंक द्वारा भी लोन उपलब्ध कराया जा रहा है।

## निर्वाचन से जुड़ी जानकारी अब सीधे व्हाट्सएप पर, व्हाट्सएप चैनल हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रदेश में निर्वाचन से जुड़ी सूचनाओं के त्वरित और सटीक संप्रेषण के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा एक नई पहल की गई है। इस पहल के तहत निर्वाचन से संबंधित अद्यतन दिशा-निर्देशों, सूचनाओं और अभियानों की जानकारी अब व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से सीधे उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए व्हाट्सएप चैनल को व्हाट्सएप पर फॉलो करना होगा। इस माध्यम से चुनाव आयोग की ओर से समय-समय पर जारी महत्वपूर्ण जानकारियों से सभी नागरिक अवगत रह सकेंगे। यह डिजिटल माध्यम निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, गति और प्रभावशीलता लाने में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही इससे मतदाता सूची पुनरीक्षण, मतदाता जागरूकता अभियान, पहचान पत्र से संबंधित जानकारी एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं सुग.मता से साझा की जा सकेंगी।

## घर से बुलाकर ले गए व्यक्ति की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** कोतवाली क्षेत्र के लोहड्डा गांव में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय रविंद्र के रूप में हुई है।

घटना रात के समय की है जब कुछ युवक रविंद्र को उसके घर से बुलाकर ले गए। आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले के बाद आरोपी शव को फेंककर मौके से फरार हो गए। मृतक के भाई सुखराम पाल ने बताया कि रविंद्र का शव सुबह गांव से कुछ ही दूरी पर नग्न अवस्था में मिला। उसके शरीर पर चोट के गहरे निशान स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। सुखराम ने गांव के ही दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस



मृतक का फाइल फोटो

ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि वे जल्द ही पूरी घटना का खुला.सा करेंगे। पीड़ित परिवार ने दोषियों



के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। रविंद्र के परिवार में उसकी पत्नी और दो बेटियां हैं। इस घटना से परिवार में शोक की लहर है। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

## एक नजर

### मौसम ने ली अचानक करवट, झमाझम हुई बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और झमाझम बारिश होना शुरू हो गई। करीब एक घंटे की मूसलधार बारिश से सडके जलमग्न हो गई। खेकड़ा कस्बे में पाठशाला मार्ग, रेलवे मार्ग, जैन कॉलेज मार्ग, यादव चौक और तांगा स्टैंड जैसे व्यस्त इलाकों में करीब दो से तीन फीट तक पानी भर गया। स्थानीय निवासियों को जलभराव के बीच से ही आवागमन करना पड़ा, जिससे काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण जगह-जगह ट्रैफिक धीमा पड़ा और स्कूली बच्चों से लेकर काम पर जा रहे लोगों तक को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय प्रशासन की ओर से जलनिकासी को लेकर कोई त्वरित व्यवस्था न दिखने से लोग नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप लगाते नजर आए। यदि बारिश इसी तरह जारी रही, तो आने वाले दिनों में बीमारियों और गंदगी की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है, ऐसा लोगों का कहना है।

### ट्रक चालक ने कार में मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोर्ट रोड पर सोमवार सुबह बड़ा हादसा उस समय टल गया जब पूर्ति विभाग में कार्यरत लिपिक गजेंद्र अपनी दो कर्मचारियों के साथ कार से कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान ईंटों से लदे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक चालक कार को करीब 20 से 25 मीटर तक घसीटता ले गया। शोर मचने पर चालक ट्रक को बीच सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। लिपिक गजेंद्र ने बताया कि गनीमत रही कि कार में सवार तीनों लोग सुरक्षित बच गए। हादसे के बाद कोर्ट रोड पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में लिया और बाद में फरार चालक को भी हिरासत में ले लिया गया। हादसे को लेकर अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने वाहन चालकों की लापरवाही और तेज गति पर नाराज़गी जताई।

### पूजा करते समय भगवान की भक्ति में लीन हो जाना चाहिएः महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा 16 मंडलीय 16 दिवसीय महामंडल शांति विधान का पांचवा दिन है। यह विधान भगवान शांतिनाथ की आराधना और अभिषेक के लिए किया जाता है। इस विधान का उद्देश्य विश्व शांति समृद्धि और सद्भाव स्थापित करना है आचार्य श्री 108 नयन सागर महाराज ने विधान के माध्यम से कहा पूजा करते समय भगवान की भक्ति में लीन हो जाना चाहिए। पूजा सुबह 6 बजे शुरू होती है। इसमें विश्व शांति के लिए विधान किया जाता है। इसके बाद मंडल विधान की पूजा होती है। इसमें 16 पुण्याजक परिवार शामिल होते हैं जिसमें प्रत्येक भाग में कम से 8 16 32 64 अरघ चढ़ाए जाते हैं और पांच महाअर्घ्य चढ़ाए गए। आज की धर्म सभा में प्रवीण जैन मनोज जैन दिनेश जैन मनोज जैन संभव सतीश जैन राजेश जैन राकेश जैन आदि ने भाग लिया।

### टेम्पो चालक के साथ मारपीट कर पैसा छीननें का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर निवासी एक युवक ने बताया कि उससे गांव के दो लोगो ने मारपीट की है और टेम्पो मे रखा पर्स भी उठा ले गये जिसमे आठ हजार रूपये थे पीड़ित ने थानें मे तहरीर दी है।

खट्टा प्रहलादपुर निवासी संजीव पुत्र रामकिशन ने थानें मे तहरीर देते हुए बताया कि वह टेम्पो चालक है। वह पांची की और से टेम्पो लेकर वापस घर जा रहा था। देर रात्रि रास्ते मे ही उसे गांव के दो युवकों ने उसे रोक लिया और मारपीट की इसके अलावा गाड़ी के डेस्क बोर्ड में रखे पर्स को उठा ले गये जिसमे आठ हजार रूपये थे। पीड़ित ने थानें में तहरीर देते हुए कारवाही की मांग की है।

## गांव के ही लोगों ने की घर में घुसकर फौजी के परिवार से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के माखर गांव में फौजी के परिवार से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित सुभाष ने बताया कि सोमवार को देर शाम को वह अपने घर पर मौजूद थे। तभी दर्जनों की संख्या में गांव के ही लोग उनके मकान पर पहुंचे। उन्होंने बेरहमी से मारपीट की और फरार हो गए।

सुभाष के बेटे पंकज सेना में मेघालय में तैनात हैं। उनका परिवार गांव में रहता है। सुभाष ने बताया कि हमला करने वाले लोग उनके परिवार से रंजिश रखते हैं। इसी रंजिश के तहत उनके परिवार से मारपीट की गई। इससे पहले कोई विवाद नहीं था। हमले में सुभाष के साथ-साथ फौजी पंकज की पत्नी सपना और उनका 10 वर्षीय बेटा भी घायल हो गए।

पीड़ित परिवार ने जब इसकी शिकायत पुलिस से की तो कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई। सुभाष का कहना है कि उनका बेटा सरहद पर रहकर देश की सेवा कर रहा है। वहीं दबंग उन्हें गांव में लगातार परेशान कर रहे हैं। पीड़ित ने वरिष्ठ अधिक.ारियों से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। मारपीट कर भाग रहे आरोपियों का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

## दूसरे समुदाय की युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक मुस्लिम युवक एक दूसरे समुदाय की युवती को दोबारा से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। युवती घर में रखे सोने के जेवरात और 30 हजार रुपए भी अपने साथ ले गयी है। युवती की बुआ को उसके मंतातरण का डर सता रहा है। जिससे परेशान युवती की बुआ ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना नवाबगंज में तहरीर दी है। कस्बे में अपनी बुआ के घर रह रही एक युवती जनपद हरदोई के कस्बा सांडी में रहती थी, वहां जनपद बदायूं के सहसवान थाना क्षेत्र के मोहल्ला काजी का एक मुस्लिम युवक भी किराए पर कमरा लेकर रहता था। उसने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया, और 24 मई 2025 को वह उसे बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था। तब युवती के पिता ने आरोपी के खिलाफ थाना सांडी में रिपोर्ट दर्ज करायी।

## गाड़ी पर हमला करने वाले दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा थाना क्षेत्र के रटौल कस्बे में अलीगढ़ से आए चार युवकों पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। आतीफ, जुनैद, माजिद और गूडडू अपनी गाड़ी से रटौल में अपने रिश्तेदार जहांगीर आढ़ती से मिलने आए थे।

जब वे रटौल इदगाह के पास पहुंचे, तो कस्बे में पहरा दे रहे ग्रामीणों ने उन्हें रोककर पूछताछ करनी चाही। युवकों ने गाड़ी नहीं रोकी, जिससे ग्रामीणों को उन पर शक हो गया। ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी को रोकने का प्रयास किया और डंडों से हमला कर दिया। किसी तरह चारों युवक वहां से जान बचाकर भागे। पिछले दो दिनों से कस्बे में ड्रोन देखे जाने की घटनाओं के कारण लोग रात में पहरा दे रहे हैं। इसी वजह से ग्रामीण अधिक सतर्क हो गए हैं। पीड़ितों ने खेकड़ा थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित जुनैद की शिकायत पर पुलिस ने चांद, आकिब, काला, अजीम, अमन, आसिफ, लालू, कादिर और अनस के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आकिब और अजीम को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## डीएम ने बैठक कर बनाई पूर्व सैनिकों की शिकायतों के समाधान की कार्ययोजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिक.ारी ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग के तत्वावधान में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक कर पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनी और प्राप्त समस्याओं का संबंधित अधिकारियों को शीघ्र से निस्तारण करने के निर्देश दिए व उनके आश्रितों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी व पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। पूर्व सैनिकों ने खेती की भूमि से संबंधित विवाद, चकमार्गों पर अतिक्रमण, पेंशन स्वीकृति, चिकित्सा सुविधा, तथा आवास आवंटन जैसी कई महत्वपूर्ण समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने विभिन्न समस्याओं पर की गई कार्यवाही से अवगत कराया। जिला.धिकारी ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों ने राष्ट्र सेवा में अमूल्य योगदान दिया है। उनके सम्मान एवं कल्याण में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही तहसील स्तर पर एसडीएम को पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से अनुश्रवण करने पर जोर दिया। उन्होंने राजस्व, कृषि, सिंचाई, स्वास्थ्य विभागों को आपसी समन्वय से लंबित मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। खासतौर पर राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया कि पूर्व सैनिकों से संबंधित भूमि विवादों को समयबद्ध ढंग से हल किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी संजय श्रीवास्तव डिप्टी कलेक्टर ज्योति शर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकार श्रेष्ठा ठाकुर हित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## किसानों का बड़ौत तहसील पर धरना प्रदर्शन, न्याय की मांग को ज्ञापर दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बामनौली के किसानों ने बड़ौत तहसील परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराज़गी जताई। किसानों का कहना है कि वे बीते कई वर्षों से न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुरूप भूमि विवाद और भूसंपत्ति संबंधित फैसले के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

किसानों ने प्रदर्शन के दौरान ज़ोर दिया कि गांव के विभिन्न गाटा नंबरों (2066, 2707, 2697, 1450, 870 आदि) पर उनकी विरासत भूमि का कब्ज़ा आज भी विवादित है, जबकि इन पर अदालतों द्वारा पूर्व में निर्णय हो चुका है।

किसान यह मांग कर रहे हैं कि कोर्ट के आदेशों के अनुसार निरस्तीकरण की कार्यवाही पूर्ण कराकर उन्हें उनका वैध हक दिया जाए। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि यह इस मामले में कोर्ट द्वारा ज़िलाधिकारी और तहसील प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए थे। लेकिन प्रशासन की निष्क्रियता के चलते किसानों को तहसील स्तर पर बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि जानबूझकर मामले को लटकाया जा रहा है और ग्रामवासियों को भ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे केवल अपनी पूर्वजों की जमीन का वैध हक मांग रहे हैं और शांति पूर्ण तरीके से अपनी बात प्रशासन तक पहुँचा रहे हैं। धरना के बाद किसानों ने एसडीएम बड़ौत को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो वे आंदोलन को और तेज़ करेंगे। इस अवसर पर राजीव, उद्यम सिंह, पुष्पा, तुषार और सन्नी उपस्थित रहे।

## बारिश के कारण भर-भराकर गिरी मकान की छत, हजारों का नुक़सान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** निवासी रिजवान पुत्र जमश.ेद के मकान की कच्ची छत आज सुबह हुई तेज बारिश के कारण भर-भराकर गिर गयी जिस कारण घर में रखा फ्रिज चारपाई व अन्य कीमती सामान मिट्टी में दबकर हजारों रुपये का सामान खराब होगया गनीमत यह रही कि घर पर घटना के समय परिजन अंदर कमरे मोजूद नहीं थे। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से मदद की गुहार लगायी है।

## मौलाना द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मौलाना साजिद रशीदी द्वारा मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पर की गई टिप्पणी के विरोध में समा.जवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने कार्यकर्ताओं के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए एसपी को एक ज्ञापन दिया और कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने कार्यकर्ताओं के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर एसपी को एक शिकायत पत्र देते हुए बताया कि समाजवादी पार्टी की वशिष्ठ नेता व मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव जो सहदेव महिला सशक्तिकरण गरिमा और सम्मान की आवाज रही है उनके



विरुद्ध मौलाना साजिद रशीदी द्वारा हाल ही में एक सार्वजनिक मंच पर अभ्रद और आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी न केवल एक सम्मानित संसद का अपमान है बल्कि समस्त महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंच.ाने वाली है यह बात महिलाओं के प्रति दुर्भावना और असम्मान फैलाने की नीयत से की गई है जो कि भारतीय संविधान महिला सम्मान और विधि व्यवस्था का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मौलाना साजिद रशीदी के विरुद्ध तत्काल प्राथमिक फिर दर्ज की जाए और उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तार सुनिश्चित की जाए ताकि समाज में यह संदेश जाए कि महिला के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालो को ग बख्श नही जाएगा। ज्ञापन के दौरान सीमा यादव रेनू तोमर मुकेश देवी अंजली देवी पायल धामा समीना रचना देवी आदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायत अग्रवाल मंडी टटीरी में की गई स्क्रेप की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पंचायत अग्रवाल मनिका टीवी में आज स्क्रैप की नीलामी की गई जिसमें अधिशासी अधिकारी हरी लाल पटेल और जय विजेता श्रीवास्तव अध्यक्ष सपना देवी पटवारी टीना चौहाना अंकित शर्मा लिपिक मुर्शलिम लिपिक मेंमबर मनोज कुमार यूनिश खान वेदप्रकाश उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र विनयपाल व पुत्रवधू सलोनी से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। सुरेन्द्रपाल पुत्र देशराज निवासी नई कालोनी मेरठ रोड बागपत थाना व जनपद बागपत।

**अदालती सूचना**

आज्ञाअनुसार श्रीमती रचना अरोरा, पीठासीन अधिकारी/एम.ए.सी.टी., बागपत, सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब, (आर्डर.-5, कायदा-1 व 5), पीठासीन अधिकारी/एम.ए.सी. टी., बागपत, एम.ए.सी. नं. 36 / सन 2022 ई. ,1.साकिब पुत्र साजिद निवासी ग्राम व डाकघर बासौद, थाना सिंघावली अहीर, तहसील व जिला (बागपत), आवेद/याची बनाम,1.गुलजार पुत्र बाबू निवासी 111, निशान्त कालोनी, पाबी सादकपुर, लोनी, जिला गाजियाबाद, पिन-201001, विपक्षी सं.2, हरगाह याची ने आपके विरुद्ध एक याचिका बाबत मोटर दुर्घटना वाहन अधिनियम के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 01 माह 8 सन् 2025 को बक वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिनके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब-देही दावा की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे, जिन पर आप वताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर वरोज़ मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमुअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तख्त और मुहर अदालत के आज बतारीख को जारी किया गया है।

आदेशतः मुंसरिम/ एम.ए.सी.टी.बागपत।

# परीक्षितगढ़ में युवक को गोली मारी, मौत

## गांव में चोरों की कर रहा था पहरेदारी, पुलिस ने तमंचे सहित आरोपी दबोचा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम पूठी में चोरों की पहरेदारी कर रहे एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की मां ने गांव के एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी युवक को भी हत्या में प्रयुक्त तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया है।

ग्राम पूठी में ड्रोन व चोरों के भय से युवक पूरी रात पहरेदारी कर रहे हैं सोमवार की रात को भी दर्जनों युवक गांव में जमा होकर पहरेदारी कर रहे थे। रात लगभग ढाई बजे रोहित पुत्र स्व. जितेन्द्र उम्र 16 वर्ष की गांव के ही मयंक ने किसी बात को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर परिजन व रोहित की मां मौके पर पहुंची तो रोहित घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसे परिजन उठा कर परीक्षितगढ़ सीएचसी पर ले गये जहां डाक्टर ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। रोहित की मां बबीता ने गांव के ही मयंक पुत्र विनोद के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार सुबह घटना स्थल का दौरा कर थाना पुलिस को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। वहीं थाना अध्यक्ष संजय द्विवेदी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर तमंचा बरामद कर लिया है तथा पूछताछ कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। रोहित के सिर से पिता का साया बचपन में ही उठ गया था। रोहित ने पिछले साल ही कक्षा 8 पास की थी अब मां बबीता के साथ खेतों में मजदूरी कर अपनी मां का हाथ बटा रहा था, अब बेटे की मौत से मां बबीता तथा दो बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में रोहित का शव पहुंचते ही हाहाकार मच गया गांव के ही शमशान घाट में गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# लापता डॉगी का पता बताने वाले को मिलेंगे 5100 रु.



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अमर सिंहपुर निवासी एक किसान का पालतू कुत्ता गुम हो गया। जिससे परिवार में उदासी छा गई। वहीं किसान ने डॉगी को ढूंढ कर लाने वाले को 5100 का इनाम देने की घोषणा की है। ग्राम अमर सिंह पुर निवासी दीपक चौधरी का डॉगी टिंकू जो सभी परिवार वालों का दुलारा था दो दिन पूर्व कहीं गुम हो गया है जिसे तलाश करने वाले को चौधरी दीपक ने 5100 नगद देने की घोषणा की है।

# महिला बच्चों को लेकर बहनोई संग फरार

## पति ने दी तहरीर, काफी समय से था पत्नी का अवैध संबंध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के राधने वाली गली की रहने वाली दो बच्चों की मां अपने बहनोई के संग फरार हो गई जहां महिला अपने दोनों बच्चों सहित घर में रखी सोने चांदी की ज्वेलरी और दो लाख दस हजार पांच सौ रुपए की नकदी भी ले गई।

पीड़ित पति ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए मामले में कार्यवाही की मांग की है पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। लिसाड़ी गेट क्षेत्र की राधने वाली गली के रहने वाले फरमान पुत्र वासी ने मंगलवार की शाम में थाना लिसाड़ी गेट पहुंचकर बताया कि शादी चार साल पहले मवाना के सटला बाहदरपुर की रहने वाली सयमा पुत्री इजहार के साथ संपन्न हुई थी और दो बच्चे हैं वहीं उसने बताया कि उसे शादी के कुछ दिन बाद पता चला कि उसकी पत्नी सायमा के बहनोई आदिल पुत्र अफजल से नाजायज संबंध है इसी के चलते उसकी पत्नी छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करती रहती थी। वही उसके साथ गाली गलौज करती। विरोध करने पर उसे जान से मारने सहित झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती। पीड़ित ने बताया कि बीती रात उसका बहनोई ससुराल के कुछ लोगों के साथ उस वक्त उसके घर पहुंचा जब वह घर पर मौजूद नहीं था और उसकी पत्नी सायमा उसके दोनों बच्चों सहित घर की सेफ अलमारी में रखी सोने चांदी की ज्वेलरी सहित दो लाख दस हजार पांच सौ रुपए की नगदी लेकर अपने बहनोई आदिल के साथ फरार हो गई पीड़ित ने थाना पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसकी पत्नी उसे झूठे मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दे रही है। पीड़ित ने थाना पुलिस से मामले में कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने शिकायती पत्र मिलने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है

# छात्राओं को दी गई घरेलू गैस सुरक्षा की जानकारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में भारत गैस वितरक बालाजी गैस सर्विस द्वारा सुरक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को घरेलू गैस सिलेंडर व गैस चूल्हे के सुरक्षित उपयोग से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढ़ते घरेलू हादसों को रोकने के लिए छात्राओं को प्रारंभिक स्तर पर ही गैस सुरक्षा के प्रति सजग बनाना रहा। बालाजी गैस एजेंसी के मैनेजर वीरेंद्र वर्मा ने अपनी टीम के साथ मिलकर छात्राओं को एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर बालाजी गैस एजेंसी की ओर से बुशरा, नीलोफर और संजय मौजूद रहे।

# दुष्कर्म व कुकर्म के आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार को सरधना पुलिस ने दुष्कर्म व कुकर्म के आरोपियों को जेल भेज दिया। दुष्कर्म की घटना सोमवार को नगर के एक मोहल्ले में हुई थी। जबकि कुकर्म की घटना पांच दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। सोमवार दोपहर नगर के एक मोहल्ले में दुकान से सामान लेने गई आठ वर्षीय मासूम के साथ दुकानदार ने दुष्कर्म किया था। लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी अनमोल सैनी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इसी के साथ पुलिस ने पांच दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव में बच्चे के साथ कुकर्म करने वाले आरोपी सलमान को भी पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।

## रक्षाबंधन पर्व पर लगने वाले मेले की हुई बैठक

# विद्युत लाइन वाले खेत में झूले लगाने पर होगी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में सदियों से लगते आ रहे हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक दस दिवसीय परंपरागत मेला रक्षा बंधन को लेकर मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभासदों के साथ चेयरपर्सन हज्जन आफताब व अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार भी शामिल हुए।

बैठक के दौरान तय किया गया कि इस बार रक्षा बंधन मेले का आयोजन 9 अगस्त से 18 अगस्त तक रहेगा जिसमें पूर्व की भांति तीन जागरण, दस दिन का दंगल, एक मुशायरा, दो रागनी, एक कव्वाली, आदि कार्यक्रम कराए जाएंगे। बैठक के दौरान तय किया गया कि सुरक्षा की दृष्टि से जिस भूमि के ऊपर से विद्युत लाईन जा रही है जहां पूर्व में झूले लगाए गए थे उसमें झूले लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसा करने पर आयोजक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान चेयरपर्सन हज्जन आफताब, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार, चेयरपर्सन पति हाजी शकील, यादराम जाटव, मनोज गोयल, मनोज जाटव, आसिफ अंसारी, शाहिद इस्लाम, आजाद अंसारी, अयाज गुड्डू, मनोहर सैनी, चिंटू, पिंटू, दीपक, हाजी यामीन, देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

# मकान की छत से गिरा युवक, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना कोतवाली क्षेत्र के लिसाड़ी गेट चौराहे पर सोमवार देर रात मकान की छत पर सो रहे युवक की छत से सड़क पर गिरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई।

मृतक के परिवार को उसकी मौत की जानकारी नहीं मिल पाई। राहगीरों के चलते लोगों ने मकान का दरवाजा बजाकर जानकारी दी। जानकारी मिलने पर मृतक के परिवार वालों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना कोतवाली क्षेत्र के बनी सराय के रहने वाले 45 वर्षीय नदीम ने करीब दो महीने पहले कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित लिसाड़ी गेट चौराहे पर जैद का मकान किराए पर लिया था। वह अपनी पत्नी और चार बच्चों के साथ किराए के मकान में रह रहा था।

इलाके के लोगों के अनुसार नदीम नशे का आदी था और मकान की छत पर सोता था सोमवार देर रात वह अचानक छत से बिजली के तारों पर गिरा और फिर सड़क पर गिरने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। नदीम की मौत की जानकारी उसके परिवार वालों को नहीं लग पाई राहगीरों ने उसके मकान के गेट बजाकर उसके परिवार वालों को जानकारी दी। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने नदीम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच कर रही है। मृतक नदीम के बेटे ताल्हा ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ मकान में सोए हुए थे उनके पिता छत पर था पता नहीं किस कारण वह छत से गिरे है। पास के ही रहने वाले खान मोहम्मद ने बताया कि नदीम नशे का आदी था और वह दो महीने से अपने परिवार के साथ जैद के मकान में किराए पर रह रहा था। आशंका है कि रात में नशे के कारण वह छत से गिरा और उसकी मौत हो गई है। परिवार वालों में युवक की मौत से कोहराम मचा है।

# मकान बेचने पर हुआ विवाद, दोनों पक्ष पहुंचे थाने

**थाना सदर बाजार क्षेत्र के थापरनगर में मुस्लिम ने हिंदू बस्ती में खरीदा है मकान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थापर नगर में एक हिंदू युवक ने मुस्लिम युवक को मकान बेच दिया और युवक अपने परिवार के साथ हरिद्वार शिफ्ट हो गया मुस्लिम युवक मकान पर कब्जा लेने पहुंचा तो लोग भड़क गए और उन्होंने हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर लोग शांत हुए। थाना सदर बाजार क्षेत्र के थापर नगर में अनुभव अपने परिवार के साथ रहते थे उन्होंने 3 महीने पहले अपना मकान सईद नाम के शख्स को बेच दिया और मकान को बेचकर चुपचाप गुरुग्राम शिफ्ट हो गए। सईद को सोमवार मकान पर कब्जा लेना था तभी अनुभव सोमवार को मकान पर पहुंचे इसी दौरान मुस्लिम युवक को मकान बेचने की सूचना कालोनी में फैल गई जिसको लेकर लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने जोरदार हंगामा कर दिया। हंगामा की सूचना पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह लोगों को शांत किया। मामला हिंदू मुस्लिम से जुड़ा होने के चलते पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाने की बात कहते हुए स्थानीय लोगों को कार्यवाही का आश्वासन दिया जिसके बाद स्थानीय लोग शांत हुए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मदरसे का छात्र लापता


लापता अदनान।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** तीन दिन पूर्व मदरसा जाने के लिए निकला एक छात्र संदिग्ध परिस्थितयों में लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया।

छात्र के पिता ने किसी अनहोनी की आशंका जताकर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। मोहल्ला जगमोहननगर निवासी मोहसीन पुत्र मोबीन ने बताया कि उसका पुत्र 18 वर्षीय अदनान मंढियाई स्थित मदरसे में पढ़ता है। तीन दिन पूर्व वह मदरसा जाने की बात कहकर घर से निकला। न तो वह मदरसे में ही पहुंच पाया और न ही वापस लौटा। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लग पाया। पिता मोहसीन ने किसी अनहोनी की आशंका जताकर थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की और उसकी तलाश में जुट गई।

## किसान दिवस में आई 26 शिकायतों का होगा निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक आहूत की गई। किसान दिवस में किसानों को विगत माह में आई कुल शिकायतों की परिपालन आख्या पढ़कर सुनाई गयीं, कुछ शिकायतों का गुणवत्तापरक समाधान न होने पर तथा पूर्ण संतुष्टि न प्रदान करने पर जिलाधिकारी द्वारा उन्हें पुन: विभागों को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में किसान की बात को मौके पर सुनकर उसका समाधान किया जाए और गुणवत्तापरक आख्या भेजी जाए। किसानों द्वारा मुख्यत: बिजली विभाग, सिंचाई विभाग और गन्ना विभाग से संबंधित शिकायतें की गई। जुलाई माह के किसान दिवस में कुल 26 शिकायत प्राप्त हुई जिनको जिलाधिकारी के माध्यम से सभी संबंधित विभागों को भेजा गया है। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, उप कृषि निदेशक नीलेश चौरसिया, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने काटा केक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार को जानी ब्लाक के गांव नानू फतेहपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र गुर्जर का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका घर जाकर बधाई दी और केक काटकर एक दूसरे को खिलाया। वहीं भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता मेरा भाई है। जिस तरह से उन्होंने आज उनके घर पर आकर जन्म दिन मनाया है वह हर समय उनके कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ हमेशा खड़े रहेंगे। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गौरव गुर्जर, रवि गुर्जर, गौरव जाटव, सुशील, नकुल सहदेव, गौरव पावटी, अमन, दिनेश प्रजापति, नितिन, वंश, विभुर आदि मौजूद रहे।

# ड्रोन: बदमाश समझकर ग्रामीणों ने की फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** ड्रोन का डर पूरे मेरठ जिले नहीं आसपास के जिलों में भी दहशत बना रहा है कुछ व्यक्ति इसका सहारा लेकर हो सकता है घरों में चोरी करने की घटना कर रहे हो ऐसे ही मामला जानी क्षेत्र में सोमवार की रात आया नीरज पुत्र धर्मपाल अंकपाल पुत्र श्रीचंद्र के घरों में घुसकर बदमाशों ने लूटपाट का प्रयास किया लेकिन इस दौरान जाग हो जाने पर ग्रामीणों ने हवाई फायरिंग की और बदमाश फरार हो गये। ग्रामीणों का कहना है कि वह लोग ड्रोन उड़ा रहे थे हाल की पुलिस ने इस तरह की घटना से इनकार किया है वहीं जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने बताया कि ड्रोन की अफवाह की सूचना मिली थी तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची ग्रामीणों ने बताया कि बदमाश समझकर फायरिंग की गई है। कोई भी तहरीर अभी तक थाने नहीं आई है। तहरीर के बाद ही पुलिस कार्रवाई करेगी।

# विकास भवन सभागार में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को विकास भवन सभागार कलेक्ट्रेट में एक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश सिंह की अध्यक्षता मे किया गया, जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को तंबाकू नियंत्रण कानूनों की जानकारी और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षित किया गया। अपर जिलाधिकारी (नगर) द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वह अपने-अपने कार्यालय को तम्बाकू मुक्त घोषित करते हुए एक नोडल नामित करें और सप्ताह मे एक बार अपने कार्यालय मे प्रवर्तन दल द्वारा निरीक्षण कर उल्लघनकर्ताओं से अर्थदण्ड वसूले और उसकी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रेषित करे। शिक्षा विभाग को निर्देश दिये गये कि समस्त विद्यालय व स्कूलो को तम्बाकू मुक्त घोषित कर रिपोर्ट प्रेषित करें। नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिये गये कि जल्द से जल्द तम्बाकू नियंत्रण लाईसेंस की उप विधि तैयार कर जनपद मे लागू करवाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अशोक कटारिया ने बताया कि तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट जैसी वस्तुएँ टीबी, कैंसर और हृदय रोग जैसी 40 से अधिक गंभीर बीमारियों का कारण बनती हैं। तंबाकू का सेवन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है, जिससे व्यक्ति गंभीर रोगों से ग्रसित हो सकता है और मृत्यु तक हो सकती है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. कान्ती प्रसाद ने बताया लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि भारत वर्ष मे 13.5 लाख लोगों की मौत तम्बाकू खाने से हो जाती है साथ ही हर 6 सेकंड में तम्बाकू खाने से एक मौत हो जाती है, एक सिगरेट मे 4000 हजार से ज्यादा विषैले तत्व मिलाये जाते है जिसकी वजह से व्यक्ति इसको छोड़ने में असमर्थ हो जाता है।

# ड्रोन को लेकर किठौर थाने में हुई बैठक

## अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: सीओ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** रात के समय गांवों में ड्रोन उड़ने अफवाहों के बीच पुलिस ने ग्राम प्रधानों व गणमान्य लोगों के साथ बैठक आयोजित की। इस दौरान पुलिस ने कहा कि ड्रोन उड़ने की केवल अफवाह है तथा अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। पिछले कई दिनों से किठौर क्षेत्र के गांव असिलपुर, राधना, शाहजमाल, नंगली, बहरोड़ा आदि गांवों में रात के समय ड्रोन उड़ाए जाने की अफवाह फैल रही है।

रविवार को कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्रधिकारी प्रमोद कुमार व इंस्पेक्टर क्राइम जितेंद्र सिंह ने ग्राम प्रधानों व गणमान्य लोगों के साथ बैठक आयोजित की। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन किसी न किसी गांव में ड्रोन उड़ने की अफवाह फैलाई जा रही है, जो पूरी तरह झूठी है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग नदियों का डिजिटल सर्वे करा रहा है। इसी कारण रात में नदियों के किनारे बसें ग्रामों के ऊपर ड्रोन कैमरे उड़ाए जा रहे हैं। ड्रोन के माध्यम से चोरी करने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही है। जो कि सभी अफवाह है। इस तरह की वीडियो प्रसारित करने वाले शरारती तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है। इन सभी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। वहीं मीटिंग में मौजूद सभी गणमान्य लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध लगता है तो उसके साथ मारपीट न करे उसकी सूचना पुलिस को दें। अगर कोई स्वेच्छा से अपने गांव या मोहल्ले में पहरा देना चाहता है तो वह पहरा दे सकता है। इस दौरान चेयरमैन सलमान मुनकाद, विनय प्रधान, खालिद प्रधान, गुलाम प्रधान, फईम प्रधान, सभासद कासिम आफताब, सभासद जावेद शमसाद, सभासद ताहिर अली, नेता जी गुलफाम आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जाति पूछकर हमला करने वाला दबोचा

## एक पक्षीय कार्रवाई के बाद अधिकारियों ने दरोगा को किया था लाइन हाजिर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** अभी दो दिन पूर्व चाऊमीन खरीद रहे दो युवक पर हमला कर दिया था जिसमें जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया जिसमें विरोध करने पर दलित के साथ मारपीट कर दी थी। वहीं दलित युवकों ने यादव समाज के लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया था।

वही हल्का इंचार्ज दरोगा आशीष कुमार ने उल्टा मारपीट करने वालों का साथ दिया है। लेकिन जब पीड़ित परिवार एसएसपी के यहां पहुंचा और सारी आप बीती बताई। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक को जांच सौंपी गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया मामला दो दिन पुराना है जानी क्षेत्र के गांव डालुहेडा निवासी विक्की पुत्र करण गांव में ही चाऊमीन खरीद रहा था तभी वहां पर विकास यादव पुत्र भूले बॉबी यादव, तरुण यादव, विक्की के साथ कहा. सुनी होने लगी कहासुनी का विक्की ने विरोध किया तो तीनों ने उसको धारदार हथियार से हमला कर दिया और जातिसूचक शब्द कहे। जिसके बाद पीड़ित के भाई ने थाना पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज आशीष कुमार ने एक पक्ष कार्रवाई कर आरोपी को बचा लिया। जिसमें विक्की और उसके परिजन सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा ने देर रात दरोगा आशीष कुमार को लाइन हाजिर कर दिया और थाना प्रभारी निरीक्षक को जांच सौंप दी। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक ने मुखबिर की सूचना पर डालुहेडा से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया आरोपी की पहचान बोबी पुत्र भुल्ले के रूप में हुई है।

# डॉ. गगन सैनी बने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के पहले सुपर-स्पेशलिस्ट

## उत्तर भारत की पहली एथोस हाइपरसाइट और आइडेंटिफाई एंड सरफेस गाइडेड रेडिएशन थेरेपी की पेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यशोदा मेडिसिटी के वाइस चेयरमैन और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख, डॉ. गगन सैनी दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के पहले सुपर-स्पेशलिस्ट बन गए हैं, जिन्होंने उत्तर भारत की पहली एथोस हाइपरसाइट और आइडेंटिफाई एंड सरफेस गाइडेड रेडिएशन थेरेपी (एसजीआरटी) पेश की है। यह एक अत्याधुनिक, बिना चीर-फाड़ वाली रेडिएशन थेरेपी की तकनीक है, जो कैंसर के सटीक इलाज में एक बड़ी प्रगति को दर्शाती है। इस रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सिस्टम की गुणवत्ता बेमिसाल है, जो फिलहाल पूरी दुनिया में मान्यता प्राप्त होने के साथ-साथ सबसे महंगी और अत्याधुनिक तकनीकों में से एक है, जो अब इस क्षेत्र के अलावा देश भर के मरीजों के लिए आसानी से उपलब्ध है। आईजीआरटी से एक कदम आगे बढ़कर यह तकनीक अपनाई गई है, जिसमें पारंपरिक इमेज-गाइडेड रेडिएशन थेरेपी (आईजीआरटी) के तहत हर उपचार के पहले मरीजों की सटीक स्थिति निर्धारित करने के लिए हर दिन इमेजिंग का उपयोग किया जाता है। हालाँकि, स्टैंडर्ड कोन-बीम सीटी स्कैन में 60 सेकंड तक का समय लग सकता है, जिसके लिए मरीजों को लंबे समय तक स्थिर रहना या साँस रोककर रखना पड़ सकता है और यह अनुभव तनाव भरा और कभी-कभी असहज भी हो सकता है। नया ईटीएचओएस हाइपरसाइट सीबीसीटी इस प्रक्रिया को पूरी तरह से बदलने वाला है, जो मरीज को केवल 6 से 8 सेकंड में स्कैन करके कम मोशन ब्लर के साथ ज्यादा साफ तस्वीरें देता है। पुराने सिस्टम के विपरीत, ईटीएचओएस इन तस्वीरों का इस्तेमाल करके हर दिन इलाज की योजना में बदलाव लाता है तो अगर कोई ट्यूमर सिकुड़ता है या कोई अंग अपनी जगह से हटता है, तो रेडिएशन प्लान में भी उसी समय अपने आप बदलाव हो जाता है। डॉ. सैनी आगे कहते हैं ये हमारे लिए गर्व का लम्हा है। रीयल-टाइम एडैप्टिव थेरेपी को निरंतर सतह ट्रैकिंग के साथ जोड़कर, हम सही मायने में पारंपरिक आईजीआरटी को पीछे छोड़ रहे हैं।



# स्मृति मंधाना ने पहला स्थान गंवाया

**दुबई, वार्ता।** भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में कुल 160 रन बनाने वालीं इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट एक बार फिर महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। इसके चलते भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना को एक पायदान का नुकसान हुआ है और अब रैंकिंग में वह दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं। हालांकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और मध्य क्रम की बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स को फायदा हुआ है। हरमनप्रीत 10 पायदान के लाभ के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि रॉड्रिग्स दो पायदान की छलांग के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत ने वनडे सीरीज के दौरान तीन पारियों में अंतिम मैच में लगाए

● **वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची सिवर-ब्रंट**

शतक के साथ कुल 126 रन बनाए थे जबकि रॉड्रिग्स ने तीन पारियों में एक अर्द्धशतक के साथ 101 रन बनाए थे। मंधाना सीरीज में भारत की ओर से दूसरी सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं जिन्होंने तीन पारियों में 38-33 की औसत से 115 रन बनाए। हालांकि शतक के साथ इंग्लैंड दौरे की शुरुआत करने वालीं मंधाना इस सीरीज में एक भी अर्द्धशतक नहीं लगा पाईं और वनडे सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 45 रन रहा। सिवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ अंतिम वनडे में 98 रनों की पारी खेली थी लेकिन उनकी टीम को हार मिली थी। सिवर-ब्रंट ने पहली बार जुलाई 2023 में वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था और इसके बाद वह लगातार शीर्ष पांच में बनी हुई थीं। 2025 में यह पहली बार है जब सिवर-ब्रंट ने वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

● **तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी** ●

# ओवल स्टेडियम में दो टेस्ट जीता है भारत

● **ओवल में आखिरी मैच जीते, तो सीरीज बराबर कप्तान शुभमन गिल तीन बड़े रिकॉर्ड्स के करीबी**



**ओवल, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुल. कर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से खेला जाएगा। मुकाबला लंदन के द ओवल स्टेडियम में होगा, जिसके लिए दोनों ही टीमें लंदन पहुंच चुकी हैं। भारत ने यहां 15 टेस्ट खेले और महज 2 जीते। हालांकि, पिछली जीत 2021 में ही मिली थी।

भारत ने द ओवल टेस्ट जीत लिया तो टीम सीरीज को 2-2 से बराबर कर लेगी। वहीं मुकाबला ड्रा हुआ या इंग्लैंड जीती, तो सीरीज भी होम टीम के नाम हो जाएगी। पांचवें टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के पास 3 बड़े रिकाड्र्स बनाने का मौका भी है। लंदन के द ओवल स्टेडियम में भारत ने 1936 में पहला टेस्ट खेला था, तब टीम को 9 विकेट से हार मिली थी। टीम को इस मैदान पर पहला टेस्ट जीतने में 35 साल लग गए। भारत ने 1971 में अजीत वाडेकर की कप्तानी में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था। 1971 के बाद भारत ने द ओवल में 5 टेस्ट ड्रा कराए, जबकि 3 गंवाए। टीम को फिर इस मैदान पर 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में दूसरी जीत मिली। उन्होंने 157 रन से टीम को जीत दिलाई थी। इस मैदान पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट खेले, 2 जीते और 5 गंवाए। इस दौरान 7 मुकाबले ड्रा भी रहे। द ओवल में आखिरी टेस्ट 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल था, जिसमें भारत को 209 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की टीम अना. उंस होने से पहले ही इस फार्मेट को अलविदा कह दिया। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023 के फाइनल में भारत के द ओवल के मैदान पर ही हराकर ट्रॉफी जीती थी। इंग्लैंड ने द ओवल स्टेडियम में 106 टेस्ट खेले। 45 में टीम को जीत और महज 24 में हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान 37 मुक. ाबले ड्रा भी रहे। हालांकि, इंग्लैंड यहां 52 रन पर आलआउट भी हो चुकी है।

टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1948 में इस स्कोर पर आउट हुई थी। भारत के खिलाफ टीम 1971 में इस मैदान पर 101 पर सिमट चुकी है। ओवल स्टेडियम में भारत ने 3 बार 500 से ज्यादा रन के स्कोर बनाए, तीनों बार मुकाबले ड्रा रहे। यहां भारत का हाईएस्ट स्कोर 664 रन है, जो टीम ने 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ ही बनाया था।

## आईटीएफ विश्व मास्टर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे यूपी के आलोक

● **इस चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग लें रही है आलोक भटनागर 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** पुर्तगाल के लिस्बन में तीन अगस्त से शुरु होने वाली आईटीएफ वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के आलोक भटनागर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उत्तर प्रदेश के पूर्व नंबर एक और अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी आलोक भटनागर वर्तमान में एमवीवीएनएल- यूपीपीसीएल में कार्यरत हैं। भटनागर को अखिल भारतीय टेनिस संघ (आईटा) द्वारा तीन अगस्त से 16 अगस्त के बीच लिस्बन, पुर्तगाल में आयोजित होने वाली विश्व मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। आलोक टीम चैंपियनशिप के साथ ही व्यक्तिगत सिगल्स, डबल्स एवं मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे।

आलोक भटनागर अब तक कई आईटीएफ खिताब जीत चुके हैं और वर्तमान में भारत में 55+ आयु वर्ग में डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में नंबर 1 रैंक पर हैं। उनकी सिगल्स की विश्व रैंकिंग 106 और डबल्स में विश्व रैंकिंग 31 है। टीम के अन्य सदस्यों में पवन कपूर (कप्तान), राज दत्त और लक्ष्मीकांत तंवर शामिल हैं। आलोक को पिछले वर्ष मेक्सिको में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भी भारत की कप्तानी के लिए चयनित किया गया था, मगर व्यक्तिगत कारणों के चलते वे भाग नहीं ले सके थे।

# सात्विक-चिराग फिर शीर्ष-10 में शामिल

● **भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ की नवीनतम रैंकिंग में जोरदार वापसी की**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेढी और चिराग शेट्टी ने बैडमिटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष 10 में जोरदार वापसी की है, जिससे इस सीजन की शुरुआत में थोड़ी गिरावट के बाद शीर्ष 10 में उनकी जगह पक्की हो गई है।

एशियाई सर्किट में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, जहां कोरियाई और मलेशियाई जोड़ियां लगातार अपना दबदबा बनाए हुए हैं, ऊपरी वर्ग में उनकी वापसी हुई है। कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे ने 85,000 अंकों और 79 करियर जीत के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ अपनी बढ़त बनाए रखते हुए नंबर 1 पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

इस जोड़ी की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं आया है और वे अब भी सबसे बड़ी जोड़ी बनी हुई हैं। मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक 68,750 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, और उन्होंने हमवतन मान वेई चोंग और टी काई वुन को पीछे छोड़ दिया है, जो अब 65,630 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

थाईलैंड के किट्टिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुआवारानुक्रोह 57,040 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ताइवान के ली फैंग-चिह और ली फैंग-जेन 55,000 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। नए जोश और शीर्ष-स्तरीय टूर्नामेंटों के साथ, सात्विक और चिराग अपनी रैंकिंग में उछाल को बरकरार रखते हुए और आगे बढ़ने का लक्ष्य रखेंगे।

# दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगी

● **सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में होंगे**

**बेंगलुरु, वार्ता।** प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी इस सीजन में अपने अंतर-क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी करेगी और 28 अगस्त से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी, बीसीसीआई ने आज घोषणा की।

सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें छह जोन - दक्षिण, मध्य, पश्चिम, पूर्व, उत्तर और उत्तर-पूर्व - शामिल होंगे। दक्षिण और पश्चिम जोन को सीधे सेमीफाइनल में जगह दी गई है। 28 से 31 अगस्त तक होने वाले क्वार्टर फाइनल में उत्तर जोन का मुकाबला पूर्व जोन से और मध्य जोन का मुक. ाबला उत्तर-पूर्व जोन से होगा। विजेता टीमें 4 से 7 सितंबर तक होने वाले सेमीफाइनल में पहु. चेंगी, जिसके बाद 11 सितंबर से फाइनल होगा। दलीप ट्रॉफी, जो 2015-16 सीज़न तक क्षेत्रीय टीमों के बीच खेली जाती थी, को 2016-17 और 2019-20 के बीच बेतरतीब ढंग से चुनी गई टीमों-भारत ए, बी, सी और डी - से बदल दिया गया। 2022-23 में यह टूर्नामेंट अपने क्षेत्रीय प्रारूप में वापस आ गया, लेकिन पिछले साल फिर से एबीसीडी संरचना का उपयोग किया गया। बीसीसीआई की पिछली एजीएम में लिए गए निर्णय के बाद, अब क्षेत्रीय प्रणाली बहाल कर दी गई है।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## राज्यसभा ने दिव्या देशमुख को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** राज्यसभा ने युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को प्रतिष्ठित फिडे महिला शतरंज विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई दी। उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू करने से पहले सदन को दिव्या देशमुख की जीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिव्या देशमुख की जीत देश भर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि वह अपनी और सदन की ओर से उन्हें शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

## गुलाबी गेंद से एशेज टेस्ट से पहले इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगी

**मेलबर्न, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार (29 जुलाई) को पुष्टि की कि इंग्लैंड, दिन-रात्रि एशेज टेस्ट की तैयारी के लिए दो दिवसीय गुलाबी गेंद मैच में प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगा। यह पहली बार होगा जब इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश के साथ कई दिनों का मैच खेलेगा, क्योंकि 2022-23 सीजन तक यह हमेशा एक दिवसीय मैच होता था। यह गुलाबी गेंद का मैच 29 और 30 नवंबर को कैनबरा के मनुका ओवल में पहले और दूसरे टेस्ट के बीच खेला जाएगा। इसके तीन दिन बाद, इंग्लैंड 4 दिसंबर से गाबा में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से दिन-रात्रि टेस्ट खेलेगा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि 'मैं प्रधानमंत्री एकादश टीम को अंतिम रूप देने के लिए चयनकर्ताओं के साथ बैठक करने को उत्सुक हूं, जिसमें मजबूत इंग्लिश टीम का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलिया भर से सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध प्रतिभाएं शामिल होंगी। यह दौरा करने वाली टीम का दूसरा अभ्यास मैच होगा, जबकि पहला अभ्यास मैच पर्थ में शुरुआती टेस्ट से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ एक अंतर-टीम मुकाबला था।

# ऑस्ट्रेलिया का कैरेबियाई दौरे का शानदार समापन

● **ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज में 3-0 और टी-20 में 5-0 से क्लीन स्वीप किया**




**सेंट किट्स, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आज भारतीय समयानुसार पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में वेस्टइंडीज पर 3 विकेट से रोमांचक जीत के साथ सभी प्रारूपों में 8-0 से क्लीन स्वीप करते हुए अपने कैरेबियाई दौरे का शानदार समापन किया।

इस परिणाम के साथ, मेहमान टीम ने टेस्ट सीरीज में मेजबान टीम को 3-0 से और टी20 सीरीज में 5-0 से करारी शिकस्त देकर 8-0 की व्यापक जीत सुनिश्चित की। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने खराब शुरुआत से उबरते हुए तीन ओवर शेष रहते 173/7 का स्कोर बनाया। मिशेल ओवेन (37), टिम डेविड और कैमरन ग्रीन जैसे मध्यक्रम के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत यह उपलब्धि हासिल की। पूरी टी20 सीरीज में अपने लगातार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए, ग्रीन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इससे पहले, शिमरोन हेटमायर की 30 गेंदों में 52 रनों की तेज पारी के बावजूद, विंडीज़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19-4 ओवर में 170 रन पर आउट हो गई। वापसी कर रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने 41 रन देकर 3 विकेट लेकर प्रभावित किया, दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को जल्दी आउट किया और अहम मौकों पर साझेदारियां तोड़ीं। शेरफेन रदरफोर्ड ने 35 रनों की तेज पारी खेलकर शुरुआती गति प्रदान की, लेकिन ग्लेन की गेंद पर बोल्ड हो गए। हेटमायर के पलटवार, जिसमें 17वें ओवर में ड्वारशुइस पर किया गया हमला भी शामिल था, ने विंडीज की उम्मीदें कुछ समय के लिए जगाईं, लेकिन फिफ्टी के तुरंत बाद उनके आउट होने से टीम का अंतिम तीन ओवरों में पतन हो गया और मेजबान टीम अंतिम तीन ओवरों में केवल 14 रन ही बना सकी।

# फिनलैंड में महेश तांबे का टी-20 में विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिनलैंड के महेश तांबे ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम बाल में 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। ताबें ने एस्टोनिया के खिलाफ मैच में 8 गेंदों में 5 बैटर्स को पवेलियन भेजा। इससे पहले यह रिकॉर्ड बहरीन के जुनैद अजीज के नाम था, जिन्होंने 2022 में जर्मनी के खिलाफ केवल 10 गेंदों में 5 विकेट लिए थे।

तांबे ने यह उपलब्धि रविवार को फिनलैंड और एस्टोनिया के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में हासिल की। इस मैच में फिनलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए एस्टोनिया को 19.4 ओवर में 141 रनों पर समेट दिया। एक समय एस्टोनिया ने 2 विकेट पर 104 रन बना लिए थे



● **आठ बॉल में पांच विकेट लिए, 2022 में बहरीन के जुनैद ने 10 गेंद में किया था कारनामा**

और बड़ा स्कोर बनता दिख रहा था, लेकिन महेश तांबे ने शानदार गेंदबाजी से उनकी पारी को तहस-नहस कर दिया। तांबे ने स्टेफन गूच, साहिल चौहान, मुहम्मद उस्मान, रुपम बरुआ और प्रणय गीवाला के विकेट चटकाए। तांबे ने इन पांच बल्लेबाजों को मात्र 1.2 ओवर (8 गेंदों) में आउट किया। उन्होंने 2 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए। फिनलैंड ने 5 विकेट से जीता मैच फिनलैंड ने 142 रनों का लक्ष्य 18.1 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया और यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। फिनलैंड की ओर से अरविंद मोहन ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। उन्होंने 60 गेंदों की नाबाद पारी में फराज मेहती अब्बास (19) और जार्डन (18) के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ फिनलैंड ने टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

# बुमराह अंतिम टेस्ट में नहीं खेल सकते हैं तो कुलदीप को मौका देना चाहिए: मांजरेकर



**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरे. कर का मानना है कि प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 31 जुलाई से शुरू होने वाला सीरीज का अंतिम टेस्ट अगर नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में बुमराह की जगह कुलदीप यादव को मौका मिलना चाहिए क्योंकि बुमराह की अनुपस्थिति में भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत होगी जो 20 विकेट ले सके। ईएसपीएन क्रिकइंफो मैच डे हिंदी पर मांजरेकर ने कहा कि

**भारत को एक ऐसे गेंदबाजी आक्रमण की जरुरत है जो 20 विकेट ले सके**

भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत है जो 20 विकेट ले सके।

अगर बुमराह नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में कुलदीप यादव को नहीं खेलाना मेरे विचार में ज्यादती होगी। जहां तक बल्लेबाजी की बात है तो इस पहलू पर भारत को चिता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि (रवींद्र) जडेजा भी इस समय लय में हैं। मांजरेकर ने यह भी कहा कि इस सीरीज में रणनीति अब तक भारत के काम नहीं आई है और यह जरूरी है कि टीम के सीनियर खिलाड़ी मिलकर भारतीय टीम की रणनीति पर नए सिरे से विचार करें। मांजरेकर ने कहा कि मुझे एक ही डर लग रहा है चूंकि भारत भले मैनचेस्टर में जीता नहीं लेकिन परिणाम ड्रा के रूप में भारत के पक्ष में आया इसलिए यह लगेगा कि भारत जीता नहीं लेकिन उनकी रणनीति इतनी भी बुरी नहीं थी क्योंकि यह मैच हम नहीं हारे। लेकिन मैं समझता हूं भारत जिस तरह से इंग्लैंड के खिलाफ खेल रहा है और इस स्तर तक पहुंचा है वो तब है जब रणनीति भारत के काम नहीं आई है। रणनीति ने भारत के लिए काम और मुश्किल किया है।

# ब्रॉड ने 'हैंडशेक ड्रामा' पर कहा टेस्ट शतक बनाना मुश्किल

● **जडेजा और सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स के प्रस्ताव को ठुकरा दिया**



**लंदन, वार्ता।** चौथे भारत-इंग्लैंड टेस्ट की आखिरी शाम ओल्ड ट्रैफर्ड में तनाव का एक अनोखा दौर देखने को मिला, जब भारतीय बल्लेबाज रवींद्र जडेजा और वाशिगटन सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के मैच ड्रॉ कराने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया और इसके बजाय व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने का फैसला किया।

इस पल ने इंग्लैंड के खेमे में निराशा पैदा कर दी, लेकिन पूर्व तेज गेंदबाज़ स्टुअर्ट ब्रॉड ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि टेस्ट शतक बनाना बहुत मुश्किल है। भारत के चार विकेट पर 430 रन और मैच के ड्रॉ की ओर बढ़ने के साथ, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने आखिरी घंटे की शुरुआत में पारंपरिक हैंडशेक का संकेत दिया। मैदान पर 143 ओवर खेल चुके इंग्लैंड ने मैच का अंत करने की कोशिश की। हालांकि, जडेजा और सुंदर ने नियमों के दायरे में रहते हुए, अपने शतक पूरे करने की को. शिश में बल्लेबाजी जारी रखने का फैसला किया। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट का एक अनोखा दौर शुरू हुआ। नतीजे की सारी उम्मीदें खत्म हो जाने के बाद, पार्ट-टाइमर हैरी ब्रूक को ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए बुलाया गया-हालांकि वह एक मध्यम गति का गेंदबाज है। गेंदबाजी में तीव्रता की कमी थी, और इंग्लैंड के खिलाड़ियों द्वारा जल्दबाजी में गेंदबाजी करने की कोशिश के कारण मैदान पर भीड़ जमा हो गई। 'निराशा ज़रूर थी,' ब्रॉड ने मैच के बाद कमेंट्री के दौरान कहा। लेकिन सुंदर अपने पहले शतक के कगार पर थे, जडेजा भी करीब थे। वे चार घंटे से मैदान पर कड़ी मेहनत कर रहे थे। आप उन्हें दोष नहीं दे सकते। टेस्ट शतक बनाना बहुत मुश्किल है।

जब ब्रूक बेतरतीब ऑफ-स्पिन फेंक रहे थे, तो भारत ने सावधानी से सिगल रन लेने की कोशिश की, जिसमें जडेजा ने छक्का भी जड़ा। एक से ज्यादा मौकों पर, इंग्लैंड के खिलाड़ियों, जिनमें ब्रूक भी शामिल थे, ने हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें मना कर दिया गया। ब्रॉड ने दोनों टीमों की स्थिति के प्रति सहानुभूति जताई। अगर मैं फील्डिंग कर रहा होता, तो ड्रेसिग रूम के पास अपने जूते उतारकर मैदान पर जाने के लिए तैयार होता। लेकिन मैं भारत को भी दोष नहीं दे सकता। वह चार घंटे गंभीर दृढ़ संकल्प के थे। मैच के बाद सुंदर की भावनाओं ने दिल को छू लिया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 30 जुलाई 2025

# पीएम का जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में विपक्ष के तमाम सवालों के जवाब दिए। पीएम ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जो विपक्ष भ्रम फैला रहा है कि किसी के दबाव में पाकिस्तान से युद्ध को रोका गया, वह पूरी तरह गलत है। भारत ने किसी के दबाव में आकर कोई फैसला नहीं लिया। जाहिर है, जब वह ऐसा कह रहे थे उनके कहने का मतलब यही था कि यदि कोई युद्ध रोकने का श्रेय लेना चाह रहा है, तो यह सही नहीं है। पीएम मोदी ने विपक्ष को यह भी बताया कि यह मानकर चलना कि भारत के साथ उस युद्ध में कोई नहीं था यह भी एक गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि 193 देशों में से मात्र एक-दो देश ही पाक के साथ खड़े थे, जबकि विश्व के अन्य देशों का व्यापक समर्थन भारत के साथ था।

उन्होंने कांग्रेस पर यह कहकर कटाक्ष किया कि कांग्रेस बराबर सरकार विरोधी व सेना विरोधी काम करती रही है। पीएम मोदी के अनुसार भारत ने अपने तमाम लक्ष्य हासिल किए और पाकिस्तान को घुटनों पर लाया गया। पाकिस्तान की पेशकश पर ही युद्ध को रोका गया था। उनसे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी जोरदार हमला यह कहकर सरकार पर बोला था कि सरकार के पास दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव है और उसने सेना के हाथ बांध रखे हैं। उन्होंने कहा था कि जब पाक पर हमला करने से पहले ही हमारे विदेश मंत्री ही उनके सूचित करेंगे और बताएंगे कि भारत केवल हमला चुनिंदा ठिकानों पर करेगा, उनमें पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान शामिल नहीं होंगे। उससे संकेत क्या मिलता है यही कि सरकार के पास इच्छाशक्ति नहीं है। राज्यसभा में ही जोरदार चर्चा देखने में आई वहां नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोरदार ढंग से अपनी बात को रखा और कहा कि सरकार ने अपने व्यापारिक मित्रों के हितों को ध्यान में रखकर सीज फायर पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि व्यापार ही वही कारण था जिसकी धमकी देकर उन्होंने भारत को मजबूर किया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर ट्रम्प की इसमें कोई भूमिका नहीं थी, तो फिर युद्ध विराम की घोषणा ट्रम्प की तरफ से पहले कैसे आई।

पहलगाम आतंकी घटना को लेकर चूक का मामला भी सामने आया और सपा के अखिलेश यादव ने खुलकर कहा कि यह सुरक्षा चूक है और इसमें गृहमंत्री को अपनी जिम्मेदारी से नहीं भागना चाहिए। यह भी इत्तेफाक ही रहा कि एक दिन पहले ही तीन आतंकवादी जम्मू कश्मीर में हुई एक मुठभेड़ में मारे गए, उनके बारे में गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि यह तीनों आतंकी ही पहलगाम की घटना में शामिल थे और ये सभी लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर थे। इस पर भी विपक्ष ने इस मुठभेड़ की टाइमिंग पर सवाल उठाए। कुल मिलाकर ऑपरेशन सिंदूर पर सत्ता पक्ष व विपक्ष की तरफ से जोरदार बहस देखने में आई, जिसकी जनता बहुत दिनों से प्रतीक्षा कर रही थी। बहस किसके पक्ष व विपक्ष में रही यह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है लोकतंत्र में यह महत्वपूर्ण है कि सभी पक्ष अपने विचारों को खुले मंच से मजबूती के साथ रखें।

## सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए



पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमले में, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षड्यंत्र किया गया था, युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई, लोकसभा के प्रत्येक सदस्य ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है, ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था, विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे, सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है, सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए, जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिबद्धता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे। **-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी

## भारत की कूटनीति की परीक्षा

वाहिद नसीम



भारत आज एक ऐसे कूटनीतिक जाल में फंस चुका है, जहां हर कदम आर्थिक और रणनीतिक बर्बादी की ओर ले जाता है। एक तरफ नाटो देशों (अमेरिका, यूरोप) का विशाल बाजार और हथियारों की चमक, दूसरी तरफ रूस और चीन की उभरती धुरी दुनिया दो खेमों में बंट चुकी है। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता अब एक खोखला नारा बनकर रह गया है, और इसका सबसे बड़ा सबूत है हमारी विदेश नीति की कमजोरी, जो हमें इन महाशक्तियों के बीच लटका रही है।

इस जाल में तेल और तेल उत्पादों का निर्यात, जिसमें मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज की भारी हिस्सेदारी है, भारत की आर्थिक रीढ़ का अहम हिस्सा है।

### निर्यात का संकट: तेल और अंबानी का दबदबा

2023-24 में भारत का कुल निर्यात 447 बिलियन डॉलर था। इसमें पेट्रोलियम उत्पादों की हिस्सेदारी 17.5 प्रतिशत (लगभग 67.6 बिलियन डॉलर) थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज, जिसका नेतृत्व मुकेश अंबानी करते हैं, भारत के पेट्रोलियम निर्यात का 50-60 प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित करती है, यानी लगभग 33.8-40.6 बिलियन डॉलर। इसका मतलब है कि भारत के कुल निर्यात में रिलायंस की हिस्सेदारी 7.6 -10 प्रतिशत तक है।

### फार्मास्यूटिकल उत्पाद

ये उत्पाद भी महत्वपूर्ण हैं, जो कुल निर्यात का 6.8 प्रतिशत (30.5 बिलियन डॉलर) है। नाटो देश (अमेरिका, यूरोप, यूके) भारत के कुल निर्यात का 35-38 प्रतिशत (156-170 बिलियन डॉलर) हिस्सा लेते हैं। यदि भारत नाटो को छोड़कर रूस-चीन के साथ जाता है, तो 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर) का नुकसान होगा। इसमें पेट्रोलियम निर्यात का 20-30 प्रतिशत (13.5-20.3 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस का बड़ा हिस्सा) और फार्मा का 50-55 प्रतिशत (15.25-16.78 बिलियन डॉलर) प्रभावित होगा।

रूस और चीन इस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकते। चीन को निर्यात मात्र 3.6 प्रतिशत (16 बिलियन डॉलर) और रूस को 1 प्रतिशत (4-5 बिलियन डॉलर) है। रिलायंस, जो भारत के रूसी कच्चे तेल आयात का 25 प्रतिशत (2024-25 में 17 बिलियन डॉलर) संभालती है, यूरोप को रिफाइंड ईंधन निर्यात में अग्रणी है।



लेकिन रूस-चीन खेमा न तो बाजार दे सकता है, न ही भारत की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सकता। फार्मा उद्योग में 60-70 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, लेकिन नाटो के साथ टकराव से विशेष रसायनों का आयात रुक सकता है, जिससे उत्पादन ठप हो सकता है।

### रक्षा क्षेत्र: रूस के बिना लाचार

रक्षा के मोर्चे पर भारत की हालत और भी नाजुक है। भारत के 85 प्रतिशत हथियार रूस से आते हैं सुखोई मिसाइल सिस्टम। यह हथियार चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से मुकाबले की रीढ़ हैं। रूस को छोड़ने पर 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी हो सकती है। अमेरिका, फ्रांस और इजराइल से इनकी जगह लेने में 10-15 साल लगेंगे। राफेल (36 विमान) और अपाचे जैसे हथियार रूसी हथियारों का विकल्प नहीं बन सकते और उनकी लागत आसमान छूती है। स्वदेशी परियोजनाएं तेजस, AMCA अभी कच्ची हैं, और रूस की जगह लेने में दशकों लगेंगे।

मुकेश अंबानी की रिलायंस न केवल तेल निर्यात में दबदबा रखती है, बल्कि भारत के रूसी तेल आयात में भी अहम भूमिका निभाती है। 2024-25 में भारत का रूस से तेल आयात 68 बिलियन डॉलर था, जिसमें रिलायंस की हिस्सेदारी 45-50 प्रतिशत थी। यह ताकत भारत की कूटनीति को और जटिल बनाती है। नाटो के साथ टकराव से रिलायंस के निर्यात बाजार (विशेष रूप से यूरोप) को नुकसान होगा, और रूस-चीन के साथ जाना भी कोई स्थाई हल नहीं, क्योंकि चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी है और रूस की अर्थव्यवस्था सीमित।

भारत की सबके साथ, किसी के खिलाफ नहीं वाली नीति अब उसका गला घोंट रही है। दुनिया दो लकीरों में बंट चुकी है और भारत की तटस्थता इसे कहीं का नहीं छोड़ रही। नाटो के साथ रहने का मतलब रूस से दूरी, और रूस-चीन के साथ जाने का मतलब आर्थिक और सैन्य नुकसान।

**क्या है रास्ता?**

भारत को अब चालाकी छोड़कर ठोस रणनीति चाहिए। रूस के साथ रक्षा सौदों को बनाए रखते हुए नाटो के साथ व्यापार संतुलित करना होगा। रिलायंस जैसे निजी खिलाड़ियों को वैकल्पिक बाजार तलाशने होंगे। स्वदेशी रक्षा और फार्मा उत्पादन PLI योजना, बल्क ड्रग पार्क में तेजी लानी होगी, लेकिन यह सब समय मांगता है, और समय भारत के पास कम है।

भारत की विदेश नीति एक तंग गली में फंस चुकी है। नाटो को छोड़ने से 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस की 7.6-10 प्रतिशत हिस्सेदारी) और 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी होगी। रूस-चीन के साथ जाना भी कोई हल नहीं, क्योंकि उनका बाजार और ताकत सीमित है। रिलायंस की तेल निर्यात में 50-60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की ताकत है, लेकिन यह ताकत कूटनीतिक कमजोरी के सामने बेकार साबित हो रही है। भारत को अब रणनीतिक स्वायत्तता को नारा नहीं, हकीकत बनाना होगा, वरना यह जंजाल हमें आर्थिक और सैन्य रूप से लाचार कर देगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विदेश नीति पर बहुत बारीक अध्ययन रखते हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जलवायु परिवर्तन से आल्पस क्षेत्र में भूकंप का खतरा

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है।

हम अक्सर सुनते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, बाढ़, जंगलों में आग और समुद्र स्तर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब इसका एक और चौंकाने वाला असर पता चला है-आल्प्स पर्वतों में ग्लेशियरों के पिघलने से भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। ऐसी घटना फ्रांस के मॉन्ट ब्लांक इलाके के एक ऊंचे बर्फ से ढंके पर्वत ग्रांड जोरासेस में घटी है। 2015 में जब इस क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ी तो भारी मात्रा में बर्फ पिघली।

इसके तुरंत बाद पहाड़ के नीचे छोटे-छोटे भूकंप महसूस किए गए। कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे छोटे-छोटे भूकंप कभी-कभी बड़े भूकंप की चेतावनी भी होते हैं, लेकिन बर्फ के पिघलने से भूकंप कैसे आ सकते हैं? जब ग्लेशियर पिघलते हैं तो पानी चट्टानों की दरारों से गहराई तक चला जाता है। वहां यह पानी चट्टानों पर दबाव बनाता है और जमीन के अंदर जो फॉल्ट लाइनें होती हैं, उनकी पकड़ कमजोर कर देता है। इन फॉल्ट लाइनों के फिसलने से ऊर्जा निकलती है जो भूकंप का कारण बनती है। ऐसा नहीं है कि यह प्रक्रिया सिर्फ आल्प्स में होती है। वैज्ञानिकों ने ताइवान जैसे इलाकों में भी देखा है कि बारिश के हिसाब से भूकंप की संख्या बदलती है। इसी तरह, जहां फ्रैंकिंग (तेल और गैस निकालने की प्रक्रिया) या जियोथर्मल ऊर्जा के लिए जमीन के भीतर दबाव के साथ पानी डाला जाता है, वहां भी छोटे भूकंप आ सकते हैं। ETH ज्यूरिख के वैज्ञानिकों द्वारा मॉन्ट ब्लांक इलाके में छोटे भूकंप को मापने वाले यंत्रों की मदद से 2006 से अब तक दर्ज 12,000 से ज्यादा छोटे-छोटे भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि 2015 की गर्मी के बाद इन भूकंपों की संख्या बढ़ी थी। यही पैटर्न अगले साल की ग्रीष्म लहरों के बाद भी दिखे। दिलचस्प बात यह है कि सतह के पास वाले छोटे भूकंप गर्मी के लगभग एक साल बाद बढ़े, जबकि गहराई (लगभग 7 कि.मी) में आने वाले भूकंप दो साल बाद बढ़े। इसका कारण यह हो सकता है कि पानी को गहराई तक पहुंचने में समय लगता है। भूकंप सम्बंधी ऐसे अनुभव पहले भी हुए हैं।

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है। अभी तक तो आल्प्स में आए इन भूकंपों से मॉन्ट ब्लांक सुरंग या आस-पास के शहरों को कोई खतरा नहीं है। इस क्षेत्र की इमारतें रिक्टर पैमाने पर 6 स्तर के भूकंप



झेलने लायक बनाई गई हैं, लेकिन स्थिति हिमालय जैसे इलाकों में ज्यादा गंभीर हो सकती है, जहां ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और जहां बड़े और खतरनाक भूकंप आने की आशंका भी ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन बढ़ता जा रहा है और यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती पहले से ही एक नाजुक हालत में हैय ग्लेशियर पिघलने जैसे छोटे बदलाव भी इसे और अस्थिर कर सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# वायु प्रदूषण से स्मृति लोप का बढ़ता खतरा

ललित गर्ग



पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिए न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है।

हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। यह निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहां वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5।74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड़ हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी 25 वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है।

वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएं और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। यह सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुंच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिससे अंततः न्यूरॉन्स को नुकसान पहुंचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त, एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमजोर करती है।

अध्ययनों से पता चला है कि उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे स्वच्छ वातावरण में रहने वालों की तुलना में स्कूल की परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले वयस्क अक्सर चिड़चिड़ापन, थकान और यहां तक कि अवसाद का अनुभव करते हैं। उनकी उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।

प्रदूषण से प्रेरित स्मृति हानि का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है, यह शैक्षिक परिणामों, कार्यस्थल की दक्षता और सामाजिक निर्णय लेने को भी प्रभावित करता है। आंकड़े दर्शाते हैं कि उच्च-पीएम क्षेत्रों में लोग मौखिक प्रवाह, तर्क, सीखने और स्मृति परीक्षणों में कम अंक प्राप्त करते हैं, जो शिक्षा का एक पूरा वर्ष गंवाने के समान है।

एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि कैसे किराने की खरीदारी जैसे नियमित कार्यों में संज्ञानात्मक विकर्षण प्रदूषण के संपर्क में आने से बढ़ जाता है। वृद्ध और कम शिक्षित व्यक्ति विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं, अक्सर रोजमर्रा के कार्य करने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। बढ़ते खतरे के बावजूद, चिकित्सा विज्ञान वर्तमान में मनोभ्रंश का कोई निश्चित इलाज नहीं देता है। मौजूदा उपचार सीमित और अक्सर अप्रभावी होते हैं, जिससे मरीज धीरे-धीरे अपनी याददाश्त और स्वतंत्रता खो देते हैं। अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टियन ब्रेडल इस बात पर जोर देते हैं कि मनोभ्रंश की रोकथाम केवल स्वास्थ्य सेवा की जिम्मेदारी नहीं है।

शहरी नियोजन, परिवहन नीतियां और पर्यावरणीय नियम, सभी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वायु प्रदूषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामूहिक सोच, जीवनशैली विकल्पों और पर्यावरणीय निर्णयों को भी विकृत करता है। बड़े पैमाने पर, यह शैक्षिक उपलब्धि में कमी, उत्पादकता में कमी, स्वास्थ्य सेवा के बढ़ते बोझ और गहरी होती आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। वाशिंगटन में 12 लाख लोगों पर किए गए एक अलग अध्ययन से पता चला है कि जंगल की आग के धुएं के संपर्क में आने से, जो पीएम 2।5 के स्तर को बढ़ाता है, मनोभ्रंश का खतरा 18-21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक और व्यापक समीक्षा (51 अध्ययनों में 2.9 करोड़ लोगों पर) ने पुष्टि की कि पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मनोभ्रंश का खतरा 13-17 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। विज्ञान स्पष्ट है कि यह सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र और मस्तिष्क में गहराई तक प्रवेश करते हैं, मस्तिष्क के कार्य को बाधित करते हैं और मानसिक गिरावट को तेज करते हैं। हाल ही में चीन में हुए एक शोध में भी पीएम और नाइट्रोजन ऑक्साइड के संपर्क को मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक क्षमता में कमी, विशेष रूप से कार्यशील स्मृति में कमी से जोड़ा गया है। यह एक बढ़ता हुआ संकट है जिसके प्रभाव न केवल व्यक्तियों पर बल्कि पूरे समाज पर पड़ रहे हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि वायु प्रदूषण अब केवल खांसी या सांस की बीमारी तक सीमित नहीं है, यह चुपचाप हमारी स्मृति, संज्ञानात्मक कार्यों और मानसिक स्वास्थ्य पर हमला कर रहा है। लोग मानसिक थकान, अवसाद या चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। सामूहिक स्तर पर, शिक्षा और उत्पादकता में गिरावट, स्वास्थ्य पर बढ़ता बोझ और आर्थिक असमानता बढ़ती है।

अगर तत्काल और निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और बिगड़ेगी। वायु प्रदूषण शरीर में हानिकारक रासायनिक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है जो कोशिकाओं, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे मनोभ्रंश जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियों का मार्ग प्रशस्त होता है। उत्साहजनक रूप से, शोध बताता है कि वायु प्रदूषण को कम करने से स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और जलवायु क्षेत्रों में दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं। इससे मरीजों, परिवारों और देखभाल करने वालों पर बोझ भी कम होगा। अब हमें खुद से यह सवाल पूछना होगा कि हम न केवल अपने फेफड़ों, बल्कि अपने दिमाग की भी रक्षा के लिए कितनी दूर तक जाने को तैयार हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन

## गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप, अब तक सात देशों ने कट्टर मंत्रियों पर लगाया प्रतिबंध

**वेल्डकैंप ने कहा: इन मंत्रियों ने दिया फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा**



**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड ने इजरायल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच और सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्विर के देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। टाइम्स आफ इजरायल के मुताबिक इन पर गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने के आरोप हैं।

नीदरलैंड से पहले 6 देश इन दोनों नेताओं के अपने देश में आने पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। एमपी विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने सोमवार को कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि इन मंत्रियों ने बार-बार फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दिया है, अवैध यहूदी बस्तियों के विस्तार की वकालत की है और गाजा में जातीय सफाए की बात कही है। वेल्डकैंप ने यह भी कहा कि नीदरलैंड में इजरायली राजदूत को तलब किया जाएगा और उनसे अपील की जाएगी कि वे नेतन्याहू सरकार से अपना रवैया बदलने को कहें। उन्होंने मौजूदा हालात को बुरा बताते हुए कहा कि नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार है। अक्टूबर 2023 में इजरायली सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से अब तक 147 लोग भुखमरी से मारे जा चुके हैं। नीदरलैंड के इस फैसले पर इजरायली मंत्री इतमार बेन ग्विर ने नाराजगी जताई। उन्होंने मंगलवार को कहा कि चाहे उन्हें पूरे यूरोप में घुसने से रोक दिया जाए, वे इजरायल के लिए काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने हमास को खत्म करने और इजरायली सैनिकों का समर्थन करने की मांग की। उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वहां हमेशा पीड़ितों को ही दोषी ठहराया जाता है। बेन-ग्वीर ने कहा कि यूरोप एक ऐसी जग वेल्डकैंपह है जहां आतंकवाद को बर्दाश्त किया जाता है और आतंकवादियों का स्वागत होता है। वहां आतंकवादी आजाद घूम रहे हैं और यहूदियों का बहिष्कार किया जा रहा है। बेन-ग्वीर पहले इजरायल में नस्लवाद भड़काने और एक आतंकवादी संगठन का समर्थन करने के मामले में दोषी ठहराए जा चुके हैं। हालांकि अब वह इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री हैं और स्मोट्रिच वित्त मंत्री हैं। गौरतलब है कि इजरायली मंत्रियों बेन ग्विर और स्मोत्रिच की एंट्री पर बैन लगाने वाला नीदरलैंड एकलौता देश नहीं है। इससे पहले 9 जून को आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, नार्वे और ब्रिटेन ने भी एकसाथ उन पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि अमेरिका ने इस पर नाराजगी जाहिर की थी और इसे गैरजरूरी बताया था। इन पांचों देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा था कि इन मंत्रियों ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा भड़काई है। इसलिए उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी और उन पर इन देशों में यात्रा करने पर रोक लगाई जाएगी। इसके बाद 17 जुलाई को स्लोवेनिया ने इन दोनों मंत्रियों पर बैन लगा दिया था।

**नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार**

## लंदन में छुरा घोंपने की घटना में दो की मौत

**लंदन।** मध्य लंदन में टावर ब्रिज के पास छुरे से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि कंट्रोल रूम को लंदन के साउथवार्क बरो में ब्रिज के पास एक सड़क पर कई हमलों की सूचना मिली थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि 28 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे अधिकारियों को सूचना मिली कि लॉन्ग लेन स्थित एक व्यावसायिक इकाई में कई लोगों पर हमला किया गया है। पुलिस और एम्बुलेंस सेवा घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल चार लोगों का इलाज किया।



मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर बायकुला चिड़ियाघर में रॉयल बंगाल टाइगर 'शक्ति' को देखते लोग।

## अमेरिका में भी ड्रीमलाइनर से मिला मेडे कॉल

**आसमान में बोइंग-787 के इंजन में खराबी आई, अहमदाबाद में इसी मॉडल का विमान हुआ था क्रैश**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान 'बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर' के लेफ्ट इंजन में उड़ान के दौरान खराबी आ गई। हादसे के वक्त प्लेन 5000 फीट की ऊंचाई पर था, जिसके बाद पायलटों ने 'मेडे काल' (इमरजेंसी का मैसेज) भेजा। यह हादसा 25 जुलाई को हुआ था, जिसकी खबर अब सामने आई है।

पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) के साथ मिलकर हालात को संभाला। फ्लाइटअवेयर के मुताबिक, प्लेन 2 घंटे 38 मिनट तक हवा में रहा। इसने राजधानी वाशिंगटन के उत्तर-पश्चिम में चक्कर लगाते हुए ईंधन खाली किया, ताकि लैंडिंग के लिए वजन कम हो सके। 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया का जो प्लेन क्रैश हुआ था, वह बोइंग कंपनी '787-8 ड्रीमलाइनर' का ही था। तब यह विमानश टेकआफ के दो मिनट बाद ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। बोइंग दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर कंपनी है। फ्रांस की एयरबस कंपनी पिछले महीने ही सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर बनी है। यूनाइटेड एयरला. इंस के पायलटों ने 5000 फीट की ऊंचाई पर ही ईंधन खाली करने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद एटीसी ने उन्हें दूसरी उड़ानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए गाइड किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका गाजा में खाद्य केंद्र खोलेगा: ट्रम्प

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा पट्टी में जारी मानवीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अमेरिका फलस्तीनियों की मदद के लिए वहां 'खाद्य केंद्र' खोलेगा। ट्रम्प ने कल स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा कि गाजा में जारी मानवीय संकट इस बैठक का एक मुख्य कारण है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं ने गाजा में भयावह स्थिति को स्वीकार किया।

### म्यांमार में बाढ़ आने पर 2200 से अधिक लोगों को बचाया

**यांगून।** पूर्वी म्यांमार में शान प्रांत के चार शहरों में बाढ़ में घिरे 461 घरों के कुल 2267 लोगों को बचाया गया है। म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग के मुता. बिक सोमवार तड़के हुई भारी बारिश के कारण पहाड़ों से आए पानी के तेज बहाव के कारण बाढ़ आने से यात्सौक, औंगबन, कलाव और पिडया कस्बे प्रभावित हुए हैं। पिडया कस्बे में मंगलवार सुबह बाढ़ से छह लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बचाव टीमों ने बचाए गए लोगों को मठों और खेल के मैदानों में स्थानांतरित किया है ।

## ग्रैंड मुफ्ती बोले: निमिषा की मौत की सजा रद्द

**नई दिल्ली।** यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा पर संशय गहरा गया है। एक तरफ भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबू. बकर मुसलियार के आफिस ने दावा किया है कि निमिषा प्रिया की पहले स्थगित की गई मौत की सजा को अब रद्द कर दिया गया है।

वहीं, दूसरी तरफ विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने निमिषा की सजा रद्द होने की जानकारियों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि ये जानकारियां मौजूदा स्थिति को सही ढंग से नहीं दर्शातीं। निमिषा प्रिया यमन में एक हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रही हैं। उसे जून 2018 में एक यमनी नागरिक की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। इस मामले में उसे 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी थी। हालांकि, इससे पहले ही 15 जुलाई को निमिषा की सजा अस्थाई रूप से टाल दी गई थी। भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज ने 15 जुलाई को इस मसले पर बातचीत की थी। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक का भाई भी शामिल था। यमन के शेख हबीब को बात. चीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया था। यह भी पहली बार था कि जब मृतक के परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ हो। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हुई थी। यह मृतक के परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले माफ करने का कानूनी अधिकार देता है।



**विदेश मंत्रालय ने नकारा, भारतीय नर्स को यमन नागरिक की हत्या मामले में गोली मारी जानी है, मौत की सजा पर संशय गहराया**

## ब्रिटिश सेना में भी जल्द होगी सिख रेजिमेंट

### ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बोले: हम इसके गठन पर विचार कर रहे, गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर बनेगी

**लंदन।** ब्रिटेन में एक खास सिख रेजिमेंट बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की सरकार ने कहा है कि वह इस प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री वर्नोन राडनी कोकर ने सोमवार को कहा कि वे इस मामले में लेबर पार्टी के सिख सांसद कुलदीप सिंह सहोता के साथ चर्चा करेंगे।

सहोता ने 7 जुलाई को संसद में इसे लेकर सवाल पूछा था। उन्होंने दोनों विश्व युद्धों में सिख सैनिकों के योगदान और वीरता को याद करते हुए सवाल पूछा कि सिखो की एक अलग रेजीमेंट की पुरानी मांग पर अब तक क्या प्रगति हुई है। इसके जवाब में रक्षा मंत्री कोकर ने कहा कि वे इस विषय पर सहोता से मिलना चाहेंगे और जानना चाहेंगे कि सिखों और अन्य धर्मों के सैनिकों के योगदान को पहचान देने के लिए और क्या किया जा सकता है। सिख रेजिमेंट की स्थापना ब्रिटिश सेना में नेपाल के गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर हो सकती है। रक्षा मंत्री कोकर ने कहा: 'मैं लार्ड सहोता से मिलने को तैयार हूं।' कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही।

**कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान-डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही**

यूके डिफेंस जर्नल ने उनके हवाले से कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण में दुनिया भर के सिखों का भी योगदान था, जिन्होंने वीरतापूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में ब्रिटिश सेना में 130 सिख सैनिक थे और अन्य 70 रक्षा बलों में सेवारत थे। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में ब्रिटिश सेना में सिख सैनिकों की संख्या बढ़कर लगभग 160 हो गई। यानी ब्रिटिश सेना में सिखों की मौजूदगी धीरे-धीरे बढ़ रही है, लेकिन अब भी यह बहुत कम है। ब्रिटिश सेना में सिख रेजिमेंट की मांग कोई नई बात नहीं है।

2015 में, तत्कालीन रक्षा मंत्री मार्क फ्रांस्वा ने हाउस आफ कामन्स में बताया था कि सेना प्रमुख जनरल निकोलस कार्टर एक सिख यूनिट लाने पर विचार कर रहे हैं। पूर्व रक्षा मंत्री सर निकोलस सोम्स ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा था कि राजनीतिक औपचारिकता को छोड़कर सिख रेजिमेंट की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने सिख समुदाय की पीढ़ियों से चली आ रही वीरता और विशिष्ट सेवा की प्रशंसा की थी।

## बेटों को पाकिस्तान नहीं आने देंगे इमरान खान

### पांच अगस्त को पीटीआई के प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे सुलेमान खान और कासिम खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने बेटों को पाकिस्तान आने और किसी भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने से मना कर दिया है। इससे पहले इमरान की बहन, अलीमा खान ने दावा किया था कि उनके भतीजे अपने पिता की रिहाई के लिए 5 अगस्त को होने वाले प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। हालांकि, खान ने साफ किया कि उनके बेटे न तो पाकिस्तान आएंगे और न ही किसी प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे।

इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। खान के बेटे, सुल. मान खान (28) और कासिम खान (26), हाल ही में अमेरिका में थे, जहां उन्होंने अपने पिता की रिहाई के लिए अमेरिकी सां. सदों से मुलाकात की थी। इमरान की पार्टी पीटीआई 5 अगस्त से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उनकी रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी ने इसे इमरान खान को आजाद करो अभियान नाम दिया है। इमरान की बहन अलीमा खान ने भी मीडिया से कहा कि इमरान ने पीटीआई को निर्देश दिया है कि उनकी या उनकी पत्नी की सुरक्षा को खतरा होने पर मुनीर को जवाबदेह ठहराया जाए। पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गोहर अली खान ने कहा कि पार्टी का सुलेमान और कासिम से कोई संपर्क नहीं है, लेकिन उन्हें अपने पिता से मिलने का अधिकार है। इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। सुलेमान और कासिम ने एक हफ्ते पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल से मुलाकात की थी। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को षराजनीतिक उत्पीड़नष करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई थी। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा था कि कैलिफोर्निया (सुलेमान और कासिम) में आपका स्वागत है। सुलेमान और कासिम, आपको मजबूत रहना होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं था जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया हो। पहले भी उन्होंने कहा था कि ट्रम्प सरकार के दौरान, जब इमरान खान पाकिस्तान के पीएम थे, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बेहतर रिश्ते थे। इमरान खान कुछ दिन पहले कहा था कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई के मुताबिक इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविजन भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे।




## ट्रम्प ने लंदन के मुस्लिम मेयर को घिनौना इंसान बताया

**टर्नबेरी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर लंदन के मेयर सादिक खान पर हमला बोला है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ स्काटलैंड में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने खान को नैस्टी पर्सन यानी घिनौना इंसान कह दिया और उनके कामकाज की आलोचना की। एक रिपोर्टर ने ट्रम्प से पूछा कि क्या वे सितम्बर में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान लंदन आएंगे, तो उन्होंने कहा कि मैं आपके मेयर का फैन नहीं हूं। मुझे लगता है उन्होंने बहुत खराब काम किया है। उनके इस बयान पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने तुरंत कहा कि वो (सादिक खान) मेरे दोस्त हैं। हालांकि ट्रम्प अपने बयान पर अड़े रहे और दोबारा दोहराया कि उन्होंने बहुत ही खराब काम किया है।

## इजरायली हमलों में 30 फलस्तीनी मारे गए

**गाजा में अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाया**

**गाजा।** इजरायल के जंगी हवाई जहाजों ने मंगलवार को गाजा पट्टी के अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 30 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। इस शि. विर में बने अल-अवदा अस्पताल ने बताया कि मारे गए लोगों में जयादातर महिलाएं और बच्चे थे।

यह बमबारी नुसेरत इलाके के उत्तर में बने 'न्यू कैंप' क्षेत्र में की गई। यह मध्य गाजा के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। अस्पताल ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सुबह के समय एक के बाद एक हुए इन हमलों में घरों को निशाना बनाया गया। स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि बिना हमला बिना किसी पूर्व सूचना के किया गया। एक हमले में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। उस वक्त पूरा परिवार घर के अंदर ही था। एक स्थानीय फलस्तीनी मोहम्मद अल-हूर ने शिन्हुआ को बताया कि इलाके में 'एक घंटे' से जयादा समय तक लगातार गोलाबारी होती रही। इससे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि इज़रायली सेना ने नुस. रात के उत्तर-पूर्व में अल-मुगरका क्षेत्र और वादी ब्रिज के पास ज़मीनी हमले में आवासीय इलाकों के बाहरी क्षेत्रों को टैंकों और भारी तोपखाने से निशाना बनाया।

## चीन में बच्चा पैदा करने पर 1.30 लाख देगी सरकार

### देश में वन चाइल्ड पॉलिसी की वजह से 7 साल में जन्मदर आधी हुई, 21 प्रतिशत आबादी बुजुर्ग

**बीजिंग।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.30 लाख रुपये देने का फैसला किया है। सरकार ने यह कदम लगातार जन्मदर में हो रही कमी को लेकर उठाया है। चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को सालाना 3600 युआन (करीब 44,000 रुपये) देगी।

चीन की 21 प्रतिशत आबादी की उम्र 60 साल से ज्यादा है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है। दुनिया के बड़े देशों में चीन की जन्म दर सबसे कम है और यह लगातार घटती जा रही है। 2016 में चीन में 1.8 करोड़ बच्चे पैदा हुए थे। 2023 में यह 90 लाख पर आ गई। सिर्फ 7 साल में चीन में बच्चे पैदा होने की रफ्तार में 50 प्रतिशत फीसदी कमी आई। 2024 में इसमें थोड़ा इजाफा हुआ और यह 95 लाख हुई, लेकिन जनसंख्या में कुल गिरावट जारी रही क्योंकि मृत्यु दर जन्म दर से अधिक रही। जिन माता-पिता के पास तीन साल से छोटे बच्चे हैं, उन्हें सरकार हर साल नकद पैसे देगी। ये योजना 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। इसमें वो बच्चे भी शामिल हो सकेंगे जिनकी उम्र अभी तीन साल से कम है। ऐसे बच्चे जिनके पास चीनी नागरिकता है, उन्हें तीन साल का होने तक प्रति वर्ष 3,600 युआन (करीब 502 अमेरिकी डालर) दिए जाएंगे। अगर कोई बच्चा पहले पैदा हुआ है लेकिन अभी तीन साल से छोटा है, तो उसे भी उतने महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे, जितने महीने वो इस योजना के दायरे में आता है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि ये पहली बार है जब पूरे देश में एक जैसी बाल देखभाल सब्सिडी दी जा रही है। इससे लगभग दो करोड़ परिवारों को हर साल फायदा मिलने की उम्मीद है। पहले चीन के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरह की योजनाएं चलती थीं, जिनमें ज्यादातर सब्सिडी सिर्फ दूसरे या तीसरे बच्चे पर दी जाती थी। लेकिन इस नई योजना में पहले, दूसरे और तीसरे सभी बच्चों को बराबर मदद दी जाएगी।



**चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी**

## चीन में बाढ़ व भूस्खलन से 34 की मौत

**बुलडोजर पर चढ़ाकर लोगों को सुरक्षित निकाला, 80 हजार लोगों का रेस्क्यू किया**

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग और आसपास के इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ से अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकारी टीवी चैनल सीसीटीवी के मुताबिक बीजिंग के मियुन जिले में 28 और यानछिंग जिले में 2 लोगों की जान गई है।

ये दोनों इलाके शहर के बाहरी हिस्सों में स्थित हैं। बाढ़ के चलते बीजिंग से 80 हजार से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। इनमें से करीब 17 हजार मियुन जिले से हैं। लगातार बारिश की वजह से बीजि. जंग के कुछ हिस्सों में मंगलवार सुबह तक 30 सेंटीमीटर तक पानी गिरने की संभावना जताई गई थी। बीजिंग से लगे हपेई प्रांत की लुआनपिंग काउंटी में सोमवार को भूस्खलन हुआ। इसमें 4 लोगों की मौत हुई और 8 लोग लापता हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में नेटवर्क बंद है और संपर्क साधना मुश्किल हो गया है। बीजिंग में दर्जनों सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। यह तस्वीर मियुन जिले में उफनती नदी के पास एक सड़क की है। बीजिंग प्रशासन ने सोमवार रात 8 बजे टॉप लेवल इमरजेंसी रिस्पान्स जारी किया।

इसके तहत सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। निर्माण कार्य और बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगा दी गई है। चीन सरकार ने हपेई प्रांत को 50 मिलियन युआन की इमरजेंसी सहायता भेजी है। साथ ही चेंगदे, बाओडिंग और झांगजियाकौ जैसे प्रभावित शहरों में राहत कार्यों के लिए केंद्रीय टीमें रवाना की गई हैं। इससे पहले प्रशासन ने मियुन जिले के एक प्रमुख जलाशय से पानी छोड़ने का फैसला किया। यह 1959 में बना था। तब से पहली बार इसका जलस्तर सबसे ज्यादा हो गया था।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम

92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट